राष्ट्रीय दैनिक


# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




11 आईसीसी पैनल में सलीमा पहली पाकिस्तानी महिला अंपायर

नितिन गडकरी को पीएम पद का ऑफर देना गलत नहीं: संजय राउत 12



वर्ष : 15 | अंक : 157 | नई दिल्ली, मंगलवार, 17 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस की सरकारों में आतंकवाद बढ़ा: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

## वे जम्मू-कश्मीर में 370 लाना चाहते हैं, हम आतंक को पाताल में दफन कर देंगे

श्रीनगर, एजेंसी


- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के पद्दार नागसेनी में जनसभा को संबोधित किया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार (16 सितंबर) को जम्मू-कश्मीर दौरे पर हैं। उन्हें यहां तीन सभाओं को संबोधित करना है। उन्होंने अपनी पहली पाड्डर के नागसेनी में की।

उन्होंने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस का गठबंधन आतंकवाद का पोषक रहा है। घाटी में जब-जब ठउ-कांग्रेस की सरकार आई, तब-तब यहां आतंकवाद को बढ़ावा मिला है। दोनों पार्टियां कहती हैं कि उनकी सरकार आई तो अनुच्छेद 370 को फिर से लागू करेंगे। क्या अनुच्छेद 370 वापस होना चाहिए? शाह ने कहा- अनुच्छेद 370 अब इतिहास का हिस्सा बन चुका है। भारत के संविधान में अनुच्छेद 370 के लिए कोई जगह नहीं है। कश्मीर में कभी भी दो प्रधानमंत्री, दो संविधान और दो झंडे नहीं हो सकते। वहां केवल एक झंडा होगा और वह हमारा तिरंगा है। पहाड़ी और गुर्जर भाइयों को जो आरक्षण मिलता है, अनुच्छेद 370 बहाल होने पर वह नहीं मिल पाएगा, लेकिन मैं कश्मीर का माहौल देख रहा हूं। न तो फारूक अब्दुल्ला और न ही राहुल गांधी यहां सरकार बना रहे हैं। आरक्षण खत्म करना चाहती हैं NC और कांग्रेस शाह ने कहा कि एक और नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस आतंक से लैस जम्मू-कश्मीर बनाना चाहते हैं, तो दूसरी ओर मोदी जी विकसित कश्मीर बनाना चाहते हैं। धारा 370 हटने के बाद यहां की महिलाओं को जो आरक्षण मिला है। उसे नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस खत्म करना चाहते हैं। तो वहीं मोदी जी महिलाओं के साथ गुर्जर, पहाड़ी, दलित और ओबीसी को भी आरक्षण का अधिकार देना चाहते हैं। मोदी जी ने घाटी में वंशवाद को खत्म कर दिया है। पंचायतों के चुनावों ने स्थानीय और अधिक योग्य लोगों को जमीनी स्तर पर निर्णय लेने का मौका दिया।

याद कीजिए 90 के दशक को, मैं फारूक अब्दुल्ला से पूछना चाहता हूं कि आप यहां के मुख्यमंत्री थे, राजीव गांधी के साथ समझौता करके चुन कर आए। जब हमारी घाटी खून से लथपथ हो गई तो आप कहां थे? किश्तवाड़ और रामबन में भी होंगी सभाएं पाड्डर नागसेनी के बाद शाह की दूसरी जनसभा किश्तवाड़ और तीसरी जनसभा रामबन में होंगी।

> हमने विभाजन के दिन देखे, 1990 में आतंकवाद के दिन देखे, चंद्रिका शर्मा हों या परिहार बंधु हों... सभी ने कुर्बानियां दीं। मैं आज इस क्षेत्र सहित जम्मू-कश्मीर की जनता से वादा करता हूं कि हम आतंकवाद को इतना नीचे दफन करेंगे कि कभी बाहर नहीं आ पाएगा। -अमित शाह



**मौसम**
अधिकतम तापमान 30.0°C
न्यूनतम तापमान 20.0°C

**बाजार**
सोना 75,875
चांदी 93,000
सेंसेक्स 82,948
निफ्टी 25,374

## संक्षिप्त खबरें

### उप्र में गणपति विसर्जन करने गए एक व्यक्ति समेत दो किशोरों के डूबने की आशंका


रामपुर (उप्र)। उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में सोमवार को कोसी नदी में गणपति प्रतिमा विसर्जन करने गए एक व्यक्ति और दो किशोरों के डूबने की आशंका है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घटना की सूचना पाकर रामपुर के जिलाधिकारी (डीएम) जोगिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) विद्यासागर मिश्र मौके पर पहुंचे। एसपी ने कहा कि घटना उस वक्त हुई जब उत्तराखंड के काशीपुर इलाके से कुछ लोग प्रतिमा विसर्जन के लिए यहां स्वार क्षेत्र आए थे। मिश्र ने बताया कि प्रतिमा विसर्जन के बाद नागेश (22), दक्ष (17), विकास (17) व हिमांशु कोसी नदी में नहाने के लिए कूद गए, लेकिन तेज बहाव के कारण वे नदी की धार में बहते चले गए। एसपी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने हिमांशु को बचा लिया।

### संगम नगरी में गंगा-जमुना लाल निशान के करीब

प्रयागराज। पहाड़ों में हो रही बारिश का असर उत्तर प्रदेश के मैदानी भाग में दिखने लगा है। संगम नगरी प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर चेतावनी बिन्दु 83.73 मीटर को पार कर खतरे के निशान 84.73 मीटर के नजदीक पहुंच चुका है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार दोनो नदियों के जलस्तर बढ़ने की रफ्तार हालांकि धीमी है। पिछले 12 घंटों में गंगा का जलस्तर 15 सेंटीमीटर और यमुना का 12 सेंटीमीटर बढ़ा है। रविवार रात आठ बजे फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 83.92 मीटर और छतनाग में 83.14 मीटर तथा नैनी में यमुना 83.78 मीटर दर्ज किया गया था।

## पीएम मोदी ने ग्लोबल री-इन्वेस्ट मीट का किया उद्घाटन

# 'हमारे तीसरे टर्म पर लोगों का भरोसा'



गांधीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गांधीनगर में चौथे ग्लोबल री-इन्वेस्ट रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट का उद्घाटन किया। इस दौरान, उन्होंने लाभार्थियों से भी विस्तृत बातचीत की और अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा, आप सभी लोग इस बात को जानते हैं कि 60 साल बाद भारत की जनता ने किसी सरकार को तीसरी बार अपनी सेवा का मौका दिया है। यह हमारा तीसरा कार्यकाल है और हम पूरी कोशिश कर रहे हैं कि कैसे भी करके लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति की जा सके। हमारी सरकार के पास तीसरे कार्यकाल को लेकर लोगों की बहुत अपेक्षाएं हैं, जिन्हें हम किसी भी कीमत पर पूरी करके रहेंगे। देश के 140 करोड़ लोगों को पूरा भरोसा है कि पिछले सालों में जिस तरह से भारत की जनता की आकांक्षाओं को जो पंख लगे हैं, उसे नई उड़ान भरने का मौका मिलेगा।

उन्होंने आगे कहा, हमारी सरकार ने रोजगार के आयाम को बढ़ाने की दिशा में एक या दो नहीं, बल्कि 12 नए औद्योगिक शहर निर्माण करने का फैसला किया है। इस दिशा में हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ लगी हुई है। इस दिशा में हमारी बहुत सारी आकांक्षाएं हैं, जिन्हें हम किसी भी कीमत पर पूरा करके रहेंगे। रेलवे नेटवर्क को बढ़ाने की दिशा में भी हमारी सरकार किस कदर कमर कस चुकी है, इसका अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि पिछले 100 दिनों में 15 से ज्यादा सेमी हाईस्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस लॉन्च किए गए। ऐसा हमने रेलवे नेटवर्क को विस्तार देने के लिए किया है। आगामी दिनों में हम इसे और विस्तार देंगे।

पीएम ने बताया, आगामी दिनों में केंद्र सरकार 31,000 मेगावाट हाइड्रो पावर का उत्पादन करेगी। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से 12 हजार करोड़ से भी अधिक की राशि आवंटित की गई है। इस दिशा में हमने पूरी रूपरेखा तैयार कर ली है, जिसे हम किसी भी कीमत पर जमीन पर उतारकर रहेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, इन 100 दिनों में हमारी सरकार ने फिजिकल और सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर की दिशा में कई अहम फैसले लिए हैं। हमारी सरकार सात करोड़ घर बना चुकी है। हम इस आंकड़े को आगे बढ़ाने की दिशा में दिन रात जुटे हुए हैं। तीसरे कार्यकाल में हमने तीन करोड़ घर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस दिशा में पूरी प्लानिंग कर ली गई है, और हमारे कई लोग इस काम में लगे हुए हैं।

### सूर्य घर योजना के लाभार्थियों से बातचीत की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात की राजधानी गांधीनगर में पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों से सोमवार को बातचीत की। प्रधानमंत्री सुबह करीब 10 बजे वावोल स्थित शालीन-2 सोसायटी पहुंचे और उन्होंने वहां के ऐसे कई निवासियों के साथ बातचीत की जिन्होंने 29 फरवरी को शुरू की गई केंद्र सरकार की 75,021 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी योजना के तहत अपने घरों की छतों पर सौर पैनल लगाए हैं। इस योजना का उद्देश्य घरों की छतों पर सौर पैनल लगाकर आवासीय परिवारों को स्वयं बिजली पैदा करने में सक्षम बनाना है। इसके तहत दो किलोवाट क्षमता तक की प्रणालियों के लिए सौर इकाई लागत का 60 प्रतिशत तथा दो से तीन किलोवाट क्षमता वाली प्रणालियों के लिए अतिरिक्त लागत का 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है।

### मेरा मजाक उड़ाया गया: मोदी

- अहमदाबाद में बोले- मैं सरदार की भूमि में पैदा हुआ बेटा, चुपचाप देशहित में नीति बनाने में लगा रहा
- प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात दौरे पर हैं। उन्होंने कहा कि तीसरी बार शपथ लेने के बाद पहली बार यहां आया हूं।

अहमदाबाद। गुजरात दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद के GMDC मैदान में आयोजित भव्य स्वागत समारोह में शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा कि तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेने के बाद पहली बार गुजरात आया हूं। आप लोगों ने हर वक्त मुझ पर प्यार लुटाया है। जब बेटा अपने घर आकर आशीर्वाद लेता है तो ऊर्जा कई गुना बढ़ जाती है। उत्साह और जोश और बढ़ जाता है। पीएम ने ये भी कहा कि कई लोगों ने मेरा मजाक उड़ाया, लेकिन मैं सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमि में पैदा हुआ बेटा हूं। चुप रहकर देशहित में नीति बनाने में लगा रहा। प्रधानमंत्री यहां 8000 करोड़ रुपए के कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। साथ ही 30 मेगावाट के सोलर सिस्टम का भी उद्घाटन करेंगे।

### गांधीनगर में मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाई



इससे पहले पीएम ने अहमदाबाद से गांधीनगर के बीच चलने वाली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद मेट्रो से ही गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक सिटी पहुंचे। यह मेट्रो अहमदाबाद के एपीएमसी से गांधीनगर के सेक्टर-1 तक 33 किमी की दूरी तय करेगी। इस सफर को पूरा करने में मेट्रो 65 मिनट का समय लेगी और किराया भी सिर्फ 35 रुपए होगा। वहीं, टैक्सी में अभी 80 मिनट से ज्यादा का समय लग जाता है और 400 रुपए से भी ज्यादा किराया देना पड़ता है। इसका सबसे ज्यादा फायदा अहमदाबाद से गांधीनगर तक रोजाना आने-जाने वाले कर्मचारियों और स्टूडेंट्स को होगा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने मिलाद-उन-नबी पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को मिलाद-उन-नबी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और सभी के लिए सुख एवं समृद्धि की कामना की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ईद मुबारक! मिलाद-उन-नबी के अवसर पर शुभकामनाएं। सद्भाव और एकजुटता हमेशा बनी रहे। चारों ओर सुख और समृद्धि हो। मिलाद-उन-नबी को पैगंबर मोहम्मद के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है और मुस्लिम समुदाय में इस दिन को बहुत पाक माना जाता है।

## सिरसा में गोपाल कांडा के समर्थन में पीछे हटी भाजपा

- पार्टी कैंडिडेट ने नाम वापस लिया, बसपा और इनेलो पहले ही कांडा को सपोर्ट कर रहीं
- सिरसा एसडीएम ऑफिस में रोहताश जांगड़ा ने वापस लिया नामांकन



लेते सिरसा, एजेंसी

हरियाणा में सिरसा सीट पर हरियाणा लोकहित पार्टी प्रत्याशी गोपाल कांडा के समर्थन में भाजपा उम्मीदवार के नाम वापस लेने के बाद लड़ाई आमने-सामने की रह गई है। अब यहां कांडा का मुकाबला कांग्रेस के उम्मीदवार गोकुल सेतिया से होगा। बीजेपी से पहले इनेलो और बसपा ने भी गोपाल कांडा को समर्थन का ऐलान किया था।

भाजपा उम्मीदवार रोहताश जांगड़ा ने सोमवार, 16 सितंबर को नाम वापस ले लिया है। जांगड़ा ने कहा, 'संगठन के आदेश पर नामांकन वापस लिया गया है। हम मिलकर कांग्रेस पार्टी को हराएंगे।' एक दिन पहले गोपाल कांडा ने भी मीडिया से बातचीत में कहा कि वह अब भी ठऊअ का हिस्सा हैं। जीतने के बाद भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाएंगे। उनका परिवार शुरू से ही फ्रर से जुड़ा हुआ है। पिता मुरलीधर कांडा जनसंघ की टिकट पर 1952 में डबवाली सीट से चुनाव लड़ चुके हैं और मेरी माता आज भी भाजपा को ही वोट डालती हैं। इससे पहले भाजपा कुरुक्षेत्र की पिहोवा सीट से उम्मीदवार भी बदल चुकी है। यहां कवलदीप सिंह अजराना की जगह पर जय भगवान शर्मा डीडी को टिकट दी गई थी। राज्य में 90 विधानसभा सीटों के लिए 5 अक्टूबर को वोटिंग होनी है। रिजल्ट 8 अक्टूबर को आएगा। आज नामांकन वापसी का आखिरी दिन है।

### गोकुल सेतिया से टफ मुकाबला

सिरसा सीट पर गोकुल सेतिया कांग्रेस उम्मीदवार हैं। 2019 विधानसभा चुनाव में गोकुल सेतिया ने निर्दलीय चुनाव लड़ा और गोपाल कांडा को कड़ी टक्कर दी। कांडा महज 603 वोटों से ही चुनाव जीत पाए थे। गोकुल सेतिया पूर्व विधायक लक्ष्मण दास अरोड़ा के नाती हैं।

## सिरोही में जीप और ट्रक की भिड़ंत, 8 लोगों की मौत



कोलकाता, जयपुर

राजस्थान के सिरोही जिले के पिंडवाड़ा इलाके में रविवार रात एक जीप और ट्रक के बीच टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि 18 घायल हो गए। इस घटना के बारे में पुलिस ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि मृतकों में दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। पुलिस के मुताबिक जीप गलत दिशा में जा रही थी और सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ गई। वाहन में क्षमता से अधिक सवारी भी भर रखी थी। गाड़ी में 29 लोग सवार थे। हादसा पिंडवाड़ा हाईवे पर चढ़ते वक्त हुआ। सभी जीप सवार पाली में मजदूरी के लिए जा रहे थे। सिरोही के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। पिंडवाड़ा पुलिस थाने के एसएचओ हमीर सिंह ने बताया कि जीप एक ट्रक से टकरा गई, जिससे पांच पुरुषों, एक बच्चे और दो महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

# कोलकाता रेप-मर्डर, ममता ने पांचवीं बार डॉक्टर्स को बुलाया

## कहा- ये आखिरी मौका, लाइव स्ट्रीमिंग और रिकॉर्डिंग नहीं होगी, 15 डॉक्टर्स ही आएं

कोलकाता, एजेंसी




- कोलकाता रेप मर्डर केस को लेकर जूनियर डॉक्टर्स 38 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं।

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे डॉक्टर्स को ममता बनर्जी ने सोमवार को बातचीत का आखिरी मौका दिया है। बंगाल सरकार ने जूनियर डॉक्टर्स को आज शाम 5 बजे मुलाकात के लिए बुलाया है। डॉक्टर्स की ओर से कोई बयान नहीं आया है। ये बातचीत का 5वां बुलावा है। इससे पहले 4 बार मीटिंग तय हो चुकी है। 14 सितंबर को मुख्यमंत्री ममता खुद डॉक्टर्स के प्रदर्शन स्थल पर गई थीं और बातचीत के लिए कहा था। डॉक्टर मीटिंग की लाइव स्ट्रीमिंग, वीडियोग्राफी को लेकर अड़े हुए हैं। बंगाल सरकार ने कहा कि वीडियोग्राफी और लाइव स्ट्रीमिंग नहीं की जाएगी। डॉक्टर्स के मेंबर्स की संख्या 30 नहीं, बल्कि 15 रहेगी। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर के रेप-मर्डर के बाद लगातार 38 दिन से जूनियर डॉक्टर्स प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने सुरक्षा, मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के इस्तीफे समेत 5 मांगें रखी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा था कि डॉक्टर्स प्रदर्शन खत्म कर काम पर लौटें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- हड़ताल खत्म करें, नहीं तो कार्रवाई होगी सुप्रीम कोर्ट ने 9 सितंबर को कोलकाता रेप-मर्डर केस की सुनवाई के दौरान जूनियर डॉक्टरों को 10 सितंबर की शाम 5 बजे तक काम पर लौटने का आदेश दिया था। कोर्ट ने आदेश न मानने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी थी। हालांकि, डॉक्टरों ने कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, वे ड्यूटी पर नहीं लौटेंगे। ट्रेनी डॉक्टर की मां बोलीं- उट ममता डॉक्टर्स की मांगों को मानें ट्रेनी डॉक्टर की मां ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री और आंदोलनकारी डॉक्टरों के बीच बातचीत से नतीजे निकलेंगे। उन्होंने कहा, केवल यह कहने से बात नहीं बनेगी कि जो भी दोषी पाया जाएगा उसे दंडित किया जाएगा। ममता को डॉक्टरों की मांगों को पूरा करना होगा।

**अटकलें** सीएम का इस्तीफा मंजूर होते ही पार्टी विधायक दल की बैठक बुलाएगी, हमारे पास 60 विधायक हैं। विधायक दल की बैठक में जिस नाम पर सहमति बनेगी...

# केजरीवाल आज दिल्ली मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे: सौरभ भारद्वाज ने बताया कौन होगा दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री?

नई दिल्ली, प्रात: किरण



दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मुख्यमंत्री कौन होगा? इन तमाम अटकलों पर विराम लगाया है। उन्होंने बताया कि सोमवार की छुट्टी की वजह से मंगलवार को तय हो जाएगा कि सीएम कौन होगा। उन्होंने ये बातें दिल्ली स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय में कही। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए भारद्वाज ने कहा, आज सोमवार ईद की छुट्टी है। कल सप्ताह यानि की मंगलावर को पहला वर्किंग डे है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने पद से इस्तीफा दे देंगे।

सीएम का इस्तीफा मंजूर होते ही पार्टी विधायक दल की बैठक बुलाएगी। हमारे पास 60 विधायक हैं। विधायक दल की बैठक में जिस नाम पर सहमति बनेगी। वही दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री बनेगा। दिल्ली में कामकाज, नए मुख्यमंत्री के अनुसार ही होगा। सौरभ भारद्वाज ने कहा, अभी मैं यह नहीं कह सकता हूं कि सीएम कौन बनेगा।

बता दें कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे के ऐलान के बाद से यह कयास लगाए जा रहे थे कि उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल मुख्यमंत्री बन सकती हैं। वहीं, दावा यह भी किया जा रहा है कि अरविंद केजरीवाल सरकार में एक दर्जन से ज्यादा विभाग संभाल रही मंत्री आतिशी के नाम की घोषणा कर सकते हैं। सीएम की रेस में मंत्री कैलाश गहलोत भी हैं। सौरभ भारद्वाज ने प्रेस वार्ता में आगे कहा, मुख्यमंत्री ने जेल से रिहा होने के बाद स्वेच्छा से इस्तीफा देने का ऐलान किया। जो कि एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी को लेकर जनता में व्यापक असंतोष है।

### हमें अन्ना हजारे जी से हमदर्दी: किरेन रिजिजू



हमें अन्ना हजारे जी से हमदर्दी है, लेकिन अन्ना जी से ज्यादा यह दिल्ली के लोगों और कुछ हद तक पूरे देश के लिए बहुत बड़ा बोझ बन गया है। हमने कभी नहीं सोचा था कि अराजकता और भ्रष्टाचार को एक सद्गुण बना दिया जाएगा। अन्ना हजारे ने सीएम केजरीवाल को लेकर कहा था, ह्लजब सीएम अरविंद केजरीवाल मेरे साथ थे, तब मैं उनसे कई सालों से कह रहा था अपना आचरण सुधारो, अपना व्यवहार और विचार शुद्ध रखो। जीवन में त्याग करो। हमने उनसे इतना कहा है लेकिन पैसा शराब से कमाया जाता है और उन्हें पैसे का नशा हो गया। इसके बाद वो अलग हो गए।

### केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आगे क्या...

**मुख्यमंत्री कौन होगा:** केजरीवाल ने कहा कि जनता को तय करना है कि केजरीवाल ईमानदार है या बेईमान। चुनाव के बाद जनता ने चुना तो पद पर बैठूंगा। चुनाव होने तक पार्टी दो-तीन दिन में नया मुख्यमंत्री चुनेगी। सूत्रों के मुताबिक, आतिशी, कैलाश गहलोत, गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज और सुनीता केजरीवाल में से कोई एक मुख्यमंत्री बन सकता है।

**केजरीवाल क्या करेंगे:** 5 अक्टूबर को हरियाणा में वोटिंग है। राज्य में कांग्रेस से अअढ का गठबंधन नहीं हुआ है। इसके बाद यहां सभी 90 सीटों पर पार्टी ने प्रत्याशी उतारे हैं। केजरीवाल का पूरा फोकस अब हरियाणा में चुनाव प्रचार पर होगा। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में भी केजरीवाल प्रचार कर सकते हैं।

### केजरीवाल का इस्तीफा देने की पेशकश, अच्छी बात: रणजीत सिंह चौटाला



हरियाणा सरकार में पूर्व बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की पेशकश को सही करार दिया है। उन्होंने कहा अच्छी बात है कि केजरीवील ने आरोप लगने के बाद इस्तीफा देने का ऐलान किया है उन्हें इससे पहले ही इस्तीफा दे देना चाहिए था। उन्होंने आगे इसे उनका निजी निर्णय बताते हुए सुझाव दिया कि अगर किसी पर मामला दर्ज हो जाए और कोर्ट अरेस्ट के आदेश जारी कर दे, तो इस्तीफा दे देना चाहिए था ताकि किसी भी जांच में उनकी संलिप्तता को लेकर उन पर कोई सवाल न उठे।

## संक्षिप्त समाचार

### 50 से अधिक फंसे यात्री वाहनों को सकुशल निकाला

**रामनगर (नैनीताल), एजेंसी।** नेशनल हाईवे 309 रामनगर-बुआखाल पर धनगढ़ी और पनोद नाला शुक्रवार को उफान पर थे जिससे सैकड़ों यात्री फंस गए थे। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने पानी का बहाव कम होने के बाद 50 से अधिक छोटे-बड़े वाहनों को नाले से सकुशल निकाला। भारी बारिश की वजह से नदी नाले उफान पर आ गए थे। धनगढी और पनोद के अलावा मोहान में पन्याली, भकराकोट नाले भी उफान पर होने से यात्रियों की गाड़ियां जगह-जगह पर फंसी हुई थीं। इस पर धनगढ़ी और पनोद नाले पर एसडीएम राहुल शाह, तहसीलदार कुलदीप पांडेय, कोतवाल अरुण कुमार सैनी सहित पुलिस बल तैनात रहा। तहसीलदार ने बताया कि देर रात करीब दो बजे तक दोनों नालों पर फंसे 50 से अधिक यात्री वाहनों को सकुशल निकालकर रवाना किया गया। लगातार हो रही बारिश की वजह से कोसी नदी के जलस्तर में वृद्धि हुई थी। शुक्रवार को सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अमित गुप्ता ने बताया कि शाम आठ बजे तक कोसी नदी का जलस्तर 60,000 क्यूसेक पार था। शनिवार को कोसी नदी का जलस्तर 28,000 क्यूसेक हो गया जो लगातार घट रहा है।

### हरिद्वार से आई टीम ले गई क्लोरीन के पांच सिलेंडर

**नैनीताल, एजेंसी।** नगर के सूखाताल पंप हाउस में क्लोरीन गैस के सिलिंडर से गैस रिसाव होने के बाद जल संस्थान ने तीन पंपों पर रखे पांच क्लोरीन के सिलिंडरों को निस्तारण के लिए हरिद्वार भेज दिए। जल संस्थान के सहायक अभियंता डीएस बिष्ट ने बताया कि शहर में जल संस्थान के चार पंप हाउस हैं। इनमें से तीन पंप हाउसों में क्लोरीन के चार भरे और एक खाली सिलिंडर रखे थे। बताया कि बीते दिनों गैस रिसाव के बाद सुरक्षा दृष्टि से शनिवार को हरिद्वार से एक टीम और सुबह ही पांच सिलिंडर टीम को निस्तारण के लिए सौंप दिए हैं। बताया कि अब नैनीताल के जल संस्थानों में कोई भी क्लोरीन का सिलिंडर नहीं है।

### भाईचारा एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष कांता प्रसाद जिला बदर

**रुद्रपुर, एजेंसी।** भाईचारा एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष कांता प्रसाद गंगवार को डीएम ने तीन महीने के लिए जिला बदर कर दिया है। एसएसपी की संस्तुति पर डीएम के आदेश के बाद रंपुरा चौकी पुलिस कांता प्रसाद निवासी पहाड़गंज को पुलिस वाहन में बैठाकर रामपुर बार्डर ले गई थी। चौकी प्रभारी नवीन बुधानी ने डीएम के आदेश का हवाला देते हुए कांता प्रसाद को जिला बदर करने की घोषणा की। इसके साथ ही चेताया कि अगर आदेश का उल्लंघन किया जाता है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि पुलिस आदतन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में ला रही है। इधर मंच की मुख्य संयोजक काजल गंगवार ने कहा कि कांता प्रसाद का राजनीतिक साजिश में फंसाया गया है। यह कार्रवाई कानूनी रूप से गलत है।

### दीपा के नाम रहा कुमाऊं लोकगीत का खिताब

**भीमताल (नैनीताल), एजेंसी।** ध्येय संस्था भीमताल की ओर से कुमाऊं लोकगीत ऑनलाइन प्रतियोगिता में दीपा कबडाल प्रथम, हल्द्वानी की सत्यम शिवम सुंदरम टीम द्वितीय, भगवती पांडे तृतीय, डिंपल बिष्ट चौथे और हिमानी बिष्ट ने पांचवां स्थान हासिल किया। संस्था के संस्थापक राहुल जोशी और पूजा जोशी ने बताया कि प्रथम, द्वितीय और तृतीय प्रतिभागियों को 30,000 रुपये का पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहां पूनम शर्मा, कमल बृजवासी, नवीन दुम्का, राजेंद्र साह, पंकज पांडे, सुशील उप्रेती, बिशन पोखरिया मौजूद रहे।

### ऋषिकेश में एक सिख पर्यटक ने धारदार हथियार से मचाया उत्पात



**ऋषिकेश, एजेंसी।** उत्तराखंड के ऋषिकेश में से एक पर्यटक के द्वारा उत्पात मचाने की खबर सामने आ रही है। इसमें नगर में स्थित चंद्रभागा पुल के समीप एक सिख पर्यटक ने तलवार लहरा कर उत्पात मचाया। इस दौरान तलवार की चपेट में आने से एक लड़की घायल हो गई। प्राप्त सूचना के मुताबिक यह घटना ऋषिकेश में स्थित चंद्रभागा पुल के पास हुई है। जहां बीते रविवार की देर शाम एक सिख पर्यटक की कार को अन्य कार की हल्की खरोच लग गई। इससे नाराज सिख पर्यटक ने कार से उतर कर हाथ में तलवार लेकर उत्पाद मचाया। इस दौरान सिख पर्यटक ने दूसरी कार का शीशा भी तोड़ दिया। ऐसे में दूसरी कार में बैठे लोग मौके से भाग गए। जबकि एक लड़की तलवार की चपेट में आ गई। बता दें कि इस घटना में घायल लड़की को पांच टांके लगाए गए हैं। फिलहाल कोतवाली ऋषिकेश पुलिस कार नंबर के आधार पर पर्यटक की तलाश कर रही है।

## स्कूल की फीस न जमा करने के लिए पिता ने रची खौफनाक साजिश, पुलिस ने किया खुलासा

**हरिद्वार, एजेंसी।** उत्तराखंड में हरिद्वार के पथरी थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। दरअसल, एक पिता ने अपने ही दो बच्चों के अपहरण का झूठा षड्यंत्र रच डाला। इसमें बच्चों के अपहरण की शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंच गया। वहीं पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए बच्चों की तलाश शुरू की तो अपहरण का पूरा मामला निकलकर सामने आ गया। वहीं मामला सामने आने पर पुलिस भी हैरान रह गई, हालांकि पुलिस ने दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया है।

### दोनों गुमशुदा बच्चे अपनी बुआ के घर पर मिले सुरक्षित

पुलिस के मुताबिक बीती 14 सितंबर शनिवार के दिन धनपुरा थाना पथरी निवासी मुनव्वर पुत्र रियासत ने थाना पथरी पर आकर शिकायत की। इसमें घर से स्कूल गए अपने 14 वर्षीय और 11 वर्षीय दो नाबालिग बच्चों के अज्ञात शख्स द्वारा अपहरण करने के मामले में शिकायती पत्र दिया। वहीं पुलिस ने नाबालिग बच्चों से जुड़े गंभीर प्रकरण पर तत्काल मुकदमा दर्ज करते हुए उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी दी। इस मामले में एसएसपी हरिद्वार प्रमेन्द्र डोबाल द्वारा बच्चों की जल्द से जल्द बरामदगी के लिए अलग-अलग



पुलिस टीमों का गठन किया गया। इसके बाद गठित की गई टीमों ने बच्चों की तलाश शुरु कर दी। इस दौरान पुलिस टीम जब स्कूल के आसपास से सुराग जुटाते हुए ग्राम बसेड़ी पहुंची तो दोनों गुमशुदा बच्चे अपनी बुआ के घर पर सुरक्षित मिले।

### पिता ने फीस माफ कराने हेतु बच्चों के अपहरण का रचा नाटक

मामले में सादे वस्त्र पहनी पुलिस टीम ने बच्चों से उनकी कुशलता और घर से बिन बताए बुआ के घर आने की वजह पूछी। इस दौरान पूछताछ में बच्चों ने बताया कि वह अपने पिता के कहने पर ही यहां आए थे। इसमें बच्चों की बुआ ने भी बताया कि बच्चे जब अचानक घर पहुंचे तो उन्होंने अपने भाई को मोबाइल कॉल कर इसकी जानकारी दी थी। इसके बाद टीम द्वारा बच्चों के पिता मुनव्वर से पूछताछ की गई तो यह बात सामने आई कि दोनों बच्चे एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ते हैं। जहां करीब एक लाख रुपये फीस जमा न होने पर स्कूल प्रबंधन बच्चों से फीस लेकर आने के लिए कह रहा था। वहीं बच्चों के पिता मुनव्वर के दिमाग में खुराफाती विचार आया और उसने स्कूल प्रबंधन पर दबाव बनाकर फीस माफ कराने के लिए अपने बच्चों के अपहरण का सारा नाटक रच दिया।

### हरिद्वार पुलिस की दक्षता के चलते सच आया सामने

बता दें कि मुनव्वर ने ठोस प्लानिंग के तहत पथरी पुलिस पर सहयोग न करने के आरोप लगाते हुए एसएसपी ऑफिस में गुहार लगाने की भी बात कही थी। लेकिन हरिद्वार पुलिस की दक्षता के चलते सारा सच सामने आ गया। वहीं पूरा घटनाक्रम सामने आने पर मुकदमा वादी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पाकिस्तानी जायरीनों का प्रशासन ने किए सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**रूड़की, एजेंसी।** उत्तराखंड के रुड़की में विश्व प्रसिद्ध पिरान कलियर में साबिर पाक का 756 वां उर्स चल रहा है। इसमें शामिल होने देश विदेश से लाखों की संख्या में जायरीन पहुंचे हैं। साबिर पाक के सालाना उर्स में पाकिस्तान के भी जायरीन प्रत्येक वर्ष जियारत करते आते हैं। इसी बीच इस वर्ष भी 81 पाकिस्तानी जायरीनों का जत्था रुड़की रेलवे स्टेशन पहुंचा जहां कड़ी सुरक्षा के बीच पाकिस्तानी जायरीनों को रोडवेज की बसों में बैठाकर पिरान कलियर ले जाया गया। जानकारी के अनुसार रुड़की में उर्स के अवसर पर 81 पाकिस्तानी जायरीनों का जत्था पहुंच चुका है। इस दौरान रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम देखने को मिले। बताया गया है कि वीजा के लिए 132 पाकिस्तानी लोगों ने अप्लाई किया था, लेकिन उनमें से 81 को ही जियारत का मौका मिल पाया। हालांकि पिछले वर्षों में आने वाले जायरीनों के मुकाबले इस बार पाक जायरीनों की संख्या काफी कम है। बीते रविवार की सुबह पाक जायरीन अमृतसर-देहरादून एक्सप्रेस से रुड़की पहुंचे जहां पुलिस ने पहले से ही रेलवे स्टेशन को छावनी में तब्दील किया हुआ था।

## मंगलौर के लिब्बरहेड़ी में हुई लूट का पुलिस ने किया खुलासा, 11.50 लाख के गहनों सहित 4 आरोपी गिरफ्तार



**रूड़की, एजेंसी।** उत्तराखंड में रूड़की के मंगलौर में हुई लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इसमें मंगलौर के लिब्बरहेड़ी में लूट की घटना मामले में पुलिस ने एक महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि इसी मामले में एक आरोपी को पहले ही मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया जा चुका था। इस दौरान आरोपियों के पास से साढ़े ग्यारह लाख रुपए की ज्वैलरी भी पुलिस ने बरामद की है। एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने जानकारी दी है कि लिब्बरहेड़ी में बीती सात सितम्बर को एक महिला ने अपने साथियों के साथ मुकेश को उसके घर में बंधक बनाकर लाखों के जेवरात लूट लिए थे। मामले में मुकेश कुमार की तहरीर के बाद मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। वहीं इस मामले को लेकर पुलिस की अलग अलग टीमों का गठन किया गया। इसमें मुख्य आरोपी मेहराज को बीती 12 सितंबर को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था। जिसके पास से ज्वैलरी बरामद की गई थी। वहीं इस लूट मामले में शामिल चार अन्य आरोपियों को पुलिस ने नारसन के पास से गिरफ्तार किया है। जिनके पास से लूटा गया करीब 14 तोला सोना, ढाई किलो चांदी बरामद की है। जिसकी कीमत करीब साढ़े ग्यारह लाख रुपए है। बता दें कि आरोपियों की पहचान दानिश पुत्र बृजेश निवासी 40 फुटा रोड दरगाह की कोठी खालापार मुजफ्फरनगर,रईस पुत्र कमरुद्दीन निवासी दरगाह गढ़मुक्तेश्वर,सादिक पुतुल इंसाफ निवासी ग्राम लिब्बरहेड़ी थाना मंगलौर और महिला निवासी गढ़मुक्तेश्वर के रूप में हुई हैं।

## सहायक अध्यापकों के प्रमोशन की तैयारी, डेढ़ हजार की वरिष्ठता सूची जारी

**हरिद्वार, एजेंसी।** जिले के सहायक अध्यापकों के प्रमोशन की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके लिए शिक्षा विभाग की ओर से डेढ़ हजार से अधिक सहायक अध्यापकों की वरिष्ठता सूची जारी कर दी गई है। सूची पर सहायक अध्यापक के सेवा विवरण यदि कोई त्रुटि है तो उसे ठीक कराने के निर्देश दिए गए हैं।

राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में तैनात सहायक अध्यापकों के प्रमोशन किए जाने हैं। इनमें सहायक अध्यापकों को प्रमोशन कर राजकीय विद्यालय में प्रधानाध्यापक बनाया जाना है तो राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में तैनात किया जाना है।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय (प्रारंभिक शिक्षा) की ओर से 20 अगस्त 2024 को जिले के समस्त छह ब्लॉकों, भगवानपुर, लक्सर, रुड़की, बहादराबाद, नारसन, खानपुर के उप शिक्षा अधिकारियों से वरिष्ठ सहायक अध्यापकों की सूची उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए थे, ताकि प्रमोशन की प्रक्रिया को शुरू किया जाए। अब ब्लॉकों से नाम आने पर जिला शिक्षा विभाग की ओर से 1535 सहायक अध्यापकों की सूची वरिष्ठता के हिसाब से तैयार कर ली गई है। सूची में दर्ज शिक्षकों से सेवा विवरण के मिलान कर आपत्तियां जैसे, नाम, जन्म तिथि, स्कूल, ज्वॉइनिंग तिथि आदि पर यदि कोई त्रुटि है तो उसे सही कराने के लिए 18 सितंबर तक का समय जिले के उप शिक्षा अधिकारियों को दिया गया है। इसके बाद उम्मीद की जा रही है कि अक्तूबर में सहायक अध्यापकों के प्रमोशन सूची जारी कर दी जाएगी।

जिला कार्यालय की ओर से जारी की गई सहायक अध्यापकों की वरिष्ठता सूची में नारसन ब्लॉक से एक भी नाम नहीं है। दरअसल, ब्लॉक नारसन मुख्यालय की ओर से वरिष्ठ सहायक अध्यापकों के नाम जिला मुख्यालय नहीं भेजे गए हैं। इससे जिला मुख्यालय की ओर से भी सूची में नाम नहीं जोड़े गए हैं, हालांकि, अब भी सूची में नाम जोड़े जा सकते हैं। इसमें नारसन ब्लॉक समेत अन्य ब्लॉकों के छूटे नाम भी सूची में शामिल किए जा सकते हैं।

## चेतावनी रेखा के ऊपर बह रही गंगा, निचले इलाकों में अलर्ट, आबादी क्षेत्र में जलभराव का खतरा



**हरिद्वार, एजेंसी।** हरिद्वार में गंगा के जलस्तर ने चिंता बढ़ाई हुई है। जलभराव के खतरे को देखते हुए अलर्ट जारी किया गया है। हरिद्वार में गंगा चेतावनी रेखा के ऊपर बह रही है। गंगा का जलस्तर 293 से ऊपर चल रहा है। जिससे गंगा के नीचले इलाकों में अलर्ट कर दिया गया है। ग्रामीणों को खेतों में जलभराव की आशंका सता रही है। आबादी क्षेत्र में जलभराव का खतरा बना हुआ है। उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के जेई हरीश कुमार ने बताया कि गंगा के जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## खतरे की जद में आए गौला पुल का निरीक्षण करने पहुंचे सांसद अजय भट्ट, अधिकारियों को दिए ये निर्देश

**हल्द्वानी, एजेंसी।** उत्तराखंड के हल्द्वानी से कुमाऊं के बड़े क्षेत्र को जोड़ने वाला गौला पुल पानी के तेज बहाव के चलते खतरे में आ गया है। दरअसल, पुल के एप्रोच का एक बड़ा हिस्सा नदी में समा गया है। इसमें पुल का एक हिस्सा टूटने से अनिश्चितकालीन के लिए आवागमन बंद कर दिया गया है। वहीं मौके पर पहुंचे सांसद अजय भट्ट ने भी गौला पुल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को शीघ्र सुरक्षा कार्य करने के निर्देश दिए है।

जानकारी के अनुसार गौला पुल में पानी का तेज बहाव आने से पुल का एक बड़ा हिस्सा नदी में समा गया है। बताया गया कि ये पुल न सिर्फ पिथौरागढ़, चंपावत, बागेश्वर और अल्मोड़ा जिले को जोड़ता है बल्कि नेपाल बॉर्डर को भी जोड़ने वाला एकमात्र पुल है। फिलहाल पुल का एक हिस्सा टूटने से अनिश्चितकालीन के लिए आवागमन बंद कर दिया गया है। इस दौरान सांसद



अजय भट्ट ने भी गौला पुल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जल्द से जल्द सुरक्षा कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी का बहाव कम नहीं हुआ है। लिहाजा पुल का एक हिस्सा लगातार गिर रहा है, इसको देखते हुए अनिश्चितकालीन के लिए यह पुल बंद कर दिया गया है। वहीं आगे कहा कि एक्सपर्ट एजेंसी द्वारा निरीक्षण के बाद पानी कम होने पर ही इस पुल के रिपेयरिंग का काम शुरू होगा।

बता दें कि ऐसे में रेलवे लाइन को भी अब बड़ा खतरा हो गया है। इसमें रेलवे ट्रैक के आसपास लगातार भूस्खलन हो रहा है। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के पास भी भू कटाव हो रहा है, जिससे स्टेडियम को खतरा बना हुआ है। इसके चलते एनएचएआई और स्थानीय प्रशासन, रेलवे और सिंचाई विभाग व वन विभाग के अधिकारियों ने भी मौके का संयुक्त निरीक्षण किया।

### संयुक्त मजिस्ट्रेट ने भूस्खलन से खतरे की जद में आए राजकीय अस्पताल का किया निरीक्षण

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त है। इसी बीच अल्मोड़ा के रानीखेत राजकीय अस्पताल के परिसर में भू-स्खलन होने की वजह से अस्पताल का भवन खतरे की जद में आ गया है। ऐसे में संयुक्त मजिस्ट्रेट ने भू वैज्ञानिक के साथ अस्पताल का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही सीएमएस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दरअसल, अल्मोड़ा के रानीखेत राजकीय अस्पताल के परिसर में भू-स्खलन होने से तुरंत भर्ती मरीजों को निजी चिकित्सालय में भर्ती करना पड़ा था।

## नैनीताल की मेधा को सीएम धामी ने किया सम्मानित

**नैनीताल, एजेंसी।** हिंदी दिवस पर शनिवार देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में नगर के भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की छात्रा मेधा को सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सम्मानित किया।

प्रधानाचार्य बीएस मेहता ने बताया कि उत्तराखंड भाषा संस्थान की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें विद्यार्थियों को हिंदी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इसी समारोह में विद्यालय के जसिथ आलोक को हिंदी विषय में 100 अंक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया जबकि मेधा वर्मा को यात्रा वृतांत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सीएम, मंत्री सुबोध उनियाल, दून विवि के कुलपति की ओर से सम्मानित किया गया।

वह अपनी माता दीपिका और शिक्षिका नीलम जोशी के साथ दून गई हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि मेधा गरीब परिवार से है और वह नैनीताल में अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रही हैं।

इधर डीएसबी परिसर के हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग की ओर से चित्र आधारित कहानी लेखन प्रतियोगिता हुई। इसका शुभारंभ हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. निर्मला ढैला बोरा ने किया।

इसमें 34 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें अमन कुमार प्रथम, दीया आर्या द्वितीय, बीना बिष्ट ने तृतीय स्थान पाया। वहां प्रो. चंद्रकला रावत, डॉ. शुभा मटियानी, डॉ. शशि पांडे, डॉ. मथुरा इमलाल, डॉ. कंचन आर्या, डॉ. दीक्षा मेहरा आदि रहीं।

## चंपावत में मनाया गया जिले के 25 वें स्थापना दिवस का कार्यक्रम, सीएम धामी ने किया वर्चुअली प्रतिभाग



**चंपावत, एजेंसी।** उत्तराखंड के चंपावत को नया जिला बने पूरे 25 वर्ष हो गए हैं। जिसको लेकर जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा वर्चुअली प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनपद वासियों को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए भू- स्थानिक डैशबोर्ड को लांच तथा यूकॉस्ट द्वारा संचालित महिला प्रौद्योगिकी केंद्र का लोकार्पण भी किया। साथ ही चंपावत का ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व बताते हुए इस जनपद को प्राकृतिक रूप से बेहद खूबसूरत और नैसर्गिक बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं (धामी) जनपद चंपावत को एक आदर्श जिला बनाकर इस को देश का एक अग्रणी जिला बनाने के लिए संकल्पबद्ध हूं। इस जनपद में पार्किंग, बस टर्मिनल, सड़कों का सुधारीकरण, पर्यटन विकास, शिक्षा,स्वास्थ्य के अलावा प्रशासनिक भवनों, खेलों के साथ-साथ दुग्ध, शहद, कृषि, उद्यानिकी उत्पादन के क्षेत्र में तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में होने वाले गोल्ज्यू कॉरिडोर, शारदा कॉलेज कॉरिडोर, रीठा-देवीधुरा मास्टर प्लान,चंपावत-लोहाघाट शहर का मास्टर प्लान से यहां की दशा और दिशा बदलेगी। सीएम ने स्वरोजगार की गतिविधियों को बढ़ाए जाने हेतु आवश्यक मूलभूत सुविधाएं देने के साथ ही कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, पर्यटन, मत्स्य पालन, मौन पालन व आजीविका के क्षेत्र में कार्य किये जाने की बात कही।

सीएम ने जनपद में बिजली, पानी, सड़क व मूलभूत सुविधाओं को मुहैया करने तथा दो वर्षों में शत प्रतिशत गांव व तोको तक विद्युत व सड़कों को पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा कि आदर्श चंपावत हेतु वैज्ञानिक संस्थाओं द्वारा भी विशेष सहयोग दिया जा रहा है। साथ ही जनपद की महिलाओं के द्वारा उत्पादित किए जा रहे उत्पादों की मांग दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। इस हेतु ÷हाउस आफ हिमालय÷ ब्रांड बनाया गया है। वहीं एप्पल मिशन के तहत जनपद में बेहतर कार्य किया जा रहा है। उद्यान एवं कृषि के क्षेत्र में यहां के काश्तकारों व युवाओं के द्वारा अभिनव प्रयास कर स्वरोजगार के साथ-साथ औरों को भी रोजगार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। धामी ने कहा कि बीते दिनों प्रदेश में हुई अतिवृष्टि से राज्य आपदा से प्रभावित हुआ है तथा कई प्रकार से हमारे प्रदेश को नुकसान जनहानि व पशु हानि हुई है। सभी अपनी ओर से आपदा पीड़ितों की मदद करें। इस दौरान उन्होंने आज यानी 16 सितंबर को अपने जन्मदिन को आपदा पीड़ितों की मदद के लिए समर्पित किया। सीएम ने कहा कि सही मायने में यही मेरा (धामी) जन्मदिन होगा।

# इतिहास में पहली बार कोई चुनाव ईमानदारी के मुद्दे पर लड़ा जाएगा-भारद्वाज

## अब तक इस देश में जाति और धर्म के नाम पर चुनाव हुआ, अब ईमानदारी के नाम पर चुनाव होगा : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि कल दिल्ली में जो घटना हुई उससे न केवल देश बल्कि पूरा विश्व अचंभित है उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है और आज पूरे देश के लोग इस बात की चर्चा कर रहे हैं, कि किसी राज्य का मुख्यमंत्री किसी मामले में जमानत मिल जाने के बाद और जेल से बाहर आ जाने के बाद खुद यह कह रहा है, कि यदि आप लोगों को लगता है की मैं ईमानदार हूं तो आगामी चुनाव में मुझे वोट देना कउन्होंने कहा कि इस देश में बहुत से चुनाव लड़े जाते हैं, जाति के नाम पर चुनाव लड़े जाते हैं, धर्म के नाम पर चुनाव लड़े जाते हैं, भाषा के नाम पर चुनाव लड़े जाते हैं, लेकिन यह इतिहास का पहला ऐसा चुनाव होगा, जिसमें एक मुख्यमंत्री खुद कह रहा है, कि इस बार ईमानदारी के नाम पर चुनाव लड़ा जाएगा कसौरभ भारद्वाज ने कहा कि जहां एक तरफ केंद्र में बैठी भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के पीछे अपनी सारी जांच एजेंसियों को लगा रखा है, उन्हें बदनाम करने की कोई कसर नहीं छोड़ी, उसके बावजूद भी दूसरी ओर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को अपनी दिल्ली की जनता पर पूरा विश्वास है और यही कारण है, कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली की जनता से कह रहे हैं, कि यदि आपको लगता है कि मैं ईमानदार हूं तभी मुझे वोट देना सौरभ भारद्वाज ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कल जब से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी ने इस बात का ऐलान किया है, तब से ही पूरी दिल्ली में बसों में, गली मोहल्ले में, मेट्रो में हर जगह इस बात की चर्चा हो रही है, कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपनी सारी जांच एजेंसियों के माध्यम से अरविंद केजरीवाल जी के खिलाफ जो षड्यंत्र रचा, उनको फसाने की जो साजिश की गई, उन्होंने अकेले केंद्र सरकार से लड़कर सच्चाई की यह जंग जीती और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी ने ऐलान किया कि मैं जनता की अदालत में जाऊंगा, जनता के बीच जाऊंगा और यदि दिल्ली की जनता चाहेगी तभी मैं इस मुख्यमंत्री की कुर्सी पर दोबारा बैठूंगा, उनके इस एलान ने भारतीय जनता पार्टी शासित केंद्र सरकार के सारे षड्यंत्र को विफल कर दिया है कसौरभ भारद्वाज जी ने सुबह उनके साथ घटित एक घटना का उदाहरण देते हुए बताया, कि जब वह सुबह बाल कटाने नाई की दुकान पर गए तो वहां मौजूद कुछ लोगों ने इस बारे में उनके साथ बातचीत की और वह सभी लोग पूछ रहे थे, कि चुनाव कब होंगे कउन्होंने सौरभ भारद्वाज जी से चुनाव जल्दी कराने की बात भी कही कसौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली की जनता में इतनी उत्सुकता है, कि वह चाहते हैं कि जल्द से जल्द चुनाव हो और वह एक बार फिर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को भारी बहुमत से चुनकर दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाएं कएक अन्य व्यक्ति से फोन पर हुई बातचीत का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया, कि वह व्यक्ति उनके विधानसभा क्षेत्र में रहता है, परंतु उसकी दुकान लाजपत नगर में स्थित है कउसने बताया कि लाजपत नगर में जहां उनकी दुकान है, वहां आसपास में जो अन्य दुकानदार हैं उनमें से कुछ भाजपा के समर्थक भी हैं, वह भी इस बात को मान रहे हैं, कि यह अपने आप में बहुत बड़ी बात है, कि एक मुख्यमंत्री खुद अपने पद से इस्तीफा दे रहा है और कह रहा है कि यदि मैं ईमानदार हूं तभी मुझे वोट देना सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आज पूरी दिल्ली की जनता में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ नाराजगी है कउन्होंने कहा कि नाराजगी इस बात की है, कि एक ऐसा व्यक्ति जिसने कक्र का एग्जाम पास किया, इनकम टैक्स कमिश्नर के पद पर रहा और जनता की सेवा करने के लिए इनकम टैक्स की नौकरी छोड़कर 10 साल तक झुग्गी बस्तियों में रहकर गरीबों की मदद की, उनकी सेवा की, उस व्यक्ति को दिल्ली की जनता ने भारी बहुमत से चुनकर दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया और 10 साल तक तमाम परेशानियों का सामना करते हुए उन्होंने दिल्ली की जनता की सेवा की, दिल्ली के लोगों को बेहतर शिक्षा दी, बेहतर स्वास्थ्य दिया, तमाम सुविधाएं मुहैया कराई, ऐसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री को भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार ने अपनी तमाम जांच एजेंसियों को उनके पीछे लगाकर उन्हें गिरफ्तार किया और जबरदस्ती जेल में बंद रखा त्रेतायुग का एक उदाहरण देते हुए सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मयार्दा की खातिर सतयुग में भगवान श्री राम ने सत्ता का त्याग किया था और 14 बरस का बनवास काटकर आए थे क भगवान राम के वनवास जाने को लेकर पूरी अयोध्या नगरी के लोग रो रहे थे,

# केजरीवाल के बाद कौन होगा दिल्ली का नया सीएम

- सीबीआई ने हाल ही में इस मामले में अपना पहला पूरक आरोप पत्र दायर किया था, इसमें सिसोदिया सहित अन्य को आरोपी बनाया गया है।

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी (आप) में नए मुख्यमंत्री को लेकर चल रहीं गतिविधियों पर दिल्ली सरकार में कार्यरत अधिकारियों की नजर है। आप में चल रहे घटनाक्रम की अधिकारी जानकारी ले रहे हैं। उनके लिए कौन बेहतर सीएम रहेगा, इस पर भी चर्चा हो रही है। यूं तो दिल्ली सचिवालय में सभी वरिष्ठ अधिकारियों के कमरों में टीवी लगा हुआ है। मगर बहुत से अधिकारी आमतौर पर टीवी को अक्सर बंद ही रखते हैं। मगर इन दिनों सभी अधिकारियों के कार्यालय में टीवी चल रहे हैं और उन पर समाचार ही चलते हैं। उनकी नजर भी समाचारों पर ही रहती है। वह इसलिए भी रहती है क्योंकि इस दिनों राजनीति को लेकर दिल्ली ही चर्चा में है।

इस्तीफे के एलान से बढ़ी सियासी हलचल

आए दिन बदलते घटनाक्रम को लेकर भी वह अपडेट रहते हैं। इसी बीच शुक्रवार देर शाम को पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पांच माह बाद जेल से रिहाई और फिर रविवार को अचानक उनकी पद से इस्तीफा देने की घोषणा से राजनीतिक माहौल गरमा गया है। नया मुख्यमंत्री कौन होगा इस पर आप कार्यकताओं और दिल्ली की जनता की नजर तो है ही, अधिकारियों में भी उत्सुकता है। अवकाश होने के चलते जब सोमवार को एक अधिकारी से बात की गई तो वह अपने घर पर थे। फोन उठाते ही उन्होंने कहा कि क्या चल रहा है आज तक, दिल्ली ही चर्चा में है। राजनीति की बात हुई तो बात नए मुख्यमंत्री पर ही आ गई। अधिकारी भी चाहते हैं शुरू हों रुके हुए काम बता दें कि अधिकारियों में नए मुख्यमंत्री को लेकर उत्सुकता इसलिए भी है कि इन्हें इन्हीं के साथ काम करना है और अधिकारी भी चाहते हैं कि मुख्यमंत्री सचिवालय आएं और कामकाज सुचारू रूप से आगे बढ़ सके।

दिल्ली को नया मुख्यमंत्री ही नहीं... दो नए मंत्री भी मिलेंगे, अअढ की पीएसी की बैठक में लगेगी मुहर पांच महीने से मुख्यमंत्री के बिना है दिल्ली सचिवालय पिछले पांच माह से दिल्ली सचिवालय मुख्यमंत्री के बिना है। पांच माह से अधिक समय से मुख्यमंत्री जेल में रहे हैं। मगर इससे पहले भी कई माह से मुख्यमंत्री सचिवालय नहीं जा रहे थे। उसका कारण मुख्यमंत्री कार्यालय में चल रहा नवीनीकरण कार्य भी रहा।

मगर माना जा रहा है कि 2021 में दिल्ली को लेकर संसद में पास किया वह संसोधन कानून भी है जिसमें सरकार की शक्तियां एलजी के पास चली गई हैं। इसे लेकर भी केजरीवाल निराश हैं। हाल ही धर्मेंद्र ने संभाला मुख्य सचिव का काम दिल्ली सचिवालय में सोमवार को अवकाश है, मगर आमतौर पर आजकल ऐसा माहौल रहता है कि चतुर्थ श्रेणी से लेकर विभाग प्रमुख तक समय मिलने पर दिल्ली को लेकर ही बात करते हैं। इन दिनों दिल्ली सचिवालय में मुख्य सचिव के पद पर कुछ दिन पहले ही धर्मेंद्र ने काम संभाला है। बताया जा रहा है कि धर्मेंद्र का काम करने का तरीका अन्य अधिकारियों से अलग है। वह नए मुख्यमंत्री से लेकर मंत्रियों तक से किस तरह के संबंध रहेंगे यह भी देखने वाली बात होगी। अभी उनकी मंत्रियों के साथ भी बैठक नहीं हो सकी है।

# दिल्ली के नए सीएम को लेकर मंथन तेज

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी (अअढ) की पॉलिटिकल अफेयर्स कमिटी (ढअउ) की बैठक शुरू होने वाली है। यह बैठक दिल्ली सीएम के आवास पर होगी। इसमें आप के दिग्गज नेताओं का पहुंचना शुरू हो गया है। खबर है कि इसी बैठक में दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के नाम पर चर्चा होगी। वहीं आप के विधायक दल की बैठक मंगलवार सुबह होगी, जिसमें सीएम उम्मीदवार के नाम पर मुहर लगेगी। ढअउ में जो सदस्य शामिल हैं, उसमें अरविंद केजरीवाल, मनीष ससोदिया, संजय सिंह, दुर्गेश पाठक, अतिशी मालेर्ना, गोपाल राय, इमरान हुसैन, राघव चड्ढा, राखी बिड़लान, पंकज गुप्ता और एनडी गुप्ता प्रमुख हैं। बता दें, सीएम केजरीवाल ने रविवार को ही घोषणा की थी कि वह अगले 48 घंटे में अपना पद त्याग देंगे और तब तक सीएम पद पर नहीं बैठेंगे जब तक जनता इसकी अनुमति नहीं देगी।

# इमारतों में सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन बढ़ाएगा निगम


नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली की इमारतों में सोलर पैनल लगाने की नीति नगर निगम प्रशासन तैयार कर रहा है। इस प्रणाली के जरिए निगम ने अपनी बिजली उत्पादन की क्षमता को बढ़ाने का फैसला किया है। इमारतों में सोलर पैनल लगने के बाद इसे बिजली कंपनियों के ग्रिड में भेजा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में निगम ने 400 से अधिक इमारतों में सोलर पैनल लगाने की रूपरेखा बनाई है। अभी मौजूदा समय में निगम की लगभग 600 इमारतों में सोलर पैनल लगे हुए हैं। इनसे हर दिन 14 मेगावाट तक बिजली उत्पन्न होती है। इसे औसत क्रय लागत (एवरेज पर्चेजिंग कॉस्ट) के तहत बिजली कंपनियों को दिया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि अगले वर्ष मार्च तक निगम की अपनी और अन्य इमारतों में सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इसके बाद सोलर पैनल के जरिए बिजली उत्पादन की क्षमता 14 मेगावाट से बढ़कर 25 मेगावाट तक हो जाएगी। साथ ही, व्यावसायिक प्रतिष्ठान अपनी इमारतों में खुद सोलर पैनल लगा सकेंगे। निगम के साथ मिलकर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को समझौता करना होगा। इसके बाद निगम बिजली कंपनियों के ग्रिड में जनरेट होने वाली बिजली को पहुंचाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इस नई व्यवस्था से निगम के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। पूर्ववर्ती उत्तरी दिल्ली नगर निगम और पूर्ववर्ती पूर्वी दिल्ली नगर निगम को मिलाकर लगभग 200 इमारतों में सोलर पैनल लगाए गए थे। इसके अतिरिक्त पूर्ववर्ती दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की 400 इमारतों में सोलर पैनल लगाए थे। अब नई नीति के जरिए अधिक इमारतों में सोलर पैनल लगाने पर जोर दे रहे हैं।

# मां के सामने बेटियों से बदसुलूकी करने वाला कार चालक धरा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



मां के सामने बेटियों से बदसुलूकी करने वाले कार चालक रजत राज को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल, मां ने घटना के बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट की थी। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपी को दबोच लिया। रजत राज ने करीब 15 मिनट तक दोनों लड़कियों का पीछा किया था। पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि 24 अगस्त को एक महिला ने अपने ह्यएक्स अकाउंट से एक पोस्ट की थी। पोस्ट में महिला ने बताया कि वह 23 अगस्त की रात करीब 8.30 बजे अपनी दो बेटियों के साथ गोपीनाथ बाजार जा रही थी। उसकी दोनों बेटियां उससे 100-150 मीटर आगे चल रही थी। इसी दौरान उसने देखा कि एक कार चालक दोनों को परेशान कर रहा है। इतना ही नहीं आरोपी कार चालक ने लगभग 15 मिनट तक लगातार उनका पीछा किया।

आरोपी की कार का नंबर ल्फ-55अठ-7878 महिला ने अपनी पोस्ट में शेयर किया था। दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस ने इस पोस्ट पर संज्ञान लेते हुए दिल्ली कैंट थाने में संबंधित धारा में केस दर्ज कर एसआई विनीत पूनिया, अर्चना और प्रदीप को मामले की जांच सौंपी थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस की दो टीमें आरोपी की पहचान में लगी थी। एक टीम ने गाड़ी के नंबर की मदद से उसके मालिक जेवर निवासी टिंकू की पहचान की। टिंकू के घर जाने पर पता चला कि वह पिछले छह माह से एक हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहा है। पुलिस की दूसरी टीम ने दिल्ली कैंट से परी चौक और परी चौक से दिल्ली कैंट इलाके में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया। इस दौरान पुलिस को पता चला कि कार अक्सर यूपी-दिल्ली सीमा के चिल्ला चेक पोस्ट से दिल्ली आती है और कुछ समय बाद चली जाती है। इसलिए टीम को वहीं तैनात किया गया। 15 सितंबर को पुलिस टीम ने आरोपी कार चालक को दिल्ली आते समय दबोच लिया। पूछताछ के बाद आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

# रात भर किडनैप हुई लड़की को ढूंढती रही पुलिस, अगले दिन खुद पहुंची थाने

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार के पटना में एक लड़की की शरारत के चलते पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस को एसके पुरी इलाके में एक युवती के किडनैप होने की सूचना मिली थी। रात भर पुलिस की कई टीमों को युवती की तलाश में लगाया गया। बाद में अगले दिन युवती खुद थाने आ पहुंची। कहने लगी कि सर मैं तो अपने दोस्त के साथ प्रैंक कर रही थी। लेकिन उसने थाने जाकर मामला ही दर्ज करवा दिया। युवती ने अपनी इस हरकत के लिए पुलिस से माफी भी मांगी। जानकारी के मुताबिक, एसके थाना पुलिस को किसी ने शिकायत दी कि उसकी महिला मित्र का किडनैप हो गया है। शिकायत में युवती ने बताया कि सर मेरी दोस्त ने मुझे फोन किया। उसने बताया कि उसका कुछ बाइक सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया है। उसने रात के समय बोरिंग रोड चौराहा से घर जाने के लिए ऑटोरिक्शा लिया था। ऑटो में कुछ और लोग भी बैठे थे। उन्होंने युवती से बदसलूकी करना शुरू कर दिया। फिर उसे ऑटो से उतारा, आंखों पर पट्टी बांधी और जबरन एक बाइक पर बैठा कर कहीं ले गए। इसके बाद उसे सुनसान जगह पर फेंककर फरार हो गए। युवती ने जैसे तैसे आंख से पट्टी खोलकर उस दोस्त को फोन लगाया और बात बताई। पुलिस ने तुरंत लापता हुई युवती की तलाश शुरू की। तमाम जगहों को सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। रात भर पुलिस उस युवती को ढूंढती रही। लेकिन वो कहीं नहीं मिली। अगले दिन वो युवती खुद ही थाने पहुंची। उसने कहा-सर मैं अपने दोस्त से प्रैंक कर रही थी। लेकिन वो इस बात को सीरियसली ले गया और आपके पास शिकायत दे डाली। इसके लिए मैं आपसे माफी मांगती हूं। डीएसपी सचिवालय-2 साकेत ने बताया-युवती ने पुलिस पूछताछ में स्वीकार किया है कि उसके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई थी। ऐसा उसने मजाक के तौर पर किया था। इस हरकत के लिए उसने पुलिस से माफी भी मांगी है। युवती को फिलहाल पुलिस ने छोड़ दिया है।

# एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत

नई दिल्ली। जीटीबी अस्पताल परिसर में एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 35 वर्षीय अमित कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने अमित की मौत की जांच करने की मांग करते हुए उसकी हत्या की आशंका जाहिर की है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, अमित कुमार मूलरूप से बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। वह पिछले सात साल से दिल्ली में रह रहा था और जीटीबी अस्पताल परिसर में रहने वाले डॉ. ऋतुराज के घर पर घरेलू सहायक की नौकरी करता था। अमित के भाई जितेंद्र ने बताया कि आखिरी बार चार सितंबर को उसकी भाई से बात हुई थी। अगले दिन उसका शव पुराने ब्वाय हॉस्टल के पास फुटपाथ पर मिला।

# हत्या की गुत्थी सुलझी, नाबालिग को दबोचा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



शाहदरा जिला के गीता कालोनी इलाके में चंद ही मिनटों के अंतराल पर दो भाइयों शाहिद उर्फ आशु (20) और इरशाद उर्फ बॉबी (30) की गोली मारकर हत्या करने की गुत्थी को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सुलझा लिया है। पुलिस ने इस संबंध में दोनों भाइयों के किरायेदार के 17 वर्षीय नाबालिग बेटे को हजरत निजामुद्दीन इलाके से दबोचा है।

पुलिस ने उसकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल पिस्टल भी बरामद कर ली है। नाबालिग के परिवार ने दोनों भाइयों के पिता अशफाक से चार-पांच साल पहले चार लाख की सिक्योरिटी पर मकान लिया था। रुपये लेने के बाद नाबालिग के परिवार को रकम वापस करने तक कोई किराया नहीं देना था। दोनों भाइयों की मां की मौत के बाद पिता ने दूसरी शादी कर अलग रहना शुरू कर दिया। अब दोनों भाई शाहिद और इरशाद नाबालिग के परिवार को मकान खाली करने का दबाव बना रहे थे। दोनों परिवार को प्रताड़ित कर रहे थे। घटना वाले दिन भी नाबालिग के साथ इरशाद ने गाली-गलौज की थी। इससे परेशान होकर उसने वारदात को अंजाम दिया।

क्राइम ब्रांच के डीसीपी राकेश पावरिया ने बताया कि 14 सितंबर को गीता कालोनी के रानी गार्डन इलाके में शाहिद उर्फ आशु के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के समय वह अपनी दुकान में खुद ही सफेदी कर रहा था। शाहिद की हत्या के बाद उसका बड़ा भाई इरशाद उर्फ बॉबी भी गायब मिला। उसकी तलाश जारी रही। इस बीच टेक्निकल सर्विलांस से उसकी लोकेशन की जांच हुई तो उसकी लोकेशन घर की मिली। घर पर ताला लगा था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि इरशाद के घर के अंदर से खून बहकर बाहर आ रहा था। पुलिस ने ताला तोड़ा तो अंदर खून से लथपथ इरशाद का शव बरामद हुआ।

# गैंगस्टर हाशिम के शूटर मधुर ने नादिर को मारी थीं नौ गोलियां

ग्रेटर कैलाश एक में देर रात जिम संचालक नादिर शाह की गोली मारकर हत्या करने के मामले में शूटर व साजिश में शामिल बदमाश समेत उन्हें सुविधाएं मुहैया कराने वाले आरोपियों के बारे में पता लगा दिल्ली पुलिस ने अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार तो कर लिया है, लेकिन हत्या के पीछे मकसद क्या है इस बारे में स्पष्ट पता नहीं लग पाया है। नादिर को कबीर नगर, शाहदरा के रहने वाले बदमाश मधुर ने अकेले नजदीक जाकर अत्याधुनिक पिस्टल से ताबड़तोड़ नौ गोलियां मारी थी। दो-तीन गोलियां मधुर के शरीर को भेदते हुए आरपार हो गई थी जो पीछे खड़ी उसकी मर्सिडीज में भी जा घुसी थी। मधुर के बदमाश बनने की दास्तान बहुत चौकाने वाली है। बेहद गरीब परिवार से तालुक रखने वाला मधुर जब छोटा था तभी पिता का साया उठ गया था। उसके बाद यमुनापार के एक किन्नर ने अपने यहां रखकर उसका पालन पोषण किया। किशोरावस्था में आते ही बुरी संगत में पड़कर उसने पहले स्थानीय बदमाशों के साथ मिलकर पेटी क्राइम करना शुरू कर दिया था। बाद में एक बदमाश के जरिए वह यमुनापार के कुख्यात गैंगस्टर हाशिम उर्फ बाबा के गिरोह में शामिल हो गया। हाशिम ने पहले उससे छोटी-मोटी वारदात करवाई, फिर बड़ा टास्क देकर नादिर की हत्या करवा दी। नादिर की हत्या करने लॉरेंस गिरोह से जुड़े राजस्थान के गैंगस्टर रोहित गोदारा व यमुनापार के गैंगस्टर हाशिम बाबा के चार शूटर मधुर, राजू, आकाश यादव व नवीन बालियान को ग्रेटर कैलाश-1 में आना था। आकाश व नवीन पीछे रह गए थे. तब तक स्कूटी से राजू, मधुर के साथ जिम के बाहर पहुंच गया था।

# जनकपुरी SFS ब्लॉक की समस्याओं के निदान में स्थानीय विधायक का सहयोग अहम : आरडब्ल्यूए

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




पश्चिमी दिल्ली स्थित सी3 एसएफएस फ्लैट्स जनकपुरी के स्थानीय विधायक राजेश ऋषि का दौरा आपका विधायक आपके द्वार के तहत दोनों आरडब्ल्यूए की वर्षों से लंबित समस्याओं का जानने और उसका जल्द से जल्द निवारण करने के उद्देश्य से हुआ जिसमें ब्लॉक के सभी स्थानीय निवासियों ने हिस्सा लिया तथा ब्लॉक की तमाम समस्याएं जिसमें बाहरी टूटी हुई दीवार, टूटी हुई नालियाँ, गलियां, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट, कुड़ा घर से फैलने वाली दुर्गंध, विशालकाय पेड़ों की शाखाओं की कटाई के साथ पार्कों में बेंच झूले और सौंदर्यीकरण जैसी अनेकों प्रमुख समस्याओं से विधायक को अवगत करवाया गया !

विधायक राजेश ऋषि ने कहा कि इस ब्लॉक में बहुत सारी समस्याएं जोकि मेरे संज्ञान में पहले से आई हुई है जिसके लिए उन्होंने आश्वस्त किया कि हम जल्द विभागीय अधिकारियों से मिलकर जल्द से जल्द चुनाव से पहले करवाने का संकल्प लेते हैं ।

वार्ड संख्या 104 के अध्यक्ष राजीव विज ने कहा कि एसएफएस फ्लैट्स में हमने देखा है कि आप सभी आवासीय परिवारों को जिस तरह से परेशानी सहनी पड़ रही थी अब इस ब्लॉक की कई समस्याओं का निजात विधायक राजेश ऋषि के अतुल्य प्रयास और सहयोग द्वारा जल्द से जल्द चुनाव से पहले करवाये जायेंगे। आरडब्ल्यूए संरक्षक सत्या नारायण पोद्दार ने कहा की हमारा ब्लॉक डीडीए द्वारा आज से 40 वर्ष पूर्व बनाया गया है जो डीडीए के फ्लैट्स में जो सुविधा हमें मिलनी चाहिए थी उस से हम सभी वंचित रहे है , हमारे ब्लॉक की सड़कें, सीवर लाइन, बाउंड्री वॉल तथा बरसात की नालियों एवं पार्क की सफाई तक का काम समय पर नहीं होती यहां तक कि स्ट्रीट लाइट के खंबों की नंगी तारों का डर बच्चों को बाहर नहीं निकलने देती है जिसकी वजह से हम सभी बहुत परेशानी में जी रहे है। विधायक राजेश ऋषि ने हमारे ब्लॉक में आरडब्ल्यूए से साथ बैठक कर हमारी समस्या को समझा है और आश्वाशन दिया है जल्द से जल्द समस्या से निजात दिलवाएंगे।

इस बैठक में, संरक्षक सुमित बत्रा, अध्यक्ष संजय पोद्दार, महासचिव प्रिया चंडोक, कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, उपाध्यक्ष दीपक सचदेवा, दीपक सूद, सी पी वर्मा, जया जोसफ, अधिवक्ता आशीष और लक्ष्य के अलावा अन्य निवासी शामिल हुए। पश्चिमी दिल्ली स्थित सी3 एसएफएस फ्लैट्स जनकपुरी के स्थानीय विधायक राजेश ऋषि का दौरा आपका विधायक आपके द्वार के तहत दोनों आरडब्ल्यूए की वर्षों से लंबित समस्याओं का जानने और उसका जल्द से जल्द निवारण करने के उद्देश्य से हुआ जिसमें ब्लॉक के सभी स्थानीय निवासियों ने हिस्सा लिया तथा ब्लॉक की तमाम समस्याएं जिसमें बाहरी टूटी हुई दीवार, टूटी हुई नालियाँ, गलियां, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट, कुड़ा घर से फैलने वाली दुर्गंध, विशालकाय पेड़ों की शाखाओं की कटाई के साथ पार्कों में बेंच झूले और सौंदर्यीकरण जैसी अनेकों प्रमुख समस्याओं से विधायक को अवगत करवाया गया ! विधायक राजेश ऋषि ने कहा कि इस ब्लॉक में बहुत सारी समस्याएं जोकि मेरे संज्ञान में पहले से आई हुई है जिसके लिए उन्होंने आश्वस्त किया कि हम जल्द विभागीय अधिकारियों से मिलकर जल्द से जल्द चुनाव से पहले करवाने का संकल्प लेते हैं ।

वार्ड संख्या 104 के अध्यक्ष राजीव विज ने कहा कि एसएफएस फ्लैट्स में हमने देखा है कि आप सभी आवासीय परिवारों को जिस तरह से परेशानी सहनी पड़ रही थी अब इस ब्लॉक की कई समस्याओं का निजात विधायक राजेश ऋषि के अतुल्य प्रयास और सहयोग द्वारा जल्द से जल्द चुनाव से पहले करवाये जायेंगे। आरडब्ल्यूए संरक्षक सत्या नारायण पोद्दार ने कहा की हमारा ब्लॉक डीडीए द्वारा आज से 40 वर्ष पूर्व बनाया गया है जो डीडीए के फ्लैट्स में जो सुविधा हमें मिलनी चाहिए थी उस से हम सभी वंचित रहे है , हमारे ब्लॉक की सड़कें, सीवर लाइन, बाउंड्री वॉल तथा बरसात की नालियों एवं पार्क की सफाई तक का काम समय पर नहीं होती यहां तक कि स्ट्रीट लाइट के खंबों की नंगी तारों का डर बच्चों को बाहर नहीं निकलने देती है जिसकी वजह से हम सभी बहुत परेशानी में जी रहे है। विधायक राजेश ऋषि ने हमारे ब्लॉक में आरडब्ल्यूए से साथ बैठक कर हमारी समस्या को समझा है और आश्वाशन दिया है जल्द से जल्द समस्या से निजात दिलवाएंगे। इस बैठक में, संरक्षक सुमित बत्रा, अध्यक्ष संजय पोद्दार, महासचिव प्रिया चंडोक, कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, उपाध्यक्ष दीपक सचदेवा, दीपक सूद, सी पी वर्मा, जया जोसफ, अधिवक्ता आशीष और लक्ष्य के अलावा अन्य निवासी शामिल हुए।

# तीन दिनों में डेंगू से पीड़ित दो मरीजों की मौत



नई दिल्ली। राजधानी में बीते तीन दिनों में डेंगू से दूसरी मौत का मामला सामने आया है। ताजा मामले में 10 सितंबर से सफदरजंग अस्पताल में भर्ती डेंगू से पीड़ित 32 वर्षीय मरीज की मौत हो गई। इससे पहले बीते सप्ताह लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में 54 वर्षीय मरीज की मौत हुई थी। हालत यह है कि इस साल दिल्ली में डेंगू के 650 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। सफदरजंग अस्पताल के मुताबिक, मरीज डेंगू हेमरेजिक फीवर (डेंगू की गंभीर स्थिति) से पीड़ित था। उसका इलाज शुरू किया गया, लेकिन हालत पहले से ही गंभीर होने के कारण परेशानी और बढ़ती चली गई। वह मल्टीपल ऑर्गन डिफ्यूजन सिंड्रोम की स्थिति में पहुंच गया। इसके बाद उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों के मुताबिक ऐसी स्थिति मरीज के लिए खतरनाक हो जाती है और इसमें उसके बचने की संभावना बेहद कम हो जाती है। 24 घंटे में डेंगू के 13 संदिग्ध मरीज भती ः सफदरजंग अस्पताल में पिछले 24 घंटे में डेंगू के 13 संदिग्ध मरीज भर्ती हुए हैं। इससे पहले डेंगू से पीड़ित 15 मरीजों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। एक जुलाई से अब तक अस्पताल में डेंगू के 74 मरीज भर्ती हुए हैं। वहीं, लोकनायक अस्पताल समेत दिल्ली के अन्य अस्पतालों में भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं।

# ईद मिलादुन्नबी पर जुलूस-ए-मोहम्मदी का आयोजन, प्रशासन और स्थानीय लोगों के सहयोग से सुविधापूर्वक संपन्न

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस को मुस्लिम समाज में ईद मिलादुन्नवी के रूप में मनाया जाता है। इसे यौम-ए-पैदाइश यानी बारह रवि उल अव्वल भी कहा जाता है। ऐसे में सोमवार को ईद मिलादुन्नवी का त्योहार मनाया जा रहा है। इसमें जुलूस का आयोजन भी बड़े स्तर पर किया गया। ईद मिलादुन्नबी पर पश्चिमी दिल्ली में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। ये जुलूस पश्चिमी दिल्ली के विकास नगर से शुरू होकर मोहन गार्डन, रामा पार्क, नवादा, उत्तम नगर, पंखा रोड, बिंदापुर जनकपुरी, विकासपुरी, शिव विहार सहित कई इलाकों से होकर निकला।

पश्चिमी दिल्ली की 30 मस्जिदों की तरफ से लंबा जुलूस निकाला गयाः पश्चिमी दिल्ली की 30 मस्जिदों की तरफ से कई किलोमीटर लंबा जुलूस निकाला गया, जिसमें हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के साथ-साथ हिंदू समुदाय के लोग भी शामिल हुए। जुलूस को बड़े ही अमनो सुकून के साथ निकाला गया। वहीं लोगों ने एकता और भाईचारे की मिसाल पेश की। हाथों में देश की शान तिरंगा लिए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मजहबी झंडा फहराने के साथ साथ देश और इस्लाम के समर्थन में खूब नारे भी बुलंद किये। इस मौके पर द्वारका जिले के एडिशनल डीसीपी अनुराग द्विवेदी सहित काफी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया ताकि ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल और माहौल खराब न हो सके। इसके लिए पुलिस और 30 मस्जिदों की तरफ से जुलूस में शामिल हुए वॉलिंटियरों की पैनी नजर रही। वहीं, इस जुलूस के दौरान ट्रैफिक जाम न लगे इसलिए पुलिस के साथ साथ हर एक मस्जिद की तरफ से आये वॉलिंटियरों ने भी मोर्चा संभाला था। मस्जिद के वॉलिंटियरों ने एम्बुलेंस को जाम से निकलवायाः वहीं, जुलूस के दौरान जब एक एम्बुलेंस को जाम का सामना करना पड़ा तब कादरिया जिलानी मस्जिद की तरफ से लगे वॉलिंटियरों एम्बुलेंस को जाम से निकलवाया। रथ पर सवार कादरिया जिलानी मस्जिद के इमाम ने बताया कि आज पैगम्बर हजरत मुहम्मद का पैदाइश का दिन है और आज के दिन ही वो दुनिया में तशरीफ लाये थे और उनका पैगाम था कि जिस मुल्क में रहो वहां की मिट्टी से मुहब्बत करो। आपस मे भाईचारा कायम रखो और अपने पड़ोसी से मुहब्बत करो चाहे वो किसी भी मजहब या धर्म से ताल्लुक रखता हो।

# एनसीडीआरसी के सभी मामले हाईकोर्ट के लिए उपयुक्त नहीं




नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि एनसीडीआरसी का दफ्तर दिल्ली में होने से सभी मामले दिल्ली हाईकोर्ट के अधिकार क्षेत्र में नहीं आते। न्यायमूर्ति मनोज जैन ने सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले को आधार बनाते हुए कहा कि एनसीडीआरसी के निर्णयों को चुनौती देने का अधिकार उस हाईकोर्ट के पास है जहां कार्रवाई का मूल कारण उत्पन्न हुआ था। पीठ ने कहा कि एनसीडीआरसी के सभी निर्णय को चुनौती देने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय उपयुक्त मंच नहीं हो सकता है। पीठ ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि न्यायिक समीक्षा के उपाय को केवल दिल्ली तक सीमित करना भारत के संविधान की भावना के विपरीत होगा।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण



देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें
पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, मंगलवार, 17 सितम्बर, 2024

# मिशन एडमिशन : डीयू में स्पॉट राउंड के पहले चरण के दाखिले 18 से

## 18-19 सितंबर को हो सकेंगे आवेदन, अपग्रेड व दाखिला वापस लेने का अवसर नहीं मिलेगा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के तहत स्नातक प्रोग्राम में दाखिले के तीन राउंड संपन्न होने के बाद अब भी सीटें खाली हैं। ऐसे में डीयू सीटों की समीक्षा के बाद दुबारा से दाखिला प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। सीटों को भरने के लिए स्पॉट राउंड-1 शुरू करने की घोषणा की गई है। स्पॉट राउंड-1 की शुरूआत 18 सितंबर सुबह 10 बजे से होगी। इसी समय पर डीयू की ओर से खाली सीटों की जानकारी जारी की जाएगी। जिसके आधार पर छात्र खाली सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन कर सकेंगे। इस राउंड में वह ही छात्र दाखिला पाने के योग्य होंगे जिन्हें अब तक कहीं दाखिला नहीं मिल सका है। वहीं, छात्रों को अपनी सीट को अपग्रेड व दाखिला वापिस लेने (विद ड्रा) का अवसर नहीं मिलेगा। दिल्ली विश्वविद्यालय दाखिला डीन प्रो हनीत गांधी के अनुसार, 15 सितंबर तक 72,263 दाखिले हो चुके हैं। अब खाली सीटों को भरने के लिए स्पॉट राउंड-1 आयोजित करने जा रहे हैं। इससे पहले 18 सितंबर सुबह 10 बजे खाली सीटों की जानकारी छात्रों के डैश बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी। खाली सीटों पर दाखिले के लिए छात्र 18 सितंबर सुबह 10 बजे से 19 सितंबर शाम 4:59 मिनट तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के आधार पर छात्रों को सीट का आवंटन 21 सितंबर दोपहर तीन बजे तक किया जाएगा। डीयू में दाखिले के लिए तीन राउंड हुए, अंतिम राउंड (तीसरे) की प्रक्रिया 15 सितंबर को ही संपन्न हुई है। इसके बाद भी सीटें बचने पर स्पॉट राउंड से दाखिले किए जाने की घोषणा की गई है। इसमें वह छात्र दाखिला लेने के योग्य होंगे, जिन्हें 17 सितंबर शाम पांच बजे तक कहीं दाखिला नहीं मिला होगा। फ्रीज मोड में चला जाएगा छात्रों का डैश बोर्ड वहीं, अब तक दाखिला पाए सभी छात्रों का डैशबोर्ड अब फ्रीज मोड पर चला जाएगा और वह अपने पहले वाले दाखिले को वापस नहीं ले सकेंगे। इस राउंड में हिस्सा लेने के लिए छात्रों को अपने डैशबोर्ड के माध्यम से स्पॉट राउंड-1 का विकल्प चुनना होगा। दाखिला लेने के इच्छुक छात्र केवल उन्हीं कार्यक्रम-कॉलेज संयोजनों का चयन कर सकेंगे, जहां श्रेणी के अनुसार सीटें खाली होंगी। इस तरह से सीट की उपलब्धता के आधार पर ही सीट का आवंटन होगा। पहले के राउंड की तरह ही इस राउंड में भी छात्रों के लिए आवंटित सीट को स्वीकार करना जरूरी होगा। यदि वह सीट को स्वीकार नहीं करते तो वह कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस यूजी) से बाहर हो जाएंगे। इस स्पॉट एडमिशन राउंड में आवंटित सीट अंतिम होगी और स्पॉट एडमिशन के किसी भी बाद के राउंड में अपग्रेड नहीं की जाएगी। मालूम हो कि डीयू की करीब 71600 सीटों के लिए अब तक 72263 दाखिले हो चुके हैं। बताया जा रहा है कि अब भी विभिन्न कॉलेजों में करीब तीन हजार सीटें खाली हैं। इनमें अधिकतर खाली सीटें आरक्षित श्रेणी की ही हैं।

**महत्वपूर्ण बातें**

-उम्मीदवार केवल उन पाठ्यक्रम और कॉलेज के संयोजनों का चयन कर सकते हैं, जहां रिक्त सीटें उपलब्ध हैं।

-स्पॉट राउंड में आवंटित सीट पर प्रवेश लेना अनिवार्य होगा।

-यदि आवंटित सीट को स्वीकार नहीं किया गया तो उम्मीदवार की प्रवेश की पात्रता समाप्त हो जाएगी और वह सीएसएएस यूजी 2024 प्रक्रिया से बाहर हो जाएगा।

-इस राउंड में सीट को अपग्रेड या वापस लेने का कोई विकल्प नहीं होगा।

**ये हैं प्रमुख तिथियां**

-रिक्त सीटों का विवरणः 18 सितंबर 2024, बुधवार सुबह 10:00 बजे

-स्पॉट राउंड-1 के लिए आवेदनः 18 सितंबर 2024, सुबह 10:00 बजे से 19 सितंबर 2024, रात 11:59 बजे तक

-आवंटन की घोषणाः 21 सितंबर 2024, शनिवार दोपहर 3:00 बजे

-आवंटित सीट को स्वीकार करनाः 21 सितंबर 2024, दोपहर 3:00 बजे से 22 सितंबर 2024, रात 11:59 बजे तक

-कॉलेज द्वारा ऑनलाइन आवेदन की पुष्टिः 21 सितंबर 2024, शनिवार दोपहर 3:00 बजे से 23 सितंबर 2024, शाम 4:59 बजे तक

-ऑनलाइन फीस जमा करने की अंतिम तिथिः 24 सितंबर 2024, शाम 4:59 बजे तक

## मोबाईल, पानी का मीटर, सिगरेट तक चुराता



संवाददाता

डाबड़ी थाना की पुलिस टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जो दिल्ली पुलिस का घोषित बीसी भी है। इसके पास से तीन मोबाइल, पानी का मीटर और 24 पैकेट सिगरेट का बरामद किया गया है। वह पहले से हत्या के प्रयास, सेंधमारी, घर में चोरी के सात मामलों में शामिल रहा है। वह हाल में ही जेल से बाहर आया था।

डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि इसकी गिरफ्तारी से चोरी और घरों में सेंधमारी करने के सात मामलों का खुलासा किया गया है। इसे गिरफ्तार करने के लिए इंस्पेक्टर विवेक मंडोला की देखरेख में एएसआई कृष्ण की टीम को लगाया गया था।

पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज की मदद से छानबीन कर रही थी और फिर इसके बारे में जानकारी मिलते ही इसे उत्तम नगर के सफेद पार्क के पास से पकड़ा। जब यह अपने दोस्तों के साथ गांजा पी रहा था। गिरफ्तार आरोपी साहिल, सीतापुरी इलाके का रहने वाला है। इसने 2021 में शराब तस्कर पर फायरिंग भी की थी और तब यह गिरफ्तार हुआ था।

## द्वारका आइडल फिनाले, 170 प्रतिभागियों ने बिखेरा सिंगिंग का जादू



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

द्वारका के पैसिफिक डी21 मॉल में आयोजित द्वारका आइडल सिंगिंग प्रतियोगिता के फिनाले में 170 प्रतिभागियों ने अपने गायन से दर्शकों का दिल जीता। द्वारका बीट्स और सीनियर्स हब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में चार आयु वर्गों– 5-10 वर्ष, 11-17 वर्ष, 18-35 वर्ष, और 36 वर्ष से ऊपर– में प्रतियोगिता हुई। सेमीफाइनल के बाद चुने गए 24 फाइनलिस्टों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंत में 12 प्रतिभागियों को द्वारका आइडल का खिताब मिला। पैसिफिक ग्रुप के एजीक्यूटिव डायरेक्टर अभिषेक बंसल ने कहा कि हमने स्थानीय प्रतिभाओं को एक मंच दिया, जो संगीत के जरिए समुदाय को भी जोड़ता है। बंसल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए इस आयोजन को सफल बनाने के लिए उनकी सराहना की।

## अस्पतालों में इंजेक्शन नहीं दर्द से तड़प रहे हीमोफीलिया के मरीज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



पटेल नगर के मुकुल गांधी हीमोफीलिया की बीमारी से जूझ रहे हैं। इंजेक्शन की डोज न मिलने से उन्हें असहनीय दर्द हो रहा है और चल तक नहीं पा रहे हैं। वह रविवार को जीटीबी अस्पताल की इमरजेंसी में हीमोफीलिया का इंजेक्शन लगवाने के लिए गए। इंजेक्शन न होने की बात कहकर उन्हें लौटा दिया गया। उन्होंने बताया कि करीब एक साल से इंजेक्शन नहीं मिल रहा है। अब तक हीमोफीलिया से ग्रसित एक मरीज की जान जा चुकी है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि सरकारी अस्पतालों में इसका इंजेक्शन उपलब्ध करा कर हीमोफीलिया के मरीजों को जान बचा लें। यह दर्द केवल मुकुल का ही नहीं, मुन्ना राय, दीपक, राहुल कुमार समेत दर्जनों मरीजों का है। एनएनजेपी अस्पताल में इंजेक्शन न मिलने की वजह से शनिवार को यह सभी मरीज डीडीयू अस्पताल गए। इंजेक्शन नहीं होने की बात कहकर उन्हें लौटा दिया गया। इसके बाद रविवार को सभी मरीज जीटीबी अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचे। यहां भी मरीजों को इंजेक्शन नहीं मिला। मुन्ना राय बताते हैं कि इंजेक्शन न मिलने की वजह से पैर में असहनीय दर्द हो रहा है। वह लंगड़ा कर चल रहे हैं। राहुल कुमार को भी यही बीमारी है। राहुल का कहना है कि इसकी वजह से वह नौकरी पर भी नहीं जा पा रहे हैं। मुकुल बताते हैं कि दिल्ली के एनएनजेपी, डीडीयू और जीटीबी अस्पताल में हीमोफिलिया के इलाज की व्यवस्था है। लेकिन यहां करीब एक साल से इंजेक्शन नही मिल पर रहा है। ऐसे में मरीज की जान पर खतरा मंडरा रहा है। प्राइवेट अस्पताल में इसका हर महीने के इलाज खर्च लाखों रुपये है। ऐसे में मरीज कहां जाएं? हालांकि, कई बार दूसरे राज्यों में जाकर इसका इंजेक्शन मरीज लगवा रहे हैं। लेकिन पैसे के अभाव में कई मरीज वहां जाने में असमर्थ हैं। मरीजों ने डीडीयू, जीटीबी और एनएनजेपी अस्पताल के अधिकारियों को पत्र भी लिखा है और दवा उपलब्ध कराने की मांग की है।

## केजरीवाल के इस्तीफे के ऐलान के बाद हुई आप पीएसी की बैठक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आबकारी नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के दौरान अपने इस्तीफे का ऐलान कर दिया। उनके ऐलान के बाद राष्ट्रीय राजधानी की सियासी फिजा में हलचल तेज हो गई। मुख्यमंत्री कल (17 सितंबर) अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इस बीच, आज मुख्यमंत्री के आवास पर पीएसी (पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी) की बैठक हुई। बैठक में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय शर्मा, दुर्गेश पाठक, आतिशी, गोपाल राय, इमरान हुसैन, राघव चड्ढा, राखी बिड़लान, पंकज गुप्ता, एनडी गुप्ता शामिल हुए।

इस बीच आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा, ह्भारतीय जनता पार्टी की नाराजगी का आलम यह है कि ये लोग अब एक निर्वाचित मुख्यमंत्री के पीछे पड़ चुके हैं। इसके लिए बीजेपी ने पूरी ताकत लगा दी है। केजरीवाल जब जेल से बाहर निकले, तो उन्होंने सत्ता का सुख भोगना जरूरी नहीं समझा। उन्होंने लोगों के हितों को ज्यादा सर्वोपरि समझा। केजरीवाल ने दो टूक कह दिया कि जब तक दिल्ली की जनता नहीं कह देगी, मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा। भारद्वाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अब उनकी साजिश का पदार्फाश हो चुका है। देश की जनता इनके कुचक्र को समझ चुकी है, लेकिन इन लोगों से अब कुछ खास होने वाला नहीं है।

केजरीवाल के इस्तीफे के ऐलान के बाद लोगों के जेहन में यही सवाल है कि अब दिल्ली की कमान किसे सौंपी जाएगी? आखिर कौन होगा वो शख्स, जिसे आम आदमी पार्टी मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंप सकती है। इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी तो सामने नहीं आई है, लेकिन बताया जा रहा है कि शीर्ष नेतृत्व आतिशी, सुनीता केजरीवाल, गोपाल राय, कैलाश गहलोत और सौरभ भारद्वाज में से किसी का एक नाम सीएम पद के लिए फाइनल कर सकता है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने पद से इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया था। इस पर बीजेपी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आखिर उन्हें अब इस्तीफा देना ही पड़ रहा है। कांग्रेस नेता देवेंद्र यादव ने कहा कि उन्हें काफी पहले ही इस्तीफा दे देना चाहिए था। जिस तरह से पिछले चार महीने से दिल्ली की जनता विभिन्न प्रकार की दुश्वारियों से जूझ रही है, उसे ध्यान में रखते हुए उन्हें तो काफी पहले ही इस्तीफा दे देना चाहिए था, लेकिन उन्होंने नहीं दिया। इससे पहले जब सीएम केजरीवाल को आबकारी नीति मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली थी, तो आम आदमी पार्टी ने इसे सत्य की जीत बताया था। आप नेताओं ने एक सुर में कहा था कि सत्य को परेशान किया जा सकता है, लेकिन पराजित नहीं।

## दिल्ली में समय पूर्व चुनाव कराने का फैसला भाजपा को लेना है: आप

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को कहा कि उसने दिल्ली में समय पूर्व (नवंबर में) चुनाव कराने की मांग करके इस मामले में गेंद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पाले में डाल दी है और अब यह विपक्षी पार्टी (भाजपा) पर निर्भर है कि वह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का सामना करने के लिए तैयार है या नहीं।

दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि केजरीवाल मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे और उसके बाद उनके स्थान पर नए चेहरे के चयन की प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने कहा कि इस पर अभी कोई चर्चा नहीं हुई है कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, आज छुट्टी है और कल सप्ताह का पहला कार्य दिवस है। वह (केजरीवाल) उपराज्यपाल को कल अपना इस्तीफा सौंपेंगे और इस्तीफा स्वीकार होने के बाद नए नाम पर फैसला करने के लिए पार्टी विधायकों की बैठक होगी। भारद्वाज ने कहा कि इस पद के लिए चुना गया व्यक्ति उपराज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति के समक्ष अपना दावा पेश करेगा। भारद्वाज ने कहा, हमारे पास बहुमत है और हमें आमंत्रित किया जाएगा और फिर शपथ ग्रहण की प्रक्रिया होगी। इसमें एक सप्ताह का समय लगेगा। आप संयोजक केजरीवाल ने रविवार को इस्तीफा देने और तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठने की घोषणा की, जब तक जनता उन्हें ईमानदारी का प्रमाणपत्र नहीं दे देती। केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में समय पूर्व चुनाव कराने की मांग की।

भाजपा ने कहा है कि यदि केजरीवाल समय पूर्व चुनाव चाहते हैं तो उन्हें अपने इस्तीफे को लेकर यह नाटक करने के बजाय दिल्ली विधानसभा भंग कर देनी चाहिए।

भारद्वाज ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, ह्गेंद भाजपा के पाले में है। अगर वे केजरीवाल का सामना करने के लिए तैयार हैं तो वे समय से पूर्व चुनाव कराने का फैसला कर सकते हैं।

आप के वरिष्ठ नेता ने कहा कि दिल्ली चुनाव पहला ऐसा चुनाव होगा जो ईमानदारी के मुद्दे पर लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा, केंद्र अपनी सभी एजेंसियों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री के पीछे पड़ा हुआ है। उन्होंने उन्हें बदनाम करने के लिए सभी प्रयास किए हैं। इसके बावजूद उन्हें लोगों और अपनी ईमानदारी पर भरोसा है। यह एक ऐतिहासिक घटना है।

मंत्री ने कहा कि केजरीवाल की घोषणा से हर जगह आम लोगों के बीच चर्चा शुरू हो गई है। उन्होंने कहा, ह्लोग जल्दी से जल्दी मतदान करना चाहते हैं और केजरीवाल को चुनने के लिए समय पूर्व चुनाव चाहते हैं। भाजपा के खिलाफ नाराजगी है। भगवान राम ने अपने आदर्शों की खातिर अपना राजपाट त्याग दिया था और वनवास जाना चुना था। उनके स्थान पर चुने गए भरत ने भगवान राम के लौटने का इंतजार किया। उन्होंने कहा, केजरीवाल राम नहीं हैं, लेकिन अपनी कुर्सी छोड़कर वह एक उदाहरण पेश कर रहे हैं।

## 65 साल में सिर्फ 11 छात्राएं ही बनीं अध्यक्ष



नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव 70वें साल में प्रवेश कर रहा है। विश्व के सबसे बड़े छात्र संघ चुनावों में शुमार डूसू में आधी आबादी की भागीदारी बेहद कम रही है। यह तब है जब विश्वविद्यालय में हर वर्ष छात्राओं का नामांकन छात्रों से अधिक रहता है। 65 सालों में हुए चुनावों में सिर्फ 11 छात्राएं ही अध्यक्ष रही हैं। डूसू में महिलाओं के लिए दो सीट आरक्षित करने के लिए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। डीयू को इस पर फैसला लेना है। लेकिन, अधिकारियों का कहना है कि इस वर्ष इस पर कोई फैसला आना मुश्किल है। डूसू चुनाव 1954 से हो रहे हैं। आखिरी बार 2008 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रत्याशी नूपुर शर्मा अध्यक्ष चुनी गईं थीं। इससे पहले 1954 से 88 तक यानी 24 साल तक पुरुष ही अध्यक्ष रहे थे। 1989 में पहली बार महिला अंजू सचदेवा महिला अध्यक्ष चुनीं गईं थीं। एनएसयूआइ के दिल्ली प्रभारी हनी बग्गा ने कहा, छात्राओं के लिए अलग से घोषणापत्र ला रहे हैं। टिकट में उनकी बराबर भागीदारी हो, इसका पक्षधर संगठन हमेशा से रहा है। हालांकि वाम छात्र संगठन छात्राओं को टिकट देते हैं, लेकिन विश्वविद्यालय में उनका प्रभाव बेहद कम है। हाई कोर्ट में दाखिल याचिका पर डीयू प्राक्टर प्रो. रजनी अब्बी ने कहा, इस वर्ष आरक्षण पर विश्वविद्यालय की ओर से फैसला थोड़ा मुश्किल है। आने वाले वक्त में कोई फैसला लेने पर विचार किया जा सकता है।

## सादर बाजार में पटरी पर बेच देता था मोबाइल

- चोर और रिसीवर गिरफ्तार, 40 मोबाईल बरामद

संवाददाता

रघुवीर नगर पुलिस चौकी की टीम ने एक ऐसे शातिर सेंधमार को गिरफ्तार किया है। जो रघुवीर नगर, राज पार्क, पश्चिम विहार वेस्ट आदि इलाकों में महंगे मोबाइल पर हाथ साफ करता था। फिर उसे अपने दोस्त को बेच देता था और उसका दोस्त सदर बाजार में पटरी पर बिछाकर वही मोबाइल लेबर को रिक्शा वालों को सस्ते कीमत पर बेच दिया करता था। इनके पास से पुलिस ने 40 महंगे मोबाइल बरामद किया गया है और अभी तक की जांच में सात मामलों का खुलासा करने का दावा किया गया है। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विकास उर्फ मामा और विपुल के रूप में हुई है। यह दोनों सुल्तानपुरी और टैगोर करने इलाके के रहने वाले हैं। इनमें से विकास घरों में चोरी और सेंधमारी की वारदात को अंजाम देकर वहां महंगे मोबाईल पर हाथ साफ करता था। यह पहले से भी आपराधिक मामले में शामिल रहा है। एसीपी तिलक नगर सुरेंद्र सिंह राठी की देखरेख में एसएचओ विनोद अहलावत, चौकी इंचार्ज सुदीप पूनिया की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच शुरू की थी। जब एक घर में हुई चोरी की वारदात को सुलझाने में पुलिस टीम लगी हुई थी। वहां से मोबाइल चोरी किया गया था। पुलिस ने रघुवीर नगर से पहले विकास को पकड़ा। उसके पास से चोरी का मोबाइल बरामद किया गया। उसने पूछताछ में बताया कि वह विपुल को टैगोर गार्डन में मोबाइल बेचता है। फिर विपुल के यहां छापा मारकर उसे पकड़ा गया। उसके ठिकाने से 36 मोबाइल बरामद किए गए। पुलिस ने अभी तक जिन सात मामलों का खुलासा इनकी गिरफ्तारी से किया है। उनमें ख्याला, राज पार्क और पश्चिम विहार वेस्ट थाना के मामले हैं। आगे की कार्रवाई पुलिस टीम कर रही है।

## जनित बीमारी के मामलों में वृद्धि, दिल्ली में डेंगू से पहली मौत

नई दिल्ली। वेक्टर (परजीवी, वायरस और बैक्टीरिया) जनित बीमारी के मामलों में वृद्धि के बीच दिल्ली में इस साल डेंगू से पहली मौत दर्ज हुई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि पिछले हफ्ते लोक नायक अस्पताल में 54 वर्षीय एक व्यक्ति की डेंगू से मौत हो गई। इस व्यक्ति को पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर के रहने वाले 27 अगस्त को लोक नायक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आधिकारिक रिकार्ड के अनुसार, उसे आठ सितंबर को मृत घोषित कर दिया गया। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि अभी डेंगू से पीड़ित पांच मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। उनका उपचार किया जा रहा है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकारियों के मुताबिक, इस साल राष्ट्रीय राजधानी में डेंगू के 650 से अधिक मामले सामने आए हैं। 2023 में दिल्ली में डेंगू के 9,266 मामले और 19 मौतें दर्ज की गईं थी। पिछले साल के जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले नगर निकाय ने डेंगू के मामलों और मौतों पर साप्ताहिक रिपोर्ट जारी करना बंद कर दिया था, हालांकि नगर निगम समय समय पर डेंगू के प्रति लोगों को जागरूक करती है। राजधानी दिल्ली में डेंगू से पहली मौत होने का दावा भाजपा ने किया है। निगम में नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह व भाजपा दिल्ली प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि बार-बार निगम की आप सरकार को चेतावनी देने के बाद भी कोई कदम मच्छर जनित बीमारियों को लेकर जमीनी स्तर पर उठाए जा रहे हैं। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि खेदपूर्ण है कि बढ़ती वर्षा, जलजमाव एवं गंदगी के बावजूद महापौर ने मच्छर रोधी अभियान पर बिल्कुल ध्यान नही दिया, सिर्फ बयानबाजी की और उसके कारण दिल्ली की स्थिती पूरी तरह बिगड़ गई है और आज डेंगू मलेरिया दिल्ली में पैर पसार रहे हैं।

## नैक की टीम सुझाव देकर चली जाती है कमियों के विषय में यूजीसी / शिक्षा मंत्रालय को रिपोर्ट नहीं करती

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में आजकल यूजीसी के माध्यम से नैक की टीम का दौरा चल रहा है जिसमें यह पता लगाया जा रहा है कि कॉलेज / संस्थान ने पाँच साल में कितनी प्रगति की है । बता दें कि यूजीसी द्वारा हर पांच साल बाद कॉलेजों व विश्वविद्यालयों का नैक की टीम के माध्यम से दौरा कर पता लगाया जाता है कि यूजीसी व शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित इन विश्वविद्यालयों /कॉलेजों में सरकार की योजनाओं का कितना अनुपालन किया जा रहा है । नैक की टीम जब कॉलेजों में दौरा करने आती है तो कॉलेज प्रिंसिपल कॉलेज के स्टाफ एसोसिएशन , एससी/एसटी व ओबीसी टीचर्स एसोसिएशन , कर्मचारी यूनियन , ओबीसी व एससी/एसटी सेल , दिव्यांग शिक्षकों से वे मुलाकात नहीं कराते और आरक्षित वर्गों के साथ होने वाली नियुक्तियों व पदोन्नतियों में भेदभाव , रोस्टर रजिस्टर में फेरबदल करना , प्रिंसिपल पदों पर आरक्षण न देना , आरक्षित वर्गों के छात्रों के प्रवेश संबंधी जानकारी , हर साल इन वर्गों के छात्रों की सीटें खाली रहना , शिक्षकों और कर्मचारियों के पदों का बैकलॉग, शिक्षकों के साथ जातीय आधार पर होने वाला भेदभाव को लेकर उनके साथ बैठक भी नहीं कराते हैं और न ही एससी/एसटी, ओबीसी व दिव्यांग शिक्षकों के साथ की गई भेदभावपूर्ण नीति को नैक टीम के समक्ष प्रस्तुत करने दिया जाता । फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस ने यूजीसी के चेयरमैन को एक पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने मांग की है कि कॉलेजों/संस्थानों / विश्वविद्यालयों में भेजी जा रही नैक टीम में आरक्षित वर्गों के किसी सीनियर प्रोफेसर को ऑब्जर्वर के रूप में भेजा जाए ताकि वह एससी/एसटी , ओबीसी व पीडब्ल्यूडी के शिक्षकों के साथ कैसा व्यवहार होता है तथा कॉलेज में एससी/एसटी , ओबीसी सेल काम कर रहे हैं या नहीं पता लगा सके ?

फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस (शिक्षक संगठन) के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने यूजीसी चेयरमैन प्रोफेसर एम .जगदीश कुमार को एक प्रस्ताव भेजा है, जिसमें फोरम की ओर से मांग की गई है कि किसी भी विश्वविद्यालय /कॉलेज /संस्थान में यूजीसी द्वारा नैक की टीम को भेजा जाए तो उस टीम में एससी/एसटी , ओबीसी के सीनियर प्रोफेसर को ऑब्जर्वर के रूप में विश्वविद्यालय /कॉलेज के प्रोफेसर को नैक टीम में रखा जाए । उन्होंने टद्वारा जब विश्वविद्यालय/ कॉलेज /संस्थान की रिपोर्ट तैयार किया जाए तो इस तथ्य पर जरूर ध्यान देना चाहिए कि संस्थान की ओर से क्या आरक्षित वर्गों के शिक्षकों /कर्मचारियों व छात्रों के लिए सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं, यदि नहीं तो उसकी रिपोर्ट यूजीसी / शिक्षा मंत्रालय को करें तथा नैक में उसे किसी तरह का कोई ग्रेड नहीं दिया जाए । साथ ही नैक की उस रिपोर्ट को यूजीसी के अलावा शिक्षा मंत्रालय , एससी/एसटी कमीशन , पिछड़ा वर्ग आयोग व एससी/एसटी के कल्याणार्थ संसदीय समिति को भी भेजी जाए ताकि उस संस्थान /कॉलेज के विषय में लोगों तक जानकारी पहुंचे । इसके अतिरिक्त डॉ. सुमन ने इस बात पर भी जोर दिया कि नैक टीम की रिपोर्ट को प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के समक्ष भी प्रस्तुत की जाए , जिससे यह पता चल सके कि संस्थान की प्रगति , उपलब्धि व किन- किन संसाधनों की कमी पाई गई है तथा एससी/एसटी , ओबीसी व दिव्यांग शिक्षकों /कर्मचारियों व छात्रों के प्रति कैसा व्यवहार किया जाता है ?

डॉ. हंसराज सुमन ने बताया है कि नैक की टीम अपने दौरे के दौरान कॉलेज की कमियों को बताते है कि आपके कॉलेज में छात्र / छात्राओं का हॉस्टल नहीं है , छात्रों के लिए खेल का मैदान नहीं है और न ही छात्रों के कार्यक्रम करने के लिए कोई ऑडोटोरियम , छात्रों के पास टैब आदि भी नहीं है , पुस्तकालय में अच्छी पुस्तकों का अभाव , साफ -सफाई आदि से संबंधित नैक टीम प्रिंसिपल को उसके कॉलेज की कमियों को बताती है व सुझाव देकर चली जाती है। डॉ. सुमन का कहना है कि नैक टीम ने कॉलेज की जिन कमियों को बताया तथा सुझाव दिए यदि यही नैक टीम यूजीसी व शिक्षा मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपे और निर्देश दे कि उस कॉलेज को अपनी बिल्डिंग , खेल का मैदान, ऑडोटोरियम , हॉस्टल आदि की बहुत आवश्यकता है । उनका कहना है कि उसके बाद शिक्षा मंत्रालय व केंद्र सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह उस कॉलेज / संस्थान की उस कमी को दूर करें। साथ ही कॉलेज / संस्थान में जिन संसाधनों की कमी पाई गई है उसे जल्द से जल्द दूर किया जाए तभी कॉलेज शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर पाएगा अन्यथा पाँच साल बाद वही स्थिति मिलेगी ।

## राजौरी गार्डन पुलिस ने 1 शातिर बदमाश को किया गिरफ्तार

संवादाता

राजौरी गार्डन थाना के सुभाष नगर पुलिस चौकी की टीम ने एक शातिर झपटमार को गिरफ्तार किया है। जो मोबाइल छीनने, चुराने की वारदात को अंजाम देता था। यह पहले से पांच मामलों में शामिल रहा है। इसके पास से दो मोबाइल और बटनदार चाकू बरामद किया गया है।

डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि एसएचओ एम एस कमाल की देखरेख में चौकी इंचार्ज विकास फगेरिया की टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान इस शख्स को जस्सा राम पार्क सुभाष नगर के पास संदिग्ध हालत में घूमते हुए पकड़ा। वह पुलिस कर्मियों से बचने के लिए भागने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा करके उसे पकड़ा। जब तलाशी ली तो मोबाइल और बटनदार चाकू बरामद किया गया। उसकी पहचान सनी उर्फ कालू के रूप में हुई।

पूछताछ में पता चला कि वह पहले से स्नैचिंग, सेंधमारी, एनडीपीएस और चोरी के मामलों में शामिल रहा है। इसकी गिरफ्तारी से राजौरी गार्डन और हरी नगर थाना के तीन मामलों का खुलासा पुलिस ने किया है।

## केजरीवाल की दिल्ली में समय से पहले चुनाव कराने की अपील, संभव तभी जब चुनाव आयोग तैयार होगा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली सरकार का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी 2025 को समाप्त होने वाला है। इससे पहले ही आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे का ऐलान कर दिया है। अपनी जगह वह किसे मुख्यमंत्री बनाएंगे, इस पर मंथन शुरू हो चुका है। उधर, जिस तरह कार्यकताओं से संवाद के दौरान केजरीवाल ने समय से पहले दिल्ली में विधानसभा चुनाव कराने की अपील की है, ऐसे में सियासी गलियारे में चर्चा शुरू हो गई है कि क्या दिल्ली में भी महाराष्ट्र और झारखंड के साथ ही विधानसभा चुनाव होंगे?

हालांकि, चुनाव केंद्र की मर्जी पर निर्भर करता है। केंद्र के आदेश पर ही चुनाव आयोग दिल्ली में समय से पहले चुनाव की घोषणा कर सकता है। इसके लिए अअढ को पहले विधानसभा भंग कर नए विधानसभा गठन की सिफारिश उपराज्यपाल से करनी होगी। राज्य निर्वाचन आयोग के कमिश्नर रहे विजय देव के अनुसार, समय से पहले चुनाव संभव है, लेकिन यह पूरी तरह से चुनाव आयोग पर निर्भर करता है। इसके लिए सत्तारूढ़ राजनीति दल को कैबिनेट बैठक बुलानी होती है और उपराज्यपाल को विधानसभा भंग करने और अगली विधानसभा के गठन की प्रक्रिया शुरू करने की सिफारिश करनी होगी। चुनाव पहले कराने के लिए आयोग को करना होगा पूरा आकलनः उन्होंने बताया कि इसके अलावा चुनाव आयोग को कई अन्य पहलुओं पर भी विचार करना होगा। जैसे वोटर लिस्ट तैयार है या नहीं, चुनाव के दौरान पर्याप्त पुलिस वालों की उपलब्धता, पैरा मिलिट्री फोर्स उपलब्ध है या नहीं? इसके अलावा चुनाव में खर्च होने वाली धनराशि की स्थिति का भी आकलन होता है। मौजूदा स्थितियों में उपयुक्त सभी कुछ तय होने के बाद ही चुनाव समय से पहले कराया जा सकते हैं। 24 दिसंबर तक अपडेट होना है वोटर लिस्टः पिछले दिनों ही भारत के निर्वाचन आयोग के आदेशों के बाद दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की तरफ से दिल्ली की वोटर लिस्ट को अपडेट करने के लिए एक पूरा शेड्यूल जारी किया था। साथ ही दिल्ली के लोगों के लिए एक अपील भी जारी की गई है, जिसमें वोटर लिस्ट बनवाने से लेकर, कटवाने, संशोधन करवाने और खास तौर पर 1 जनवरी, 2025 को 18 साल के होने वाले युवाओं को भी वोटर लिस्ट में अपना नाम रजिस्टर्ड करने की विशेष अपील की गई है। इसी महीने की शुरूआत में चुनाव आयोग ने दिल्ली ऑफिस को आदेश दिया है कि स्पेशल समरी रिवीजन के तहत 1 जनवरी, 2025 तक वोटर बनने वाले लोगों को इसमें शामिल किया जाए। वोटर लिस्ट को अपडेट करने की तारीख 24 दिसंबर 2024 निर्धारित की गई है। यानी इस तारीख के बाद दिल्ली में वोटर बनाने का कार्य बंद हो जाएगा। इस तारीख तक दिल्ली के मतदाताओं की तरफ से मिले दावों और आपत्तियों का समाधान किया जा सकेगा और फाइनल वोटर लिस्ट 6 जनवरी, 2025 को प्रकाशित की जाएगी। शेड्यूल जारी होने के करीब छह महीने पहले आयोग शुरू करता है तैयारियांः दिल्ली वाले अगर वोटर लिस्ट में किसी तरह के दावे और आपत्ति जताना चाहते हैं तो उसके लिए 29 अक्टूबर से 28 नवंबर 2024 के बीच में दावा किया जा सकता है।

दिल्ली सीईओ ऑफिस की तरफ

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 17 सितंबर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

संग्रामपुर (मुंगेर)। रविवार की देर शाम थाना क्षेत्र के गोविंदपुर नहर के समीप शराब पीकर शोर शराबा करते हुए देसी कट्टा लहरा रहे एक युवक को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। जिसे सोमवार की सुबह न्यायिक हिरासत में मुंगेर भेज दिया गया। गिरफ्तार युवक थाना क्षेत्र के पृथ्वीचक गांव निवासी गोपाल कुमार पिता बाली यादव बताया गया। इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष रुबिकांत कच्छप ने जानकारी देते हुए बताया कि देर शाम गोविंदपुर नहर के समीप कुछ लोगों को शराब पीकर शोर शराबा एवं देसी कट्टा लहराने की सूचना मिली सूचना के आधार पर एस आई सत्यम कुमार दलबल के साथ उक्त स्थल पर पहुंचकर कट्टा लहरा रहे युवक को गिरफ्तार कर थाना लाया गया उन्होंने बताया कि युवक शराब के नशे में था। उसके पास से एक देसी कट्टा व तीन जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। गिरफ्तार युवक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट एवं मध्य निषेध अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में मुंगेर भेज दिया गया साथ ही गिरफ्तार युवक का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है।

# बरनार नदी पर बना बेली ब्रिज का पिलर धंसा

## जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

- 14 पंचायत के दर्जनों गांव के आवागमन प्रभावित

प्रात: किरण संवाददाता





जमुईः- जिले के के बरनार नदी पर बने बेली ब्रिज का पिलर धंस गया है. इसके बाद से मौके पर अफरातफरी की स्थिति बन गयी है. बताया जा रहा है कि बारिश के बाद पानी के तेज बहाव से बरनार नदी पर बने बेली ब्रिज का पिलर धंस गया है. जानकारी के अनुसार बारिश के बाद तेज बहाव से जमुई जिले के सोनो प्रखंड के बरनार नदी पर एक साल पहले बना बेली ब्रिज का पिलर धंस गया है. पिलर धंसने के बाद बेली ब्रिज झुक गया है. कोई बड़ा हादसा न हो इसलिए तत्काल बेली ब्रिज से आवगमन बंद कर दिया गया है। बता दें, काजवे पुल धंसने के बाद जमुई में बेली ब्रिज का निर्माण कराया गया था। पिछले साल अगस्त में बना था बेली ब्रिज जानकारी के अनुसार पिछले साल अगस्त में बेली ब्रिज बनाया गया था. काजवे पुल टूटने के बाद सीएम नीतीश कुमार भी यहां का दौरा किया था. काजवे पुल टूटने के बाद यहां आवागमन को बंद कर दिया गया था. वहीं अब बेली ब्रिज के पिलर धंसने के बाद से एक बार फिर से निर्माण कार्य पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं. बता दें, पुल के दूसरे तरफ 14 पंचायत की हजारों आबादी का आवागमन इसी रास्ते से होता है. बेली ब्रिज के पिलर धंसने के बाद डीएम अभिलाषा शर्मा मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया है। .टूटे हुए पुल के हिस्से पर बना था बेली ब्रिज बता दें, जमुई जिले के सोनो बाजार से सटे गुजरने वाली बरनार नदी पर पहले काजवे पुल था. इसी पुल के सहारे 14 पंचायत के दर्जनों गांव के हजारों लोग का आवागमन होता है. 2023 के सितंबर महीने में बारिश के बाद काजवे पुल का आधा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके बाद लोगों ने पुल का मांग किया और फिर सीएम नीतीश कुमार भी क्षतिग्रस्त पुल पर पहुंचे थे. इसके बाद छठ के पहले टूटे हुए पुल के हिस्से पर बेली ब्रिज भी बनवा दिया गया, उसके बाद आवागमन सुचारू हो गया। 2 पिलर धंसने से झुका बेली ब्रिज लेकिन, बीते दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के बाद सोमवार की सुबह बेली ब्रिज के दो पिलर धंसने के कारण बेली ब्रिज एक तरफ थोड़ा सा झुक गया, जिसकी सूचना जिला प्रशासन को मिली. तब मौके पर पहुंचकर कोई हादसा ना हो इसलिए पुल पर आवागन को रोक दिया गया। मौके पर पहुची डीएम अभिलाषा शर्मा ने बताया कि भागलपुर से विभाग की टेक्निकल टीम पहुंच रही है, जो स्थिति को देखकर आगे की जानकारी देगी, डीएम ने यह भी बताया कि यहां नए पुल के लिए भी प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है, जल्द ही यहां नया पुल भी बनेगा, फिलहाल टेक्निकल टीम जो परेशानी हुई है उसे देख रही है कोई हादसा ना हो इस कारण कुछ देर के लिए पुल पर आवागमन को रोका गया है।

## विश्वकर्मा पूजा एवं अनंत चतुर्दशी के पर्व की सामग्री खरीदारी को लेकर बाजार में उमड़ी भीड़



प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। विश्वकर्मा पूजा एवं अनंत चतुर्दशी को लेकर संग्रामपुर बाजार में पूजा की खरीदारी करने वाले लोगों की वजह से दिन भर भीड़ बनी रही। वही टोटो चालक के द्वारा बाजार में बेतरतीब ढंग से गाड़ी खड़ी कर देने की वजह से दिन भर जाम की समस्या बनी रही। मंगलवार को हिंदू धर्म के दो महत्वपूर्ण पर्व विश्वकर्मा पूजा एवं अनंत चतुर्दशी को लेकर आसपास के गांव के लोग पूजा से संबंधित सामग्री की खरीदारी करने के लिए बाजार पहुंचे थे। बाजार पहुंचने वाले अधिकांश लोग टोटो से ही बाजार पहुंच रहे थे जिस वजह से बाजार में जाम की समस्या भी देखी गई। बारिश के मौसम होने के बावजूद भी पूजा एवं साज सज्जा की दुकानों पर भीड़ देखी गई। बाजार के व्यवसायी कुश केशरी, पवन केसरी, मुकेश लहेरी इत्यादि ने बताया की वैसे तो रविवार को बाजार ठंडा रहता है परंतु सोमवार को पर्व होने की वजह से दुकानों एवं बाजारों में अच्छी खासी भीड़ है। सोमवार को हार्ट का दिन होने की वजह से भी बाजार में भीड़भाड़ एवं जाम की समस्या बनी हुई थी।

## ई रिक्शा को चार्ज करने के दौरान चालक की मौत



प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)।थाना क्षेत्र के झिकुली गाँव में रविवार की संध्या टोटो को चार्ज करने के दौरान विद्युत प्रवाह के संपर्क में आने से 18 वर्षीय टोटो चालक रौशन कुमार की मृत्यु हो गई। मृतक टोटो चालक भागलपुर जिले के नाथनगर के गोसाई दासपुर गांव का रहने वाला था। झिकुली में वह अपनी नानी घर आया हुआ थां। प्राप्त जानकारी के अनुसार रौशन का अपना टोटो था और वह खुद से इसे चला कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता था। रविवार को दिनभर संग्रामपुर बाजार में टोटो चलाने के बाद संध्या वह अपनी नानी घर झुकूली पहुंचा।

घर के सामने उसने टोटो को चार्ज में लगाया हुआ था। कुछ देर के बाद टोटो चार्ज हो रही है या नहीं इसे देखने के लिए वह टोटो के पास आया। टोटो में किसी वजह से करंट आ रही थी।रौशन जैसे ही टोटो के संपर्क में आया करंट उसके शरीर में दौड़ गई और वह अचेत होकर गिर गया। आनन फानन में परिजनों के द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर लाया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

इस संबंध में सोमवार को बदहवास मृतक की नानी उमा देवी एवं मामा रंजीत शाह ने जानकारी देते हुए बताया कि रौशन 2 दिन पहले अपनी नानी घर आया हुआ था। रौशन के गांव गोसाई दासपुर में बाढ़ आई हुई थी जिस वजह से रौशन नानी घर आकर ही टोटो चला रहा था।उसके परिवार की आर्थिक स्थिति काफी बदतर थी। उसके पिताजी पप्पू साह घूम घूम कर आइसक्रीम बेचकर किसी प्रकार अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। इस वजह से तीन भाइयों में सबसे बड़े रौशन ने कम उम्र में ही अपने परिवार को आर्थिक मदद पहुंचाने के उद्देश्य से टोटो निकाल कर खुद से चला रहा था। मामा रंजीत साह ने बताया कि रात्रि में ही उसके माता-पिता को घटना की सूचना दे दी गई। वहां से आए उसके परिजन रात्रि में ही शव को अपने गांव लेकर चले गए।

## संगठन की मजबूती हेतु मुंगेर के वरिष्ठ राजद नेता ने मुजफ्फर हुसैन से कि मुलाकात



प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। जिला राष्ट्रीय जनता दल मुंगेर के संगठन प्रभारी आदरणीय मुजफ्फर हुसैन राही जी से परिसदन मुंगेर में राजद के अन्य वरिष्ठ साथियों के साथ शिष्टाचार मुलाकात किया। तथा उनसे बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री बिहार का भविष्य माननीय तेजस्वी यादव जी का जनसंवाद कार्यक्रम के तहत मुंगेर आगमन सहित , संगठन की मजबूती एवं 2025 के विधानसभा चुनाव के संदर्भ में विस्तार से चर्चा किया। इस अवसर पर राजद के वरिष्ठ नेता नरेश सिंह यादव, राजद के प्रदेश महासचिव प्रमोद यादव, राजद के पूर्व जिला अध्यक्ष देवकीनंदन सिंह, जिला राजद अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल भूषण, जिला युवा राष्ट्रीय जनता दल मुंगेर के अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ वसीम, सैनिक प्रकोष्ठ राजद के जिला अध्यक्ष नवल किशोर, जमालपुर राजद के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद कौसर फैयाज, जमालपुर नगर राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व अध्यक्ष मंटू यादव, युवा राष्ट्रीय जनता दल के जिला महासचिव राकेश कुशवाहा उर्फ राजा, सामाजिक कार्यकर्ता दिवाकर यादव, प्रवीण कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ई-शिक्षाकोष से उपलब्ध होंगे प्रश्न- पत्र तीसरी से आठवीं की लिखित परीक्षा होगी

### अर्द्धवार्षिक परीक्षा में पहली बार दूसरी कक्षा के छात्रों की केवल मौखिक परीक्षा ही ली जाएगी

प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर।जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में 18 सितंबर से दो पालियों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा ली जाएगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 तो दूसरी दोपहर 1 से 3 बजे तक होगी। परीक्षा में गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र में संचालित 67 स्कूलों से लगभग 11797 विद्यार्थी शामिल होंगे। पहली बार दूसरी कक्षा के छात्रों की भी सिर्फ मौखिक परीक्षा ले जाएगी। जबकि,पहले से ही पहली कक्षा के विद्यार्थियों की मौखिक परीक्षा ली जा रही है। इन दोनों कक्षाओं के छात्रों के लिए ई- शिक्षकोष के माध्यम से प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। तीसरी से आठवीं कक्षाओं के विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा ली जाएगी। इस बार 2 फीट की दूरी पर परीक्षार्थियों को बैठाया जाएगा,ताकि एक दूसरे को देखकर नकल नहीं कर सके। परीक्षा शुरू होने के 1 घंटे बाद ही परीक्षार्थियों को वर्ग कक्ष से बाहर जाने की अनुमति दी जाएगी। खास बात यह है

कि इस बार अर्द्धवार्षिक परीक्षा में वीक्षण कार्य के लिए प्रखंड स्तर पर एक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक को दूसरे विद्यालय में प्रतिनियुक्ति किया जाएगा ताकि, परीक्षा स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त संपन्न हो सके। जबकि,एचएम व स्कूल के एक वरीय शिक्षक अपने ही स्कूल में केंद्राधीक्षक के रूप में काम करेंगे। डीईओ ने बीईओ व एचएम को पत्र भेज कर कदाचारमुक्त परीक्षा लेने का आदेश दिया है। मूल्यांकन का कार्य सीआरसी स्तर पर शिक्षकों द्वारा 26 से 30 सितंबर तक किया जाएगा। परीक्षा के परिणाम से चलेगा गुणवत्ता का पता जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि परीक्षा की सफलता और किसी को परेशानी न हो इसके लिए जिला शिक्षा व प्रखंड कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित होगा।यहां कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।कहा कि यह परीक्षा बच्चों से ज्यादा शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण है।क्योंकि बच्चों की परीक्षा परिणाम बताएंगे कि शिक्षकों द्वारा दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता कैसी है।अर्द्धवार्षिक परीक्षा के आयोजन और शिक्षकों की भूमिका को लेकर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने निर्देश जारी किए हैं।उहोंने निर्देशित किया है कि शिक्षकों के शैक्षाणिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन को सेवा पुस्तिका में अंकित करेंगे।

## हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी मिलाद उद नबी

प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर। सोमवार को प्रखंड मुख्यालय गिद्धौर में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म दिवस मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के जामा मस्जिद गिद्धौर के इमाम साहब नाजिम अंसारी ने लोगों से कहा कि इस्लाम धर्म के अंतिम प्रवर्तक हजरत मोहम्मद साहब का व्यक्तित्व सत्य और सद्भावना से पूर्ण था। उनके कर्म आपसी भाईचारे और अमन चैन का समाज में पैगाम देते हैं। पैगंबर मोहम्मद हजरत साहब धार्मिक सहिष्णुता के पक्षधर थे। लिहाजा किसी भी किस्म की फसाद जो सामाजिक सौहार्द के ताने बाने को बिगाड़ता हो, उसे वो नापसंद करते थे। मोहम्मद साहब अमन और सुकून के हिमायती थे,वो मानते थे कि समाज की खुशहाली की इमारत आपसी भाईचारे व अमन चैन की बुनियाद पर कायम हो सकती है। कुरान के तीसवें पारे के अध्याय की सूरे काफेरून की आयत में अल्लाह ने कहा है कि लकुम दीनोकुम वलेयदन यानी तुम्हें तुम्हारा मजहब मुबारक और मुझे मेरा मजहब मुबारक। हम अपने अपने मजहबी अकीदे पर रहें, यानी अपने अपने धर्म में श्रद्धा बनाए रखें। कुरआन की उक्त आयत को हजरत मोहम्मद ने अपने आचरण और व्यवहार में लाकर धार्मिक सहिष्णुता की मिसाल आम अवाम के समक्ष प्रस्तुत की थी। हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब के 09 मुख्य संदेश में हजरत मोहम्मद ने कहा है कि अल्लाह की लानत नाजिल होती है। उन नौ समूहों के संदेश में पर जो मद है, जो शराब बनाए, जिसके लिए शराब बनाई जाए, जो उसे पिए, जिस तक पहुंचाई जाए, जो उसे परोसे, जो उसे बेचे, जो इससे अर्जित धन खर्चे, वह जो इसे खरीदे और जो किसी दूसरे के लिए खरीदे यदि तुम अल्लाह से प्रेम करते हो तो उसकी बनाई सृष्टि से प्रेम करो। अल्लाह उससे मोहब्बत करता है, जो उसके बंदों के साथ भलाई करता है। जो प्राणियों पर रहम करता है, अल्लाह उस पर रहम करता है।रहमदिली ईमान की निशानी है। जिसमें रहम नहीं उसमें इंसानियत नहीं। किसी का ईमान पूरा नहीं हो सकता जब तक कि वह साथी को अपने बराबर न समझे। अधर्म को सहन किया जा सकता है, मगर जुल्म और अन्याय को नहीं। पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के इन्ही उम्दा सोच से इस्लामिक समाज में उन्होंने अपनी एक उम्दा जगह बनायी थी। जिसे आज भी इस्लामिक समाज के लोग उनकी जयंती पर उन्हें याद करते हैं। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस पर जुलूस में शामिल हो शांति व सौहार्द का पैगाम दिया। इस मौके पर जुलूस में जासीम खाँन,फयाज खान,झुन्नु खाँन,मुमताज दीवाना, सरफराज खान,ताजुद्दीन अंसारी, आफताब अंसारी,असगर खान, मोहम्मद साहिद के अलावे दर्जनों मुस्लिम समुदाय के धर्मावलंबी मौजूद थे।

# खेती बाड़ी- शनिवार की सुबह से शुरू हुई बारिश रविवार को भी रह- रहकर हल्की बूंदाबांदी हुई


## अधिक तापमान फसल को पहुंचा रहा था नुकसान,अब स्थिति ठीक

प्रात: किरण संवाददाता



गिद्धौर। समय पर हुई बारिश धान की फसल को काफी लाभ पहुंचाने वाली है। कृषि विभाग के जानकार प्रवीण सिंह ने बताया कि एक हेक्टेयर धान की फसल में पैदावार तक लगभग 5000 लीटर पानी की आवश्यकता होती है। इसका 75 प्रतिशत यानी करीब चार हजार लीटर पानी पौधे में बाली निकलने तक में उपयोग कर लिया जाता है। शेष धान की वाली निकालने के बाद पौधा प्राप्त करता है। गाभ निकलने को हम पौधे में गर्व की अवस्था से समझ सकते हैं। उस अवधि के दौरान फसल में सबसे अधिक पानी की आवश्यकता होती है। पौधों को अतिरिक्त पोषण की जरूरत होती है। धान की फसल में पानी उस आवश्यकता को पूरी करता है। उन्होंने बताया कि गाभ के बाद बाली निकालनी शुरू होती है। धान की फसल 80 से 100 दिनों में गाभ की स्थिति यानी फल देने की अवस्था में होती है। फसली पौधे उसे अवधि में प्रवेश करने वाले हैं। ऐसे समय में शनिवार की सुबह से ही बारिश शुरू हुई है। सुबह से कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। रविवार को भी रह-रहकर कर हल्की बूंदाबांदी होती रही। ऐसे में इस बारिश को फलदायिनी की संज्ञा दी जा रही है। जबकि इसके पहले अधिकतम तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा था और आभास 42 से 43 डिग्री जैसे गर्मी का हो रहा था। इससे भी कृषि कार्यों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा था।कृषि जानकार प्रवीण सिंह ने बताया कि कम अवधि वाले धान की फसल में 80 व लंबी अवधि की फसल में 100 दिनों में पौधे गाभ की अवस्था में आते हैं। यह वही अवधि होती है, जिसमें बालियां निकलती है।उसमें दाने बनने शुरू हो जाते हैं। इस अवधि में सबसे अधिक पानी की जरूरत फसल को होती है। बाली निकालने के बाद पूरी फसल का एक चौथाई पानी ही चाहिए होता है। बढ़ रहा था कीट-व्याधि का प्रकोप किसान रंजीत यादव,दरोगी पासवान,बनी यादव,बास्की मंडल,मनोज यादव,पप्पू चौरसिया,लक्ष्मण यादव आदि ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से गर्मी का काफी बढ़ गई थी।आसमान में बादल छाते थे। लेकिन बारिश होने की जगह उमस भरी बढ़ जाती थी। इससे फसल में कीट-व्याधि का प्रकोप बढ़ रहा था।शनिवार की सुबह से बारिश से मौसम का मिजाज ठंडा हो गया है।इसमें पौधे स्वस्थ होंगे। कीट आदि पर स्वतः नियंत्रण होगा। एक सप्ताह के अंदर फसल गाभ की स्थिति में होगी। ऐसे समय बारिश में बड़ी राहत मिली है। इन किसानों ने बताया कि अब आगले दस-पंद्रह दिनों के लिए पटवन की समस्या हल हो गई है। इस दौरान पौधे में बालियां भी निकल आयेंगी। बालियां निकलने के बाद होगी पानी की कम जरूरत किसानों ने बताया की बालियां निकलने के बाद फसल में पानी व अन्य रखरखाव की जरूरत कम ही पड़ती है। इसके पहले धान की फसल में दूसरे और तीसरे यानी अंतिम चरण की निकोनी और उर्वरक का (टॉप ड्रेसिंग) कर लिया गया। कृषि वैज्ञानिक ने बताया की रोपाई के समय ही पहले ड्रेसिंग की जाती है। उसके बाद 25-30 दिनों फिर 60 से 65 दिनों में यह काम होता है। इस दौरान खरपतवार की निकोनी का काम भी होता है। गाभ की अवस्था में कभी-भी किसी तरह के खाद व दवा आदि का व्यवहार नहीं करना चाहिए। इससे बाली निकलने में परेशानी होती है। बालियां भी कम निकलती है।

## खेलों इंडिया वूमेंस खो- खो लीग के लिए मुंगेर में 19 सितंबर को सेलेक्शन ट्रायल हो





- इस सिलेक्शन ट्रायल में मुंगेर जिले के सभी सरकारी एवं प्राइवेट स्कूल सब जूनियर एवं जूनियर बालिका खिलाड़ी भाग ले सकते हैं
- मुंगेर जिले से चयनित खिलाड़ी बिहार टीम के सेलेक्शन ट्रायल में भाग लेंगे

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर (बिहार)। पश्चिम बंगाल में आयोजित अस्मिता खेलों इंडिया सब जूनियर एवं जूनियर वूमेंस खो- खो प्रतियोगिता-2024-25 में भाग लेने वाली बिहार स्टेट सब जूनियर एवं जूनियर बालिका खो-खो टीम के सेलेक्शन ट्रायल में भाग लेने के लिए मुंगेर जिला के खिलाड़ियों का सिलेक्शन ट्रायल मुंगेर जिला खो- खो संघ के सेक्रेट्री सह जनकल्याण शिव शक्ति हरिमोहन फाउंडेशन के फाउंडर स्पोर्ट्स प्रमोटर अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हरिमोहन सिंह के नेतृत्व में 19 सितंबर 2024 को इंडोर स्टेडियम मुंगेर के प्रांगण में शाम 4 बजे से आयोजित किया जाएगा । इस सिलेक्शन ट्रायल में मुंगेर जिले के सभी प्राइवेट एवं सरकारी स्कूल के सब जूनियर एवं जूनियर बालिका वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। सभी खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड की फोटो कॉपी एवं पासपोर्ट साइज का फोटो अनिवार्य रूप से लेकर आएंगे। चयनित खिलाड़ी को बक्सर में होने वाले पश्चिम बंगाल में आयोजित अस्मिता खेलों इंडिया वूमेंस सब जूनियर नेशनल खो- खो प्रतियोगिता-2024-25 में भाग लेने वाली बिहार स्टेट सब जूनियर एवं जूनियर बालिका खो- खो टीम के सिलेक्शन ट्रायल में भाग लेने का मौका मिलेगा। अधिक जानकारी के लिए मुंगेर जिला खो- खो संघ के गणमान्य पदाधिकारीगण से 9123142461 पर संपर्क किया जा सकता है।

## 2019 बैच के आईपीएस चन्द्र प्रकाश बने जमुई के 33 वें एसपी

प्रात: किरण संवाददाता



जमुई : 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी चंद्र प्रकाश ने रविवार को जमुई जिले के 33 वें पुलिस अधीक्षक (एसपी) के रूप में पदभार ग्रहण किया। एसपी के पद को संभालते ही उन्होंने जिले में अपराध, नक्सलवाद, और अवैध तस्करी पर नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने की घोषणा की है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जिले में बालू और शराब तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों पर सख्ती से निपटा जाएगा और इस दिशा में प्रभावी रणनीति तैयार की जा रही है। तस्करों और नक्सलियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई चंद्र प्रकाश ने कहा कि जिले में बालू और शराब तस्करों के खिलाफ एक सुनियोजित और ठोस कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि नक्सली गतिविधियों को रोकने के लिए एक विशेष योजना तैयार की गई है। इस योजना का उद्देश्य जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना और किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना होगा। उन्होंने बताया कि नक्सलियों और अपराधियों के खिलाफ कानून के दायरे में रहकर सख्ती से निपटा जाएगा। जिले में अपराध और अवैध गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। हम हरसंभव कोशिश करेंगे कि जिले में कानून का पालन सख्ती से हो और जो भी व्यक्ति कानून तोड़ेगा, उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी,ह्व चंद्र प्रकाश ने कहा। शहरवासियों से सहयोग की अपील अपने पदभार ग्रहण करते ही चंद्र प्रकाश ने जमुई के नागरिकों से अपील की कि यदि किसी को किसी प्रकार की समस्या हो या कोई जानकारी मिले तो वे सीधे उनके सरकारी मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि सूचना देने वाले का नाम और पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी, जिससे लोग निडर होकर प्रशासन का सहयोग कर सकें। उन्होंने कहा, ह्लहम अपराध को जड़ से खत्म करने के लिए जनता के सहयोग की अपेक्षा करते हैं। आपकी दी हुई जानकारी हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हम इस पर त्वरित कार्रवाई करेंगे।पूर्व एसपी के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प नए एसपी चंद्र प्रकाश ने कहा कि वे अपने पूर्ववर्ती अधिकारियों द्वारा जमुई में किए गए कार्यों को और आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले में जो कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में कार्य किए गए हैं, उन्हें और भी बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, ह्लमैं अपने वरिष्ठ अधिकारियों और यहां के पूर्व एसपी द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को आगे ले जाने का प्रयास करूंगा। जमुई को एक सुरक्षित और अपराध मुक्त क्षेत्र बनाने की दिशा में काम करूंगा, ताकि नागरिकों को एक शांतिपूर्ण माहौल मिल सके। जिले में शांति और सुरक्षा के लिए योजनाओं का खाका तैयार चंद्र प्रकाश ने यह भी बताया कि उन्होंने जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक विस्तृत योजना तैयार की है।

## धूमधाम से भगवान बलभद्र की पूजा

प्रात: किरण संवाददाता



संग्रामपुर (मुंगेर)। संग्रामपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित आर्या भवन में रविवार को व्याहुत कलवार समाज संग्रामपुर की ओर से बड़े ही धूमधाम से भगवान बलभद्र भगवान का पूजनोत्सव आयोजित किया गया। जहां संग्रामपुर के अलावा बांका जिला के बेलहर, साहेबगंज सहित आस पास के व्याहुत कलवार समाज के लोगों ने सामिल होकर एकता का परिचय दिया। पूजा की शुरूआत सुप्रसिद्ध पुरोहित के द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ हुई। भगवान बलभद्र के मूर्ति का अनावरण संग्रामपुर के पूर्व मुखिया प्रमोद भगत ने किया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पूजा स्थल पर हवन किया गया। इस दौरान महिलाओं बच्चों सहित युवाओं ने जमकर जयकारे लगाए। संग्रामपुर सहित अन्य जगहों से पहुंचे व्याहुत कलवार समाज के लोगों ने भगवान को पुष्प अर्पित किए और सामूहिक भंडारे में शामिल हुए। भगवान बलभद्र की पूजा के दौरान समाज के युवा वर्गो ने अपनी महती भूमिका निभाई। मौके पर व्याहुत समाज के वापी भगत, प्रेमनीति भगत, अभिषेक भगत, नीलाभ भगत, अमर नाथ भगत सहित भगत समाज के अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## रेलवे के कई विभागों में रेलकर्मियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाई विश्वकर्मा पूजा

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] सृष्टि का सूजनकर्ता व शिल्पकारों के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा सोमवार को झाझा रेलवे परिसर के कई विभागों में रेलकमीर्यो के द्वारा धूमधाम के साथ मनाई गई। रेलवे आईओडब्ल्यू, दूर संचार विभाग, टीआरडी, मेमू कारशेड, कैरेज एंड वैगन, क्रूलोबी सहित अन्य विभागों में रेलकर्मियों के द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना विधि विधान के साथ करते हुए अपने जीवन के कष्टो को दूर कर रेलवे कार्य के दौरान अपना आशीर्वाद सदैव बनाए रखने की कामना किया। रेलवे के विभिन्न विभागों में भव्य पंडाल और सजावट के बीच विराजमान शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा को लेकर रेलकर्मियों में काफी उत्साह देखा जा रहा था और लोग अपने अपने विभाग में स्नान ध्यान कर पूजा अर्चना किया तो वही छोटे छोटे कई रेलवे कार्यालयों में भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर पर रेलकर्मियों के द्वारा पूजा अर्चना किया गया। आईओडब्ल्यू ओमप्रकाश ने बताया कि रेलकर्मियों में विश्वकर्मा पूजा को लेकर उत्साह दुगुना हो जाता है। विश्वकर्मा पूजा को लेकर रेलवे परिसर में जहां जहां विश्वकर्मा पूजा आयोजित हो रहा है उस जगह को काफी आकर्षक रूप से सजाया गया। वही जगह जगह लगने वाला मेला इस बार बारिश के कारण फीका साबित होते दिखाई दिया। वही दूसरी ओर मंगलवार को लौह व्यवसाय से जुड़े लोग, गैरेज सहित अन्य जगहों पर विश्वकर्मा पूजा मनाई जाएगी जिसको लेकर लोग तैयारी में जुटे रहे।

# अब बिहार में शराब की सियासत



-राकेश अचल-

शराब और सियासत का बड़ा नजदीकी रिश्ता है। शराबबंदी करके कोई नेता बड़ा सुधारवादी बन जाता है और कोई नेता शराब घोटाले में फंसकर जेल की हवा खाता है, लेकिन लोग हैं कि शराब पीने से बाज नहीं आते। आ भी नहीं सकते, क्योंकि शराब चीज ही ऐसी है। शराब पीना अगर पुण्य नहीं है तो पाप भी तो नहीं है। हम तो सनातनी हैं, इसलिए शराब को समुद्र मंथन का उपहार मानते हैं, और चाहते हैं कि शराब हर जगह मिले और हर जगह पी जाये। चचा गालिब ने तभी तो शायद कहा है कि-

**जाहिद शराब पीने दे मस्जिद में बैठ कर**
**या वो जगह बता दे जहाँ पर खुदा न हो**

भारत में शराबबंदी कि मांग नयी नहीं है। महात्मा गाँधी के समय से लोग शराबबंदी की मांग करते आ रहे हैं। जहाँ तक मुझे याद आता है कि 1960 में राज्य के गठन के बाद से ही गुजरात में शराबबंदी लागू है। यहां गांधी जी के सिद्धांतों का कड़ाई से पालन किया जाता है। साथ ही कड़े कानून लागू हैं। हालांकि यहां भी चोरी छिपे शराब बिकने की खबरें आती रहती हैं। गुजरात के बाद बिहार में अप्रैल 2016 से राज्य भर में शराबबंदी लागू कर दी गई। बिहार की तत्कालीन सरकार ने अपराधों पर लगाम लगाने के मकसद से शराबबंदी लागू की थी। हालांकि न अपराध रुके न सरकार शराब की तस्करी को रोक पाई। आए दिन पड़ोसी राज्यों से बिहार में शराब आने की खबरें आती रहती हैं। वैसे बिहार में शराब की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित है। कहते हैं कि चर्च, महिला समूहों के नेतृत्व में मिजोरम ने 1997 में शराबबंदी लागू की थी। यहां वर्ष 2015-2019 के बीच प्रतिबंध हटा लिया गया था हालांकि, बाद में फिर से प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। शराबबंदी को लेकर यहां आज भी पक्ष-विपक्ष में चर्चा होती रहती है। लक्षद्वीप में शराब को लेकर बेहद सख्त कानून हैं। यहां सिर्फ कुछ रिसॉर्ट्स में ही शराब की बिक्री होती है और सेवन सीमित है। लक्षद्वीप पर्यटन स्थल है इस कारण कुछ रिसॉर्ट्स में शराब मिलती है लेकिन स्थानीय स्तर पर शराब बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित है। महाराष्ट्र के भी तमाम शहरों में शराब आसानी से नहीं मिलती।

आजकल शराबबंदी को लेकर बिहार एक बार फिर से चर्चा में है। केंद्रीय मंत्री जीतनराम माझी ने बिहार में शराबबंदी को लेकर सवाल किये खड़े हैं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का एक बयान वायरल हो रहा है जिसमें वो दावा कर रहे हैं कि राज्य में शराबबंदी होने के बावजूद भी वो शराब पीते हैं। उन्होंने 4-5 लाख गरीबों के जेल जाने का दावा किया। मांझी ने शराबबंदी की समीक्षा की मांग की। माझी की स्पष्टवादिता के हम तो कायल हैं। उन्होंने कहा है कि -हम शराबबंदी के पक्षधर हैं, लेकिन जिस तरीके से यह कानून लागू है वह गलत है। माझी ने कहा कि शराबबंदी कानून के बारे में हम हमेशा कहते रहे हैं कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है। हम सबने मिलकर शराबबंदी कानून बनाया है। हम इसे बुरा क्यों कहेंगे ? लेकिन इसके पालन में अनियमितताएं हैं। गरीब लोग भी अगर थोड़ा सा भी शराब पीते हैं तो उन्हें जेल भेज दिया जाता है लेकिन हजारों-लाखों लीटर शराब की तस्करी करने वाले छूट रहे है। बिहार में शराबबंदी की तीन बार समीक्षा हो चुकी है और सरकार चौथी बार भी शराबबंदी की समीक्षा करने के लिए तैयार है, ये सरकार की दरियादिली है। अब समीक्षा होती है या नहीं, ये बाद की बात है, लेकिन इसी मुद्दे पर बिहार में सरकार बनाने का सपना देख रहे प्रशांत किशोर का कहना है कि यदि वे सत्ता में आये तो बिहार में शराबबंदी को तत्काल समाप्त कर देंगे।

शराब साहित्य में है, शराब फिल्मों में है, शराब सियासत में है, शराब मंदिरों में है, शराब यत्र-तत्र सर्वत्र है, सर्वव्यापी है। शराब को लेकर किसी ने लिखा है कि --

**मत पूछ उसके मैखाने का पता ऐ साकी,**
**उसके शहर का तो पानी भी नशा देता है**
**तो कोई लिखता है कि -**
**कभी उलझ पड़े खुदा से कभी साकी से हंगामा,**
**ना नमाज अदा हो सकी ना शराब पी सके।**
**शराब को लेकर मेरी चिंता तो इस शेर में बाबस्ता है कि-**
**नतीजा बेवजह महफिल से उठवाने का क्या होगा,**
**न होंगे हम तो साकी तेरे मैखाने का क्या होगा।**

# क्या बीजेपी को मिलेगी हरियाणा की सत्ता फिर से?

-डॉ. सत्यवान सौरभ-

पिछले 10 साल से प्रदेश की सत्ता चला रही भाजपा तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। हरियाणा विधानसभा चुनावों में इस बार सत्ता की लड़ाई बेहद दिलचस्प हो गई है। क्या पिछले 10 सालों से सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को इस बार भी सत्ता नसीब होगी। बीजेपी के चुनावी अभियान का प्रमुख चेहरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं। उन्हें राज्य के मतदाताओं को लुभाना है। मोदी अपने चुनावी अभियानों में भ्रष्टाचार, विकास कार्यों, और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों को जोर-शोर से उठाते हैं। क्या हरियाणा में भी इसी रणनीति के तहत, पार्टी प्रधानमंत्री के जरिए भ्रष्टाचार और विकास को मुद्दा बनाएगी। बीजेपी के नेता भी अपने चुनावी प्रचार में भ्रष्टाचार विरोधी मुद्दों को लगातार उठा रहे हैं। पार्टी मोदी की लोकप्रियता पर भरोसा कर रही है। इसलिए राज्य में पार्टी बिना किसी सीएम फेस के उतर रही है। बीजेपी बेहतर आर्थिक विकास, रोजगार के अवसर और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर जोर दे रही है। इसके अलावा भाजपा जातीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की भी कोशिश में लगी है। साथ ही भाजपा के बड़े नेता चुनाव प्रचार के दौरान किसानों के मुद्दों पर पार्टी की स्थिति को साफ कर सकते हैं, ताकि आंदोलन के कारण पैदा हुए असंतोष को कम किया जा सके।

सरकार और किसानों के बीच टकराव ने बीजेपी की छवि को नुकसान पहुंचाया। इसका सीधा असर ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी के वोट बैंक पर पड़ सकता है, क्योंकि कृषि राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। चुनाव में बीजेपी को इस असंतोष से निपटने के लिए प्रभावी रणनीति बनानी होगी, ताकि वह किसान समुदाय का विश्वास फिर से जीत सके। इसके साथ ही खिलाड़ियों के विरोध प्रदर्शन का बीजेपी के चुनावी अभियान पर गहरा असर पड़ सकता है, खासतौर पर हरियाणा जैसे राज्य में, जहां खेल और खिलाड़ी राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महिला पहलवानों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों, जो यौन उत्पीड़न के आरोपों और न्याय की मांग पर केंद्रित थे, राज्य में बीजेपी की छवि को झटका दिया है। बीजेपी को इन विरोधों से हुए नुकसान से निपटने के लिए संवेदनशीलता के साथ ठोस कदम उठाने होंगे, ताकि वह खेल जगत के समर्थन को खोए बिना अपने चुनावी अभियान बिना अपने चुनावी अभियान को सफल बना सके। विपक्षी पार्टियां बीजेपी के खिलाफ अपने-अपने तरीके से गठजोड़ बनाने की कोशिश कर रही हैं। यदि इन विपक्षी दलों के एकजुट होने का असर जमीन पर दिखता है तो बीजेपी के लिए चुनावी जीत की राह और कठिन हो सकती है। विपक्ष खासतौर पर, एक समुदाय वोट बैंक पर फोकस कर रही है, और उसने राज्य के भीतर जातिगत समीकरणों को साधने की रणनीति तैयार की है। हरियाणा की राजनीति में जातीय समीकरण का बड़ा महत्व है।

# चीन पर कभी यकीन नही किया जा सकता

**भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच पूर्वी लद्दाख में कुछ टकराव वाले बिंदुओं पर गतिरोध बना हुआ है। भारत कहता रहा है कि सेना के पूर्व स्थान पर पहुंचे बिना सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी, चीन के साथ संबंध सामान्य नहीं हो सकते। जयशंकर ने कहा कि 2020 में जो कुछ हुआ, वह कुछ कारणों से कई समझौतों का उल्लंघन था जो अभी भी हमारे लिए पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हैं। चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बहुत बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया और स्वाभाविक रूप से जवाबी तौर पर हमने भी अपने सैनिकों को भेजा।**





अशोक मधुप
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

लगातार चार साल से चले आ रहे भारत चीन के बीच तनाव के कम होने के संकेत हैं। भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंधों को लेकर हाल में घटनाक्रम बहुत तेजी से घटा है। चीन भारत सीमा से सेना का पीछे हटना बहुत अच्छा है किंतु चीन की बात पर आंख मुंदकर यकीन नही किया जा सकता। समझौते करने के बाद अपनी बात से मुकरना उसकी आदत रही है। धोखा देना चीन का चरित्र है। उसपर पूरी तरह से नजर रखनी होगी। उसकी चाल के अनुरूप हमें अपना व्यवहार और तैयारी करना होंगी।

भारत चीन सीमा विवाद के सुलझने के संकेत गुरुवार को ही सेंट पीटर्सबर्ग में ब्रिक्स एनएसए लेवल की समिट के साइडलाइन्स पर हुई उस बैठक के दौरान ही दिख गए थे जो एनएसए अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई थी। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से बैठक के बाद जारी प्रेस नोट में इस बात का जिक्र था कि दोनों देशों ने बचे हुए क्षेत्रों में भी पूर्ण डिसएंगेजमेंट की दिशा में काम करने को लेकर सहमति जताई है। जानकार मानते हैं कि गतिरोध दूर करने करने की दिशा में ले जाने की प्रक्रिया एकाएक नहीं होती। इसके लिए बैकग्राउंड में काम होता रहता है।

ओआरएफ में फेलो और चीन मामलों के जानकार कल्पित मणकिकर कहते हैं कि ह्यऐसा एक लंबी प्रक्रिया के तहत होता है। दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और दोनों देशों के विदेश मंत्री लगातार मुलाकात करते आ रहे हैं। पिछले चार सालों से बॉर्डर मुद्दों को सुलझाने को लेकर कोशिशें लगातार हो रही है। सेना के कमांडर स्तर पर बातें अलग से होती रही हैं। भारत और चीन दोनों की ओर से इस तरह की कोशिशें की जा रही थी।

हालांकि अब जो दिख रहा है, उसके मद्देनजर इस तरह की कोशिशें क्या दिशा लेंगी, इसे लेकर अभी वेट एंड वॉच की स्थिति में ही रहा जा सकता है। बॉर्डर पर आए गतिरोध के मद्देनजर विदेश मंत्रियों और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की बैठकें किए जाने का एक मैकेनिज्म तैयार किया गया है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पूर्वी लद्दाख में सीमा मुद्दे पर गुरुवार को कहा कि सैनिकों की वापसी से संबंधित मुद्दे लगभग 75 प्रतिशत तक सुलझ गए हैं लेकिन बड़ा मुद्दा सीमा पर बढ़ते सैन्यीकरण का है। जिनेवा में थिंकटैंक के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जून 2020 में गलवन घाटी में हुए टकराव ने भारत-चीन संबंधों को समग्र रूप से प्रभावित किया।

जयशंकर ने कहा कि विवादित मुद्दों का समाधान ढूंढ़ने के लिए दोनों पक्षों में बातचीत चल रही है। हमने कुछ प्रगति की है। मोटे तौर पर सैनिकों की वापसी संबंधी करीब तीन-चौथाई मुद्दों का हल निकाल लिया गया है। लेकिन इससे भी बड़ा मुद्दा यह है कि हम दोनों ने अपनी सेनाओं को एक-दूसरे के करीब ला दिया है और इस लिहाज से सीमा का सैन्यीकरण हो रहा है।

सूत्रों का कहना है कि भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच पूर्वी लद्दाख में कुछ टकराव वाले बिंदुओं पर गतिरोध बना हुआ है। भारत कहता रहा है कि सेना के पूर्व स्थान पर पहुंचे बिना सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी, चीन के साथ संबंध सामान्य नहीं हो सकते। जयशंकर ने कहा कि 2020 में जो कुछ हुआ, वह कुछ कारणों से कई समझौतों का उल्लंघन था जो अभी भी हमारे लिए पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हैं। चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बहुत बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया और स्वाभाविक रूप से जवाबी तौर पर हमने भी अपने सैनिकों को भेजा।

2020 की झड़प के बाद से दोनों देश सीमा पर बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए भी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जिसे वास्तविक नियंत्रण रेखा के रूप में भी जाना जाता है। भारत द्वारा उच्च ऊंचाई वाले हवाई अड्डे तक एक नई सड़क का निर्माण चीनी सैनिकों के साथ 2020 में होने वाली घातक झड़प के मुख्य कारणों में से एक माना जा रहा है।

इस बार चीनी सेना के सीमा से पीछे हटने का कारण चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य वांग काबयान भी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अशांत विश्व का सामना करते हुए, दो प्राचीन पूर्वी सभ्यताओं और उभरते विकासशील देशों के रूप में चीन और भारत को स्वतंत्रता पर दृढ़ रहना चाहिए. उन्होंने आगे कहा कि एकता और सहयोग का चयन करना चाहिए तथा एक-दूसरे को नुकसान पहुंचाने से बचना चाहिए। वांग ने उम्मीद जताई कि दोनों पक्ष व्यावहारिक दृष्टिकोण के जरिए अपने मतभेदों को उचित ढंग से हल करेंगे और एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने का उचित तरीका ढूंढेंगे। चीन-भारत संबंधों को स्वस्थ, स्थिर और सतत विकास के रास्ते पर वापस लाएंगे।

इतना सब हो रहा है पर जरूरी यह है कि दोनों का मई 2020 की यथास्थिति पर वापस लौटना ही समाधान है। निश्चित रूप से पीछे हटना समाधान नहीं है। यदि निश्चित रूप से समाधान के रास्ते पर चले तो भारत नुकसान में ही रहेगा। इन सब को देखकर भारत को चलना होगा। मई 2020 की स्थिति पर चीन सहमत होगा, ऐसा नही लगता।

सीमा विवाद के चार साल के दौरान समाचार आए की चीन सीमा पर नए हवाई अड्डे-सैनिक छावनी उनके लिए बंकर बना रहा है। अपने सीमा से सटे क्षेत्र में गांव विकसित कर रहा है। भारतीय क्षेत्र के स्थानों क नाम बदल रहा है।

हालाकि विवाद की अवधि में भारत ने भी सीमा पर सुरक्षा ढांचा विकसित किया है। नए एयरबेस तैयार कर रहा है। ठंडे स्थानों में रहने के लिए सैनिकों को प्रशिक्षित करने के साथ ही उनके लिए बर्फ के दौरान भी रहने के लिए सौलर से गर्म करने वाले उनके टैंट बना रहा है। इस प्रक्रिया को भारत का और तेज करना होगा। सीमा रेखा के सटाकर गांव विकसित करने होंगे तोकि चीन की गतिविधि पर नजर रखी जा सके। एक तरह से चीन की प्रत्येक कार्रवाई का उत्तर उसके कदम ही से आगे बढकर देना होगा।

एक बात और चीन कभी का काबू में आ गया होगा, काश हम भारतीय सही अर्थ में देशभक्त होते। मई 2020 में चीन से विवाद होने पर भारतीयों की फेसबुक पर बड़ी देशभक्ति दिखाई दी। लगाकि अब भारत में चीन का बना सामान नही आएगा। दीपावली पर व्यापारियों के आंकड़े भी आए कि चीन से बना कोई सामान नही मंगाया गया। जबकि आंकड़े इसके विपरीत हैं। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में भारत और चीन के बीच कुल 118.4 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। वहीं, अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार 118.3 अरब डॉलर रहा। 2021-22 और 2022-23 में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार अमेरिका रहा था। अब चीन है। अमेरिका से हम अस्त्र- शस्त्र जैसे महंगे सामान लेते हैं। इसलिए वहां से आयात जयादा होना चाहिए था। चीन जानता है कि भारतीय और भारतीय व्यापारी सस्ते के लालच में उसका ही माल खरीदेंगे। इसलिए वह हठधर्मी पर है, यदि चीन का आयात दस प्रतिशत भी घट गया होता तो चीन कभी का भारत के आगे झुककर समझौता करने को मजबूर हो जाता।

# कौन करवाता है योजनाबद्ध धर्मांतरण

**अगर हम इतिहास के पन्नों को खंगाले तो देखते हैं कि भारत के संविधान निमार्ताओं ने सभी धार्मिक समुदायों को अपने धर्म के प्रचार की छूट दी थी। क्या इसकी कोई आवश्यकता थी? बेशक, भारत में ईसाई धर्म की तरफ से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ठोस और ईमानदारी से काम किया गया है। पर कहने वाले कहते हैं कि उस सेवा की आड़ में धर्मांतरण का ही मुख्य लक्ष्य रहा है। उधर, इस्लाम का प्रचार करने वाले बिना कुछ किए ही धर्मांतरण करवाने के मौके खोजते हैं।**





-आर.के. सिन्हा-
(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

भारत के प्रत्येक नागरिक को किसी धर्म को मानने या ना मानने या फिर किसी भी धर्म से जुड़ने का अधिकार संविधान देता है, पर किसी प्रलोभन या गलतफहमी में योजनाबद्ध रूप से किसी तरह के धर्मांतरण को अपराध माना गया है।

इस आलोक में उत्तर प्रदेश की एक विशेष अदालत द्वारा हाल ही में अवैध धर्म परिवर्तन के मामले में दोषी करार दिये गये 12 लोगों को उम्रकैद और चार अन्य दोषियों को 10-10 वर्ष कैद की सजा सुनाना महत्वपूर्ण है। अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार दिया। अदालत की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, धर्मांतरण करवाने के धंधे से जुड़े शातिर लोगों को भारतीय दंड संहिता की धारा 121 ए (राष्ट्रद्रोह) के तहत सजा सुनायी गई। विशेष लोक अभियोजक एमके सिंह के मुताबिक, उमर गौतम और मामले के अन्य अभियुक्त एक साजिश के तहत धार्मिक उन्माद, वैमनस्य और नफरत फैलाकर देशभर में अवैध धर्मांतरण का गिरोह चला रहे थे। उनके तार कई दूसरे देशों से भी जुड़े थे। इसके लिए आरोपी हवाला के जरिए विदेशों से धन भेजे जाने के मामले में भी लिप्त थे। वे आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं और दिव्यांगों को लालच देकर और उन पर अनुचित दबाव बनाकर बड़े पैमाने पर उनका धर्म परिवर्तन करा रहे थे।

उमर गौतम को मुफ्ती काजी जहांगीर आलम कासमी के साथ 20 जून 2021 को दिल्ली के जामिया नगर से गिरफ्तार किया गया था। वह एक ऐसे अवैध संगठन का संचालन कर रहा था जो उत्तर प्रदेश में मूक- बधिर छात्रों और गरीब लोगों को इस्लाम में धर्मांतरित कराने में शामिल था। इस बात की पुरजोर आशंका जताई जा रही है कि इसके लिए उसे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से धन मिलता था। उमर गौतम पहले हिंदू था। लेकिन, उसने मुस्लिम धर्म स्वीकार कर लिया और धर्मांतरण कराने के अवैध धंधे में सक्रिय हो गया। उसने करीब एक हजार गैर मुस्लिम लोगों को इस्लाम में धर्मांतरित कराया और उनकी मुस्लिमों से दूसरी या तीसरी शादी कराई है।

देखिए, भारत में धर्म परिवर्तन को लेकर बहस तो होती रही है, होनी भी चाहिये। भारतीय संविधान धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जिसमें स्वेक्षा या स्वविवेक से धर्म बदलने का अधिकार भी शामिल है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 में धार्मिक स्वतंत्रता और धर्म बदलने के अधिकार की बात तो कही गई है। पर उमर गौतम और उनके साथी तो गरीब-गुरुबा लोगों को लालच और जोर-जबरदस्ती से धर्मांतरण करवा रहे थे। गौतम और उनका गिरोह भूल गया था कि धर्म परिवर्तन सामाजिक एकता को कमजोर कर सकता है और समाज में भयंकर नफरत पैदा कर सकता है। भारत में धर्म परिवर्तन एक संवेदनशील मुद्दा है, जिसमें कानूनी, धार्मिक और सामाजिक सभी पहलू शामिल हैं। कुछ साल पहले केरल के प्रतिष्ठित फिल्म निमार्ता निर्देशक अली अकबर और उनकी ईसाई पत्नी लूसीअम्मा ने आर्य समाज में हवन के जरिए हिन्दू धर्म अंगीकार कर लिया था। आर्य समाज के स्वामी जी द्वारा उनका नया नामकरण भी कर दिया गया है। अली अकबर को नया नाम मिला था राम सिम्हन। हिन्दू धर्म ही क्यों? यह प्रश्न पूछे जाने पर अली अकबर ने कहा था, ह्यक्योंकि हिंदू धर्म कोई धर्म नहीं बल्कि एक संस्कृति है। यहां नर्क में जाने का डर नहीं है। आप एक इंसान की तरह जी सकते हैं क्योंकि भगवान आपके अंदर हैं। अपने भीतर ईश्वर को देखना एक महान विचार है। ह्य कहते हैं कि राम सिम्हन केरल में हिंदू धर्म अपनाने वाले पहले मुसलमान थे। लेकिन, यह राम सिम्हन के स्वविवेकपूर्ण निर्णय को दशार्ता है। इसपर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिये!

एक बात बहुत साफ है कि किसी को लालच देकर या जोर जबरदस्ती धर्मांतरण करवाना तो कतई सही नहीं माना जा सकता है। समझ नहीं आता कि कुछ धर्मों से जुड़े लोग क्यों इसी फिराक में रहते हैं कि उनके धर्म से अन्य धर्मों को मानने वाले जुड़े जाएं। गुस्ताखी माफ, कई इस्लामिक और ईसाई संगठन इसी कोशिश में रहते हैं कि दूसरे धर्म को माननेवाले उनके मजहब का हिस्सा बन जाएं? यह कोई बात हुई क्या? फिर यदि बाकी धर्मों को मानने वाले लोग भी यही करने लगें, तो समाज में भाईचारा कहाँ और कैसे बचा रहेगा। अगर कोई अपने मन से उस धर्म को त्याग देता है, , जिसमें उसका जन्म हुआ है तब तो कोई बात नहीं है। उदाहरण के रूप में म्युजिक डायरेक्टर रहमान को ही लेते हैं। उन्होंने खुद ही हिन्दू धर्म को छोड़कर इस्लाम को स्वीकार कर लिया। उनके परिवार के बाकी सदस्यों ने भी इस्लाम अपना लिया। यहां तक तो सब ठीक है। पर कुछ तत्व सुदूर इलाकों में रहने वालों को अपना पाले में लाने की जुगाड़ में रहते हैं। इस सबकी तो हमारा संविधान अनुमति नहीं देता। जब गौतम जैसों पर एक्शन होता है तो कुछ कथित बुद्धजीवी अलाप करने लगते हैं। पिछले कई सालों से पंजाब से खबरें आ रही हैं कि राज्य में दलित सिखों को लालच देकर ईसाई धर्म से जोड़ा जा रहा है। मेरे संज्ञान में एक एक सच्ची घटना है जो मैं शेयर कर रहा हूँ। । लगभग दस वर्ष पहले मुझे अपने एक स्कूल के खेल शिक्षक के बारे में पता चला कि उसने त्यागपत्र दे दिया है और अगले महीने से हमें एक खेल शिक्षक नियुक्त करना होगा। मैंने उसे बुलाया और पूछा कि तुम्हारी तकलीफ क्या है? उसने बताया कि मुझे कोई तकलीफ नहीं है। पर आप जितना वेतन मुझे दे रहे हैं, उससे दस या बीस गुना कमाने का जरिया मुझे मिल गया है। मुझे घर मरम्मत के लिये पैसों की सख़्त जरूरत थी। मुझे पता चला कि मेरे इलाके में एक नया चर्च बना है उसके पादरी जरूरतमंदों की मदद करते हैं। मैं उनके पास गया। उन्होंने कहा कि मदद करूँगा। लेकिन, तुम्हें हर रविवार चर्च आकर प्रार्थना करनी होगी। मुझे तरीका आसान सा लगा। उन्होंने मुझे सपरिवार (पति-पत्नी, मेरी विधवा माँ और दो बच्चों को) ईसाई बनने के लिये बीस हजार प्रति व्यक्ति की दर से एक लाख रुपये दिये। बाद में पता चला कि मेरे जिस पड़ोसी ने मुझे ईसाई बनने का लालच दिया और पादरी से मिलवाने ले गया उसे भी इतना ही पैसा मिला। तो मुझे लगा कि इस तरह धर्म प्रचार करके तो ज्यादा कमाया जा सकता है तो मैंने इस्तीफा दे दिया। वह आज भी धड़ल्ले से गाँव-गाँव जाकर देवभूमि उत्तराखंड को ईसाई भूमि बनाने में लगा है। पहले हाफ पैंट और टीशर्ट पहनकर साइकिल से घूमता था। अब सलीके के सूट पहनकर चमचमाती कार में घूमता है। ऐसे एक नहीं अनेक धर्म भ्रष्ट लालची लोग आपको हर इलाके में मिल जाएँगे।

यह सवाल अपने आप में बेहद महत्वपूर्ण है कि क्या भारत में धर्म प्रचार की अनुमति जारी रहनी चाहिए? कभी कभी लगता है इस मसले पर देश में बहस हो ही जाए कि क्या भारत में धर्म प्रचार की स्वतंत्रता जारी रहे अथवा नहीं? देखा जाए तो केवल धर्म पालन की स्वतंत्रता होनी चाहिये। धर्म के प्रचार-प्रसार की छूट की कोई आवश्यकता ही नहीं। धर्म कोई दुकान या व्यापार तो है नहीं जिसका प्रचार प्रसार करना जरूरी हो।

# जनता की अदालत में असफल साबित होते केजरीवाल

-डॉ. हितेश वाजपेयी-


दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आ चुके हैं। एक चालक और चतुर राजनीतिज्ञ की तरह उन्होंने भी अब अपने पैंतरे आजमाने शुरू कर दिए हैं। अन्ना आंदोलन के समय जनता को लुभाने वाले अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री के रूप में कई जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत करके एक समय जनता का अपार समर्थन हासिल किया था लेकिन आज वे उन्हीं लोगों की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर रहे, जिन्होंने उन्हें सत्ता में बैठाया था।

## वादों और हकीकत का अंतर

केजरीवाल ने राजनीति में प्रवेश करते समय भ्रष्टाचार और पारदर्शिता के खिलाफ आवाज बुलंद की थी। उन्होंने जनता से वादा किया था कि उनकी सरकार जनता के प्रति जवाबदेह होगी और हर निर्णय पारदर्शी होगा। लेकिन समय के साथ, इन वादों और हकीकत के बीच एक गहरी खाई बन गई। उनके शासनकाल में भ्रष्टाचार के आरोपों ने उनकी ईमानदार छवि को धुंधला कर दिया है, जिससे जनता का भरोसा टूटता जा रहा है।

## राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का खेल

केजरीवाल ने अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत अन्य दलों की नीतियों और नेताओं की आलोचना से की थी, लेकिन अब वे स्वयं भी उसी राजनीतिक खेल का हिस्सा बन गए हैं। आज जब भी कोई मुद्दा उठता है, केजरीवाल ज्यादातर केंद्र सरकार, उपराज्यपाल या अन्य विपक्षी पार्टियों पर दोष मढ़ने की कोशिश करते हैं, बजाय इसके कि वे खुद अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करें। जनता को एक नेता से जवाबदेही की उम्मीद होती है, लेकिन केजरीवाल इस कसौटी पर कई बार विफल होते दिखाई दिए हैं।



## जनता के मुद्दों से दूरी

शुरूआत में केजरीवाल ने बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी मुद्दों पर ध्यान दिया था, जिससे जनता ने उन्हें व्यापक समर्थन दिया लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इन मुद्दों पर उनकी पकड़ ढीली पड़ती नजर आ रही है। जनता से किए गए वादों को पूरा करने के बजाय, वे अधिकतर प्रचार और विज्ञापनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उनके द्वारा किए गए बड़े-बड़े दावों और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर है, जिसे जनता अब पहचानने लगी है।

## स्वच्छ राजनीति का दावा कमजोर पड़ा

एक समय, केजरीवाल की पार्टी स्वच्छ राजनीति की मिसाल के रूप में जानी जाती थी लेकिन आज उनके अपने ही कई नेता और विधायक भ्रष्टाचार, अराजकता और अनैतिक कार्यों में लिप्त पाए गए हैं। इससे केजरीवाल की छवि को गहरा धक्का लगा है, और जनता ने उन्हें उस आदर्श नेता के रूप में देखना बंद कर दिया है जो वे पहले थे।

## पारदर्शिता और जबावदेही का अभाव

अरविंद केजरीवाल जनता की अदालत में इसलिए फेल हो रहे हैं, क्योंकि वे अपने वादों और जनता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं। उनकी सरकार में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी ने जनता के विश्वास को कमजोर किया है। जनता को वादे नहीं, बल्कि काम चाहिए, यह केजरीवाल को यह समझना होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### रेलवे स्टेशन से बच्चा चोरी कर फरार हुआ अज्ञात व्यक्ति

मथुरा। यूपी के मथुरा रेलवे स्टेशन पर एक शख्स ने मां का ध्यान भटकाने के बाद उसके सात महीने के बच्चे को किडनैप कर लिया। इस पर महिला ने जीआरपी थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज को स्कैन कर आरोपी व्यक्ति की पहचान कर ली है और उसकी तलाश की जा रही है। ९राजकीय रेलवे पुलिस मथुरा के थाना प्रभारी समर सिंह ने कहा कि आगरा की रहने वाली सुनीता रेलवे स्टेशन के पास मजदूरी करती है। पुलिस ने बताया कि सुबह जब वो अपने बच्चे को पिलाने के लिए चबूतरे पर दूध गर्म कर रही थी। उसी समय एक अज्ञात व्यक्ति उसके पास आया और बोला कि बच्चे को इतना गर्म दूध मत पिलाओ। फिर उसने बच्चे को अपने हाथों में ले लिया और जब महिला सामान पैक करके एक बैग में रखने लगी तो वह आदमी बच्चे को लेकर गायब हो गया। महिला ने जीआरपी से उस व्यक्ति और बच्चे की तलाश करने का प्रयास किया। पुलिस उनका पता नहीं लगा पायी। पुलिस के मुताबिक जब पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो सफेद टी-शर्ट और पैंट पहना व्यक्ति बच्चे के साथ रेलवे स्टेशन परिसर से बाहर जाता दिखा। इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया उसे पकड़ने की कोशिश की जा रही है। मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर मासूम बच्चे की चोरी की यह कोई पहली घटना नहीं है। पहले भी यहां 2022 में एक मासूम बच्चा चोरी हुआ था जिसे बाद में बरामद कर लिया था। फिलहाल जीआरपी पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बालक की तलाश में जुटी है।

### 65 साल में सिर्फ 11 छात्राएं ही बनीं अध्यक्ष

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव 70वें साल में प्रवेश कर रहा है। विश्व के सबसे बड़े छात्र संघ चुनावों में शुमार डूसू में आधी आबादी की भागीदारी बेहद कम रही है। यह तब है जब विश्वविद्यालय में हर वर्ष छात्राओं का नामांकन छात्रों से अधिक रहता है। 65 सालों में हुए चुनावों में सिर्फ 11 छात्राएं ही अध्यक्ष रही हैं। डूसू में महिलाओं के लिए दो सीट आरक्षित करने के लिए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। डीयू को इस पर फैसला लेना है। लेकिन, अधिकारियों का कहना है कि इस वर्ष इस पर कोई फैसला आना मुश्किल है। डूसू चुनाव 1954 से हो रहे हैं। आखिरी बार 2008 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रत्याशी नूपुर शर्मा अध्यक्ष चुनी गईं थीं। इससे पहले 1954 से 88 तक यानी 24 साल तक पुरुष ही अध्यक्ष रहे थे। 1989 में पहली बार महिला अंजू सचदेवा महिला अध्यक्ष चुनीं गईं थीं। एनएसयूआइ के दिल्ली प्रभारी हनी बग्गा ने कहा, छात्राओं के लिए अलग से घोषणापत्र ला रहे हैं। टिकट में उनकी बराबर भागीदारी हो, इसका पक्षधर संगठन हमेशा से रहा है। हालांकि वाम छात्र संगठन छात्राओं को टिकट देते हैं, लेकिन विश्वविद्यालय में उनका प्रभाव बेहद कम है।

### अस्पतालों में इंजेक्शन नहीं दर्द से तड़प रहे हीमोफीलिया के मरीज

नई दिल्ली,। पटेल नगर के मुकुल गांधी हीमोफीलिया की बीमारी से जूझ रहे हैं। इंजेक्शन की डोज न मिलने से उन्हें असहनीय दर्द हो रहा है और चल तक नहीं पा रहे हैं। वह रविवार को जीटीबी अस्पताल की इमरजेंसी में हीमोफीलिया का इंजेक्शन लगवाने के लिए गए। इंजेक्शन न होने की बात कहकर उन्हें लौटा दिया गया। उन्होंने बताया कि करीब एक साल से इंजेक्शन नहीं मिल रहा है। अब तक हीमोफीलिया से ग्रसित एक मरीज की जान जा चुकी है।

# कामरेड सीताराम येचुरी को कम्युनिस्टों ने की खिराज ए अकीदत पेश

## मेहनतकशो के लिए जीवन भर संघषीर्शील रहे सीताराम येचुरीःमशकूर चौधरी

प्रात: किरण, नादिर त्यागी




स्योहारा। देश के जाने-माने वरिष्ठ नेता एवं मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व सांसद कामरेड सीताराम येचुरी को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) शाखा स्योहारा के पदाधिकारीयो ने मनिहारान मस्जिद चौक नगर पालिका पार्क में जमा होकर एक सभा कर खिराजे ए अकीदत पेश की।सभा का संचालन शाखा मंत्री एडवोकेट इसरार अली ने किया तथा अध्यक्षता वरिष्ठ कम्युनिस्ट चौधरी जरीफ अहमद ने की। सभा में कामरेड चौधरी मशकूर अली एडवोकेट ने खिराज ए अकीदत पेश करते हुए कहा कि देश में सीताराम येचुरी जैसे लीडर बहुत कम हुए हैं वह बहुत ही शिक्षित नेता थे और बुद्धिजीवी वर्ग से आते थे उन्होंने हमेशा देश के गरीबों, मजदूरों तथा अन्य कामगारों के मन की पीड़ा को समझा और उनके उत्थान के लिए संघर्षशील रहते हुए जीवन भर सड़क से लेकर संसद तक आवाज उठाई। कॉमरेड इकराम अली ने कहा सीताराम येचुरी एक बहुत सुलझे हुए और बुद्धिमान सियासतदां थे उनके जैसे लीडर बहुत कम हुए हैं उन्होंने कभी भी अपने उसूलो से समझौता नही किया। सभा में शाखा मंत्री एडवोकेट कामरेड चौधरी इसरार अली ने कहा सीताराम येचुरी जी का जीवन बहुत ही संघर्षपूर्ण रहा है वह छात्र जीवन से ही गलत नीतियों के विरोधी रहे है सीताराम येचुरी जी लगातार तीन बार देश की मशहूर यूनिवर्सिटी जे.एन.यू. दिल्ली के छात्र यूनियन के प्रेसिडेंट रहे। उन्होंने इस पद पर रहते हुए बड़े बड़े आंदोलन खड़े किये। सीताराम येचुरी जी पार्टी के सर्वोच्च पदों पर रहते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव चुने गये। उन्हें सर्वश्रेष्ठ सांसद के लिये भी चुना गया। वह जीवन भर मेहनतकशों की लड़ाई लड़ते हुए अपनी जिंदगी की लड़ाई हार गये शाखा स्योहारा उनके निधन पर गहरे रंजो गम का इजहार करते हुए सच्ची खिराज ए अकीदत पेश करती है। इस मौके पर कामरेड जमील अहमद, कामरेड आरिफ अली, कामरेड अनवर अहमद, मोहम्मद फैसल आदि भी मौजूद रहे।

# नौगावा सादात में निकला जुलूस-ए-मौहम्मदी, प्रशासन रहा मौजूद



प्रात: किरण, संवाददाता

नौगावा सादात।रजा जामा मस्जिद से ईद उन मिलाद उल नबी के मौके पर एक भव्य जुलूस का आयोजन किया गया। यह जुलूस सुबह 9:00 बजे शुरू हुआ और इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जुलूस बुध बाजार से होकर अलीनगर पहुंचा और फिर बुध बाजार चौराहे पर नदीम अब्बास जैदी और मौलाना हसन इमाम साहब ने तकरीरें पेश की। इसके अलावा, रजा जामा मस्जिद के मुफ्ती मुजाहिद हुसैन, मुफ्ती जमशेद और हाफिज मोहम्मद परवेज ने भी अपनी तकरीरें दीं।जुलूस के दौरान पब्लिक ने खाने का इंतजाम किया, जिसमें दूध, फल, बिस्किट और ठंडे पानी की व्यवस्था की गई। जुलूस पुराना पशु अस्पताल के सामने से होकर एस एम इंटर कॉलेज की ओर बढ़ा और अंततः रजा जामा मस्जिद पहुंचा, जहां खाने की भी व्यवस्था की गई थी।जुलूस में गुलाम अब्बास किट्टी, नूर अब्बास राणा, विकार हैदर, अतहर अब्बास, राशिद मलिक, नवाब अली, मोहम्मद फुरकान, समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव शहजाद आब्दी, माहे आलम, नौशाद अली उर्फ भूरे, हाजी असगर अली, मोहम्मद शादाब सलमानी, नदीम अब्बास मोबाइल, सलीम अब्बासी, इलियास समेत कई प्रमुख लोग शामिल थे। पुलिस प्रशासन ने पूरी सतर्कता के साथ व्यवस्था को सुनिश्चित किया, जिससे जुलूस शांतिपूर्ण और सफल रहा।

# 18 सितंबर को राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन ने धरना प्रदर्शन,बनी रणनीति



प्रात: किरण, संवाददाता

बिजनौर। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष व स्वीप आइकॉन ब्रांड एम्बेसडर सामान्य लोकसभा चुनाव 2024 एम.आर. पाशा ने बताया कि आज सोमवार को कैंप कार्यालय बुढ़नपुर में संगठन की मीटिंग आहूत की गई जिसमें बिजनौर में 18 सितंबर को संस्था की ओर से होने वाला धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिये रणनीति बनाई गई।

उन्होंने कहा कि प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में सभी दिव्यांगजन, बुजुर्ग ,विधवाएं गरीब वर्ग पहुंचेगे। जिसमे सभी लोग नुमाइश ग्राउंड के सामने इकट्ठा होकर गन्ना समिति में बैठक करने के उपरांत जिलाधिकारी के ऑफिस जाया जएगा और वहीं पर ज्ञापन दिया जाएगा दिव्यागों के हितों की मांगे मनवाने के लिये धरना भी दिया जाएगा।

उन्होंने सभी सम्मानित साथियों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में 18 सितंबर को नुमाइश ग्राउंड के सामने एकत्रित होकर कार्यक्रम में उपस्थित रहें और कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनायें।

# सगरा आश्रम के पीठाधीश्वर रास्ते की समस्या से जूझ रहे परिवार संग धरने पर बैठे,आत्मदाह की चेतावनी दी

प्रात: किरण, संवाददाता



अमेठी। अमेठी जिले के बाबूगंज सगरा आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी मौनी महाराज साधु-संतों के साथ एक गांव में पहुंचकर रास्ते की समस्या से जूझ रहे एक पीड़ित परिवार के साथ सोमवार को धरने पर बैठ गये। उन्होंने समस्या का समाधान नहीं होने पर आत्मदाह की चेतावनी दी है।

मौनी महाराज ने यहां जारी एक बयान में कहा कि जिले के मोहनगंज थाना क्षेत्र के भिलाई कला गांव निवासी राजकुमार मौर्य का रास्ता 2016 से बाधित है। पीड़ित तब से आज तक अनेक बार शिकायत पत्र तहसील से लेकर जिले तक के अधिकारियों को दे चुका है पर उसको न्याय नहीं मिल पाया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन भूमाफिया के सामने घुटने टेक चुका है।

मौनी महाराज ने बताया कि ह्व\पीड़ित ने उनके पास आकर न्याय की गुहार लगाई। मैंने भी अधिकारियों से बात की और मुख्यमंत्री से भी मीडिया के माध्यम से पीड़ित की मदद की मांग की पर परिणाम कुछ नहीं निकला तो आज मुझे मजबूर होकर धरने पर बैठना पड़ा है।

सगरा पीठाधीश्वर ने आरोप लगाया कि प्रशासन में बैठे अधिकारी सरकार की छवि खराब कर रहे हैं और सरकार को बदनाम कर रहे हैं, वे विपक्ष के इशारे पर काम कर रहे हैं जिसके चलते पीड़ित राजकुमार मौर्य व उसका परिवार आत्मदाह करने को मजबूर हैं। उन्होंने दावा किया मैंने भी तय किया है कि गरीब को मरने नहीं दूंगा और जरूरत पड़ी तो मैं भी आत्मदाह करूंगा।

तिलोई के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) अमित कुमार सिंह ने बताया कि चक मार्ग की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में एक मुकदमा तहसीलदार तिलोई के न्यायालय में विचाराधीन है। उन्होंने कहा, न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद अवैध अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की जायेगी। सिंह ने कहा कि मौके पर रास्ता बाधित नहीं है और दूसरी तरफ से रास्ता उपलब्ध है।

पीड़ित राजकुमार ने आरोप लगाया है कि तहसील प्रशासन उसके ऊपर समझौते का दबाव बना रहा है, चक मार्ग खाली कराने के बजाय दूसरी जगह से रास्ता देने की बात कर रहा है। पीड़ित ने कहा कि जब तक चक मार्ग खाली नहीं होगा और रास्ता नहीं मिलेगा, तब तक वह परिवार सहित अनशन पर बैठे रहेंगे।

# विधायक ने की न्यु जुपिटर की लांचिंग, शोरूम स्वामी ने बताई विशेषता




प्रात: किरण, संवाददाता

गजरौला। नगर के हाइवे स्थित एपी टीवीएस बाइक शोरूम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बहुत लाभ मिलेगा। रविवार को धनौरा विधानसभा से भाजपा विधायक राजीव तरारा ने न्यू जुपिटर 110 की भव्य लाचिंग की। शोरूम स्वामी प्रमोद कुमार बंसल ने विधायक को न्यु जुपिटर 110 स्कूटी की विशेषताएं व खूबियां बताईं। विधायक ने शोरूम में घूमकर टीवीएस की बाइकों व स्कूटियों का अवलोकन किया और शोरूम स्वामी को बधाई दीं। इस अवसर पर सुरेन्द्र कुमार गोयल, अंकित बंसल, विशाल गोयल, टीवीएस से क्षेत्र प्रबंधक विनय कुमार सहित गुड्डी बंसल, अलका गोयल आदि समेत स्टॉफ के सभी लोग मौजूद रहे।

# बहराइच में जंगली जानवर ने बच्चे को घायल किया, परिजनों ने भेड़िये का हमला बताया, वन विभाग ने नकारा

प्रात: किरण, संवाददाता



बहराइच। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भेड़ियों के आतंक से प्रभावित महसी क्षेत्र के दौरे के कुछ घंटों बाद ही बहराइच जिले की महसी तहसील के एक गांव में एक जंगली जानवर ने छत पर चढ़कर 12 वर्षीय बच्चे पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीण इसे आदमखोर भेड़िए का हमला बता रहे हैं, हालांकि वन विभाग ने किसी अन्य जानवर द्वारा हमला किए जाने का दावा किया है।

प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) अजीत प्रताप सिंह ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि रविवार व सोमवार की दरमियानी रात लगभग ढाई बजे ग्राम पिपरीमोहन, थाना-हरदी, तहसील महसी, जिला-बहराइच के निवासी मोहम्मद उमर के पुत्र इमरान (12) को अज्ञात जानवर द्वारा घायल किए जाने की सूचना मिली।

इस घटना से पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भेड़ियों के आतंक से प्रभावित बहराइच के महसी क्षेत्र का दौरा किया और कहा कि खूंखार भेड़िये को गोली मारना अंतिम विकल्प है और जब तक इलाका खतरे से मुक्त नहीं होगा तब तक वन विभाग की टीमें यहां तैनात रहेंगी। योगी ने भेड़ियों के हमलों से प्रभावित महसी तहसील के सिसैया चूणामणि गांव का दौरा किया था।

डीएफओ ने कहा, मौके पर जाकर तत्काल की गई जांच में कहीं भी भेड़िए का पगचिह्न नहीं पाया गया और जो पगचिह्न पाया गया वह भेड़िया से मेल नहीं खाता है।

हमले के शिकार बच्चे के पिता ने सोमवार को कहा, हम छत पर सो रहे थे, तभी भेड़िया आया और मेरे बेटे पर झपट पड़ा। बेटा मदद के लिए चिल्लाया तो लोग इकट्ठा हो गए। लोगों को देखकर भेड़िया बच्चे को छोड़कर भाग गया।उन्होंने कहा, भेड़िये के हमले से मेरा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डीएफओ सिंह ने कहा, भेड़िये या तेंदुए कभी भी अपने कद से अधिक ऊंचाई पर हमला नहीं करते हैं। बताया जा रहा है कि यह घटना छत पर हुई। भेड़िये की फितरत छत पर चढ़कर हमला करने की कभी नहीं रही है। अब यह जांच का विषय है कि किस जानवर ने बच्चे पर हमला किया।

इमरान का प्राथमिक उपचार उसके परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महसी, बहराइच में कराया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की चिकित्साधिकारी डॉक्टर तलहा शम्शी की रिपोर्ट के अनुसार, घायल बच्चे के गले पर जो जख्म हैं वे किसी जानवर के काटने जैसे दिखते हैं।

घायल बच्चे को महसी स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर कर भेड़िये के हमला पीड़ितों के लिए बनाए गए विशेष वार्ड में भर्ती किया गया है। डब्ल्यू.आई.आई. के विशेषज्ञ डॉ. शहीर खान ने भी भेड़िये के पगचिह्न होने से इनकार किया है। ड्रोन से घटनास्थल व आसपास के क्षेत्र के निरीक्षण में दो सियार दिखाई दिए।

भेड़ियों के हमलों से करीब 50 गांवों में गत मार्च से दहशत का माहौल है। बारिश शुरू होने के बाद 17 जुलाई से बढ़े हमलों में सात बच्चों सहित आठ लोगों की मृत्यु हो चुकी है। भेड़ियों व अन्य वन्यजीवों के हमलों से इस दौरान लगभग तीन दर्जन लोग घायल हुए हैं।

### कई क्षेत्रों में बाढ़, पानी में डूबने से छात्र की मौत

**बांदा।** यूपी के बांदा में रुक-रुक कर और मध्यप्रदेश में हो रही लगातार बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ गया है व कई क्षेत्रों में बाढ़ आ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई रास्तों में पानी भरने से मुख्य मार्ग के संपर्क टूट गया है। रास्तों से संपर्क कटने के चलते एक बच्चा नदी में डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने कहा कि यमुना नदी उफान पर हैं रास्ते में पानी भरा होने से एक बच्चा घर से निकल रहा था उसी दौरान वह गहरे पानी में डूब गया। लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। फिर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसे बाहर निकाला और अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रशासन ने रिपोर्ट के आधार पर मुआवजे का एलान किया है। यह मामला तिंदवारी थाना क्षेत्र के बेंदा घाट इलाके का है। जहां यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। कई गांव पानी से घिरे हैं। इसके चलते कई रास्तों में पानी भर गया है। बताया जाता है कि 7वीं क्लास में पढ़ने वाला बच्चा आयुष घर से पढ़ने निकला था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया।

# रात भर किडनैप हुई लड़की को ढूंढती रही पुलिस, अगले दिन खुद पहुंची थाने

- आंखों पर पट्टी बांधी और जबरन एक बाइक पर बैठाया
- सुनसान जगह पर फेंककर हुए फरार

प्रात: किरण, संवाददाता



नई दिल्ली। बिहार के पटना में एक लड़की की शरारत के चलते पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस को एसके पुरी इलाके में एक युवती के किडनैप होने की सूचना मिली थी। रात भर पुलिस की कई टीमों को युवती की तलाश में लगाया गया। बाद में अगले दिन युवती खुद थाने आ पहुंची। कहने लगी कि सर मैं तो अपने दोस्त के साथ प्रैंक कर रही थी। लेकिन उसने थाने जाकर मामला ही दर्ज करवा दिया। युवती ने अपनी इस हरकत के लिए पुलिस से माफी भी मांगी। जानकारी के मुताबिक, एसके थाना पुलिस को किसी ने शिकायत दी कि उसकी महिला मित्र का किडनैप हो गया है। शिकायत में युवती ने बताया कि सर मेरी दोस्त ने मुझे फोन किया। उसने बताया कि उसका कुछ बाइक सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया है। उसने रात के समय बोरिंग रोड चौराहा से घर जाने के लिए ऑटोरिक्शा लिया था। ऑटो में कुछ और लोग भी बैठे थे। उन्होंने युवती से बदसलूकी करना शुरू कर दिया। फिर उसे ऑटो से उतारा, आंखों पर पट्टी बांधी और जबरन एक बाइक पर बैठा कर कहीं ले गए। इसके बाद उसे सुनसान जगह पर फेंककर फरार हो गए। युवती ने जैसे तैसे आंख से पट्टी खोलकर उस दोस्त को फोन लगाया और बात बताई। पुलिस ने तुरंत लापता हुई युवती की तलाश शुरू की। तमाम जगहों को सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। रात भर पुलिस उस युवती को ढूंढती रही। लेकिन वो कहीं नहीं मिली। अगले दिन वो युवती खुद ही थाने पहुंची। उसने कहा-सर मैं अपने दोस्त से प्रैंक कर रही थी। लेकिन वो इस बात को सीरियसली ले गया और आपके पास शिकायत दे डाली। इसके लिए मैं आपसे माफी मांगती हूं। डीएसपी सचिवालय-2 साकेत ने बताया-युवती ने पुलिस पूछताछ में स्वीकार किया है कि उसके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई थी। ऐसा उसने मजाक के तौर पर किया था। इस हरकत के लिए उसने पुलिस से माफी भी मांगी है। युवती को फिलहाल पुलिस ने छोड़ दिया है।

# डर या गलत धारणा के चलते महिला की सहमति से बनाए गए यौन संबंध भी दुष्कर्म है: हाईकोर्ट

प्रात: किरण, संवाददाता



प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए बलात्कार को लेकर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि डर या गलत धारणा के चलते महिला की सहमति से भी शारीरिक संबंध बनाना रेप माना जाएगा। साथ ही मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति अनीस कुमार गुप्ता ने याचिकाकर्ता की याचिका को खारिज भी कर दिया, जिसमें अपील की गई थी कि याचिकाकर्ता के खिलाफ शादी के बहाने रेप के मुकदमे को रद्द किया जाए। अदालत के समक्ष दायर याचिका में आरोपी राघव ने दिसंबर 2018 में आगरा जिले के एक पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) के तहत दर्ज शिकायत में उसके खिलाफ दायर आरोप पत्र को रद्द करने की प्रार्थना की थी।अभी यह मामला आगरा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में लंबित है और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई जारी है। आगरा जिले के थाने में दर्ज की गई प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि आवेदक यानी की राघव ने पहले महिला को बेहोश कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद कथित तौर पर वह शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा।

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि आवेदक और महिला एक-दूसरे को जानते थे और दोनों सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे थे।वकील ने कहा कि उन्होंने सहमति से शारीरिक संबंध बनाए जो लंबे समय तक जारी रहे। वकील ने कहा, चूंकि यह दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से लगातार सहमति से बना शारीरिक संबंध था, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) के तहत आवेदक के खिलाफ कोई भी अपराध किया गया है। राज्य के वकील ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि पक्षों के बीच रिश्ते की शुरूआत धोखाधड़ी पर आधारित थी और यह आवेदक (युवक) की ओर से एक जबरदस्ती की गई थी। जिसके लिए विपक्षी (महिला) की ओर से कोई सहमति नहीं थी।

# होटल में प्रेमी ने शादीशुदा महिला की हत्या की, थाने पहुंचकर किया सरेंडर

- हत्या के पीछे का कारण ब्लैकमेलिंग?
- मृतका की 16 साल पहले हुई थी शादी और उसके दो बच्चे भी थे

प्रात: किरण, संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां प्रेमी ने ओयो होटल में अपनी शादीशुदा प्रेमिका की हत्या कर दी। सोरांव थाना क्षेत्र के उसरही स्थित राम जानकी गेस्ट हाउस में 30 वर्षीय विवेक कुमार ने अपनी प्रेमिका सुमन देवी (35) की दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद विवेक ने खुद थाने जाकर सरेंडर किया और पुलिस को इस घटना की जानकारी दी। आरोपी विवेक ने पुलिस को बताया कि वह पिछले 7 साल से सुमन के साथ रिश्ते में था। सुमन की 16 साल पहले रामआसरे से शादी हुई थी, और उसके दो बच्चे भी थे। पिछले कुछ सालों से वह अपने मायके में रह रही थी। विवेक के अनुसार, सुमन उसे ब्लैकमेल कर रही थी, जिस वजह से दोनों के बीच विवाद हुआ और उसने गुस्से में आकर सुमन की हत्या कर दी।

### पुलिस ने शव को कब्जे में लिया

विवेक द्वारा दी गई जानकारी के बाद पुलिस तत्काल ओयो होटल पहुंची, जहां सुमन का शव बेड पर पड़ा मिला। पुलिस ने फील्ड यूनिट और फोरेंसिक एक्सपर्ट्स की टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### महिला ने पति-पत्नी बताकर बुक कराया था कमरा

पुलिस के अनुसार, सुमन और विवेक ने पति-पत्नी के रूप में होटल में कमरा बुक कराया था। होटल मैनेजर और कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है कि दोनों कब होटल में आए थे और उन्होंने किस आईडी और एड्रेस पर कमरा बुक किया था। प्रारंभिक पूछताछ में यह साफ हुआ है कि मामला प्रेम प्रसंग का है।

### परिवार को दी गई सूचना

मृतका सुमन देवी सोरांव थाना क्षेत्र के सराय गोपाल भदरी गांव की रहने वाली थी। उसकी शादी 10 साल पहले बलकरनपुर गांव में हुई थी, लेकिन पति से विवाद के चलते वह मायके में रह रही थी। पुलिस ने मृतका के परिवार को इस घटना की जानकारी दे दी है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है और विवेक से पूछताछ जारी है। हत्या के पीछे ब्लैकमेलिंग को मुख्य कारण माना जा रहा है। पुलिस होटल के अन्य स्टाफ से भी जानकारी जुटा रही है।

### महोबा में सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार किसान की मौत

बांदा (उप्र)। महोबा जिले के श्रीनगर थाना क्षेत्र में सोमवार को एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक किसान की मौत हो गयी जबकि दूसरा शख्स घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, किसान ट्रक में फंसकर करीब 20 मीटर तक घिसटता चला गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। श्रीनगर थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) शिवपाल सिंह ने बताया कि सुबह करीब दस बजे कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग के बिलरही तिराहे में एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल और किसान दोनों ट्रक में फंस गए और करीब 20 मीटर तक घिसटते चले गए। इस हादसे में उरवारा गांव के रहने वाले किसान रामकृपाल बाजपेयी (55) की मौके पर ही मौत हो गई और मोटरसाइकिल चला रहा युवक शेखर सेन (22) गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। एसएचओ ने बताया कि हादसे के बाद चालक और उसका सहायक घटनास्थल पर ही ट्रक छोड़कर भाग गए, जिनकी तलाश की जा रही है। किसान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### संभल में सड़क किनारे बैठे ग्रामीणों को पिकअप ने कुचला, चार की मौत, पांच घायल

संभल। उत्तर प्रदेश में संभल जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह सड़क के किनारे बैठे लोगों को एक पिकअप वैन ने कुचल दिया जिसके कारण चार लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने वाहन चालक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि सुबह करीब छह बजे थाना रजपुरा क्षेत्र में भोपतपुर ग्राम के कुछ लोग सड़क किनारे बैठे थे तभी गवा की तरफ से आ रही पिकअप वैन ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे लीलाधर (60), धारामल (40), ओमपाल (32) और पूरनसिंह (45) की मौके पर ही मौत हो गई और पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा ले जाया गया जहां से उन्हें अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि वाहन चालक को हिरासत में ले लिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

### ठाणे में किशोर ने फंदे से लटककर जान दी, वड़ा पाव विक्रेता पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

ठाणे। ठाणे के भिवंडी में 16 वर्षीय एक लड़के ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इस संबंध में एक व्यक्ति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। नारपोली पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान वड़ा पाव विक्रेता कुणाल चौधरी के रूप में हुई है। वरिष्ठ निरीक्षक भरत कामथ ने कहा, ह्यह्य11 सितंबर को गौरव झा वड़ा पाव खरीदने के लिए चौधरी की दुकान पर गया था। चौधरी ने किशोर से कुछ सामान उसके घर पर छोड़ने को कहा। गौरव ने जब उसका सामान घर छोड़ने से मना कर दिया तो चौधरी ने गुस्से में उसे थप्पड़ मार दिया। इस घटना से अपमानित महसूस कर रहे किशोर ने कुछ समय बाद अपने घर में फंदे से लटककर जान दे दी। उन्होंने बताया कि लड़के के पिता की शिकायत पर चौधरी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है। हालांकि आरोपी को अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है।

### वैश्विक री-इन्वेस्ट बैठक : आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नायडू गांधीनगर रवाना

अमरावती। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू चौथी वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेश बैठक और प्रदर्शनी (री-इन्वेस्ट 2024) में भाग लेने के लिए सोमवार को गुजरात के गांधीनगर रवाना हुए। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, नायडू सोमवार की सुबह हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे से गांधीनगर रवाना हुए और उनके शाम तक यहां लौट आने की संभावना है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में मुख्यमंत्री राज्य के अप्रयुक्त हरित ऊर्जा क्षेत्र में निवेश पर जोर देंगे। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है जो 16 सितंबर से 18 सितंबर तक चलेगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे। री-इन्वेस्ट एक वैश्विक मंच है जो अक्षय ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े दिग्गजों और प्रमुख संस्थाओं को एक साथ लाता है। इस कार्यक्रम में सरकारी अधिकारी, उद्योग जगत के नेता, निवेशक, शोधकर्ता और नीति निमार्ता शामिल होंगे।

### आईपी विश्वविद्यालय के कुलपति को अंतरराष्ट्रीय सम्मान

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली के कुलपति प्रो. महेश वर्मा को रविवार को इस्तांबुल, तुर्की में आयोजित एफडीआई वर्ल्ड डेंटल फेडरेशन की महासभा ने प्रशंसा पत्र प्रदान किया। उन्हें एफडीआई विज्ञान समिति के सदस्य के रूप में उनके उत्कृष्ट और महत्वपूर्ण योगदान के लिए यह प्रशंसा पत्र दिया गया है। दंत विज्ञान के क्षेत्र में एक वैश्विक नाम, डॉ. वर्मा मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज, नई दिल्ली में प्रोफेसर इमरिटस भी हैं। वह इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ डेंटल रिसर्च (इंडिया) के अध्यक्ष और जिनेवा, स्विट्जरलैंड के विश्व दंत संघ के उपाध्यक्ष और भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले विज्ञान समिति के उपाध्यक्ष भी हैं। उन्हें दंत चिकित्सा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित डॉ बीसी रॉय पुरस्कार सहित कई अन्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

# मानवता का कैंसर है पाकिस्तान, बिना ऑपरेशन इलाज संभव नहीं: सीएम योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा के साथ सिद्धेश्वरी मंदिर का किया उद्घाटन

प्रात: किरण, वेस्ट त्रिपुरा/लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पाकिस्तान मानवता का कैंसर है, जो पूरी दुनिया के लिए नासूर बन चुका है। आजादी के समय का कांग्रेस नेतृत्व और जोगेंद्र नाथ मंडल अगर मिलकर मुस्लिम लीग की साजिश को विफल कर देते तो यह नासूर अस्तित्व में नहीं होता। उन्होंने कहा कि जब तक पाकिस्तान का ऑपरेशन नहीं होगा, तब तक इलाज संभव नहीं है। पाकिस्तान का उपचार शुरू हो चुका है। अब पाक अधिकृत कश्मीर के लोग भारत में शामिल होना चाहते हैं। बलूचिस्तान भी पाकिस्तान से अलग होना चाहता है।



### मानवता का कैंसर है पाकिस्तान, बिना ऑपरेशन इलाज संभव नहीं: सीएम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा के साथ सिद्धेश्वरी मंदिर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संत ईश्वरीय सत्ता के प्रतिनिधि के रूप में इस धराधाम पर आकर कार्य कर रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में संत अगर किसी कार्य में जुड़ जाएंगे तो उसे सफल होना ही है। संतों के सानिध्य में हमें धर्म जागरण के अभियान को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। सीएम योगी ने कहा कि हमें मिलकर कार्य करना होगा और इस बात का ध्यान रखना है कि विधर्मियों को अवसर नहीं देना है। बांग्लादेश जैसे स्थिति की पुनरावृत्ति यहां न होने पाए, इसके लिए ऐसी शक्तियों को हमें समाप्त करना है। हमें देश और धर्म को सुरक्षित रखना है। सीएम योगी ने कहा कि यहां के राजा में शक्ति एवं सामर्थ्य था, इसलिए त्रिपुरा स्वतंत्र एवं सुरक्षित रहा। यहां के राजा ने जनता को एकजुट करके त्रिपुरा को विधर्मियों एवं विदेशी आक्रांताओं से बचाए रखा। उन्होंने कहा कि जो सामर्थ्यवान होगा और ताकत का एहसास अपने दुश्मनों को कराएगा, वो हमेशा सुरक्षित रहेगा। लेकिन जो अपनी ताकत खोकर अपने दुश्मन और मित्र को समझने में भूल करेगा, उसी प्रकार का खामियाजा भुगतेगा जैसा आज बांग्लादेश में हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि बांग्लादेश के हालात पर हमें चिंतन करने की आवश्यकता है कि इसके लिए कौन लोग जिम्मेदार हैं।

सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ इस बात को जानता था कि अगर हम कांग्रेस के द्वारा चलाई गई दुर्वयसंधि का शिकार होते रहेंगे तो कांग्रेस देश का विभाजन कराएगी, हिंदुओं का कत्लेआम कराएगी, उन्हें जातियों में बांटकर लड़ाएगी और भारत की परंपरा-संस्कृति को नष्ट एवं भ्रष्ट कर देगी। आरएसएस की बात सच साबित हुई और कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए देश का विभाजन कराया। उन्होंने कहा कि 1905 में बंगभंग आंदोलन के दौरान अगर बंगाल विरोध नहीं करता तो सबको पता है कि उस समय देश में क्या होता। सीएम योगी ने कहा कि आरएसएस-विश्व हिंदू परिषद अपनी सेवा का प्रोपेगेंडा और सौदेबाजी नहीं करते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं संघ आज केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में विद्याभारती के माध्यम से हजारों शिक्षण संस्थानों एवं सेवा के प्रकल्पों का संचालन कर रहा है। विश्व हिंदू परिषद पूरे देश में जनजातीय क्षेत्रों में एक लाख से अधिक गांवों में एकल विद्यालय का संचालन कर रहा है। श्रीराम वनवासी कल्याण आश्रम के माध्यम से विश्व हिंदू परिषद ने 1984 में गोरखपुर में जनजातीय छात्रावास प्रारंभ किया था, जिसमें नॉर्थ ईस्ट के बच्चे जाकर शिक्षा प्राप्त करते थे। उन्होंने कहा कि अब भारत का समय है इसलिए, आज हम लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया की एक बड़ी ताकत बनाने की ओर अग्रसर हैं।

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनने से पांच सदी का इंतजार समाप्त हुआ है। कुछ लोगों को मंदिर के बन जाने से बुरा लग रहा है, जिन्हें बुरा लग रहा है उनका हम क्या कर सकते हैं। हम भारत की बहुसंख्यक जनता की आस्था को सम्मान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या, मथुरा और काशी सनातन धर्म की आस्था के तीन प्रमुख स्तंभ हैं। ये तीनों स्थल जैसे आज पूज्य हैं, उसी रूप में आगे भी बढ़ते हुए दिखाई देंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म सर्वे भवन्तु सुखिनः की बात करता है, लेकिन ये तभी संभव है, जब हम सुरक्षित रहेंगे।

### मानवता का कैंसर है पाकिस्तान, बिना ऑपरेशन इलाज संभव नहीं: सीएम

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में आज पूरा देश एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए कार्य कर रहा है। आज त्रिपुरा में सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल है। आज से सात-आठ वर्ष पहले यह संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि एक ओर यहां की डबल इंजन की सरकार त्रिपुरा के सर्वांगीण विकास के लिए डबल स्पीड से कार्य कर रही है तो वहीं दूसरी ओर त्रिपुरा में धार्मिक क्षेत्र में भी प्रगति हो रही है। सीएम योगी ने कहा कि त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश में पहले पर्व और त्योहार के दौरान दंगे होते थे। आज हमने उत्तर प्रदेश में दंगाइयों के लिए बुल्डोजर और भक्तों को प्रभु श्रीराम का मंदिर दे दिया है। उन्होंने कहा कि हम सबको ध्यान रखना होगा कि धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः यानी अगर हम धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म आपकी भी रक्षा करेगा। वहीं अगर अपने स्वार्थ के लिए हम अपने धर्म का बलिदान करेंगे तो धर्म भी आपके साथ उसी प्रकार का व्यवहार करेगा। ह्ययतो धर्मस्ततो जयः सनातन धर्म की यही शिक्षा है। सीएम योगी ने कहा कि मां सिद्धेश्वरी की प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर के उद्घाटन का यह कार्यक्रम हम सबके लिए महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि पूज्य संत शांतिकाली महाराज ने 1994 में आश्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ाया था। शांतिकाली महाराज ने उस समय जो संकल्प लिए थे, उसे चितरंजन महाराज बिना रुके और बिना डिगे आगे बढ़ा रहे हैं। इसलिए भारत सरकार भी उनका सम्मान कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के एक हाथ में मुरली और दूसरे हाथ में सुदर्शन है।

### महायज्ञ में शामिल हुए सीएम योगी

सीएम योगी ने नारियल फोड़कर मंदिर का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने विधि विधान से माता सिद्धेश्वरी की पूजा अर्चना की। उसके बाद सीएम योगी ने मंदिर प्रांगण में पौधरोपण भी किया। वे मंदिर में आयोजित महायज्ञ में भी सम्मिलित हुए और आहुति डाली। साथ ही लोककल्याण की कामना की।

### मानवता का कैंसर है पाकिस्तान, बिना ऑपरेशन इलाज संभव नहीं: सीएम योगी

कार्यक्रम में सीएम योगी के साथ महाराजा चित्त रंजन देबबर्मा, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद विप्लव देब, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव भट्टाचार्य, एनडीए के सहयोगी एवं त्रिपुरा राज परिवार के राजकुमार प्रमोद बिक्रम माणिक्य देब बर्मा, विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सह मंत्री सचिंद्रनाथ सिन्हा, त्रिपुरा सरकार के मंत्री, विधायक एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### शांति काली आश्रम द्वारा प्रबंधित हैं 24 मंदिर

बरकथल स्थित यह नवनिर्मित मंदिर पूर्वोत्तर राज्य में शांति काली आश्रम द्वारा प्रबंधित 24 मंदिरों में से एक है। शांति काली आश्रम के प्रमुख महाराज चित्त रंजन देबबर्मा हिंदू संस्कृति, परंपरा और धर्म की रक्षा के लिए काम करते रहे हैं। उन्हें पिछले साल पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

# मोदी सरकार-3 की विफलताओं के 100 दिन : कांग्रेस

नई दिल्ली, प्रात: किरण

कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में सरकार के गठन के पहले 100 दिन यू-टर्न और विफलताओं से भरे रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज नरेंद्र मोदी सरकार के 100 दिन पूरे हुए हैं। ये सौ दिन देश की अर्थव्यवस्था,किसानों, युवाओं, महिलाओं, इंफ्रास्ट्रक्चर, रेल टीवीवे और संस्थाओं पर बहुत भारी पड़े हैं।




उन्होंने कहा ह्यइन 100 दिनों में साबित हो गया कि श्री मोदी के पास देश की समस्याओं से निपटने के लिए कोई विजन नहीं है। मोदी सरकार के 100 दिन अस्थिरता, अनिर्णायकता और अपरिपक्वता का प्रतीक हैं। श्री मोदी चुनाव प्रचार के दौरान अपने 100 दिन के प्लान का जिक्र किया करते थे, लेकिन आज उनके सामने विफलताओं का एक पुलिंदा खड़ा है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने मोदी सरकार को यूटर्न सरकार करार दिया और कहा इस यू-टर्न सरकार ने कई नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। रेल ध्वस्त है, महिला असुरक्षित है, बेरोजगारी बढ़ रही है। ये आपका रिपोर्ट कार्ड है। पिछले 100 दिन से यू-टर्न सरकार चल रही है। इस सरकार को यू-टर्न के लिए देश के लोकतंत्र, विपक्ष और जनता ने मजबूर किया है। साफ है कि सरकार का अहंकार अब नहीं चलेगा। आपकी सरकार का कोई भी फैसला यदि देश को प्रभावित करता है तो वो कानून नहीं बनेगा और हम उसे यू-टर्न कराकर दम लेंगे।

उन्होंने कहा मोदी सरकार ने 100 दिनों में भारतीय रेल को बर्बाद कर दिया है। इस अवधि में 38 रेल हादसे हुए हैं जिनमें 21 लोगों की मौत हुई है। बालासोर हादसे के बाद लगा था कि सरकार उससे कुछ सबक सीखेगी, सरकार रेल को सुचारू रूप से चलाने का प्रबंध करेगी लेकिन आज भी कोई दिन नहीं बीतता, जब रेल हादसा न होता हो। असलियत ये है कि 21 मौतों के बाद भी कवच सालाना 2 किमी पर लग रहा है और देश के रेल मंत्री इसे बेशर्मी से छोटी- छोटी घटनाएं बता रहे हैं।

## आरजी कर मामले में अब सीबीआई संदीप घोष और अभिजीत मंडल से करेगी पूछताछ

कोलकाता, एजेंसी। केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और ताला पुलिस स्टेशन के एक्स स्टेशन ऑफिसर अभिजीत मंडल से एक साथ पूछताछ करेगी। दोनों पर संदेह तब गहराया, जब जांच अधिकारियों को संदीप घोष और अभिजीत मंडल के बीच 9 बार फोन पर बात करने की जानकारी मिली। रविवार को सीबीआई के वकील ने कोलकाता की एक विशेष अदालत को 9 अगस्त की सुबह दोनों के बीच कई टेलीफोन कॉल के बारे में भी जानकारी दी। घटनाक्रम से वाकिफ सूत्रों ने बताया, घोष और मंडल से एक साथ पूछताछ करके जांच अधिकारी अब इन कई फोन कॉल के जरिए दोनों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान का पता लगाने की कोशिश करेंगे।

संदेह की दूसरी सबसे बड़ी वजह यह है कि मंडल अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचने वाले पहले व्यक्ति थे। उधर, घोष ने लोगों को जानबूझकर बड़ी संख्या में घटनास्थल पर रहने दिया, जिससे मामले से जुड़े सबूतों से छेड़छाड़ की संभावना प्रबल हो गई। बता दें कि शनिवार रात को सीबीआई ने मामले से जुड़े सबूतों से छेड़छाड़ के आरोप में मंडल और घोष को गिरफ्तार किया गया था। संदेह की तीसरी वजह ह्र घोष ने बलात्कार की प्रारंभिक शिकायत दर्ज करने से परहेज क्यों किया और एक जिम्मेदार पुलिस अधिकारी के रूप में मंडल ने ऐसा करने पर जोर क्यों नहीं दिया, जबकि पीड़िता के शव से यह साफ जाहिर हो रहा है कि उसके साथ क्रूरता की सारी हदें पार की गई हैं। रविवार को विशेष अदालत ने घोष और मंडल को तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। बलात्कार और हत्या मामले पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में एक महत्वपूर्ण सुनवाई होनी है, जहां सीबीआई को जांच पर अपनी दूसरी प्रगति रिपोर्ट पेश करनी है।

शीर्ष अदालत की वरिष्ठ वकील और सामाजिक कार्यकर्ता इंदिरा जयसिंह मंगलवार को होने वाली सुनवाई में पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फोरम (डब्ल्यूबीजेडीएफ) का प्रतिनिधित्व करेंगी, जो इस मामले में विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहा है।

## यूपी में पंप स्टोरेज प्लांट्स का हब बनेंगे सोनभद्र, चंदौली और मीरजापुर

लखनऊ)। उत्तर प्रदेश में बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों और रिकॉर्ड ऊर्जा खपत जरूरतों के बीच क्लीन एनर्जी सेक्टर पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है। इस क्रम में, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ ही अब यूपी की योगी सरकार हाइड्रो बेस्ड पंप प्रोजेक्ट्स को भी बढ़ावा देने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है।

राज्य पंप स्टोरेज प्लांट्स का हब बने, ऐसे में प्रदेश में मीरजापुर, चंदौली और सोनभद्र इस दिशा में भूमिका निभाने को तैयार हैं। इन पंप प्लांट्स का प्रदेश में सबसे बड़ा हब मीरजापुर बनने जा रहा है, जहां विभिन्न कैपेसिटी के 4 प्लांट्स की स्थापना की जाएगी। वहीं, सोनभद्र में लगने वाला पंप स्टोरेज प्लांट सबसे ज्यादा ऊर्जा उत्पन्न करने वाला होगा। चंदौली में भी पंप स्टोरेज प्लांट की स्थापना की जाएगी। विभाग के अधिकारी ने बताया कि इन सभी 6 प्लांट्स के जरिए प्रदेश सरकार कुल मिलाकर 4,730 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। खास बात यह भी है कि इन सभी प्लांट्स को अगस्त के बीच में क्लीयरेंस दी गई है और अब इनकी स्थापना, निर्माण और विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ होने वाली है। इन 6 प्लांट्स के अतिरिक्त सोनभद्र, चंदौली और मीरजापुर में अन्य पंप स्टोरेज प्लांट्स को लेकर भी एक्मे, अवाडा व ईस्ट इंडिया पेट्रोलियम के पास इन प्रिंसिपल अप्रूवल है और इन सभी परियोजनाओं पर तेजी से कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए योगी सरकार द्वारा निर्देश दिए जा चुके हैं। विभाग के अधिकारी ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत सबसे पहले इसी वर्ष 30 मई को सोनभद्र के गहार्वा में 1,250 मेगावाट कैपेसिटी का हाइड्रो पंप स्टोरेज प्लांट लगाने की स्वीकृति मिली थी। एक्वाग्रीन इंजीनियरिंग मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इसे डेवलप किया जा रहा है। यहां दो रिजर्वॉयर में सोन नदी का पानी पंप करके स्टोरेज कैपेसिटी बढ़ाई जाएगी, जिसके बाद रिजर्वॉयर से 4.6 किलोमीटर दूर पंप इनटेक वेल की स्थापना की जाएगी।

## दिव्यांग लोगों के लिए सिनेमा देखना होगा सुलभ, ई-सिनेप्रमाण मॉड्यूल किया शुरू

नई दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सिनेमा देखने को अधिक समावेशी और सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब श्रवण बाधित और दृष्टिबाधित लोगों के लिए फिल्म थियेटरों में प्रदर्शित होने वाली फिल्मों के सबटाइटल देना होगा। इस दिशा में कदम उठाते हुए ई-सिनेप्रमाण मॉड्यूल जारी किया है। आवेदक अब दिशा-निदेर्शों में निर्दिष्ट अनुसार श्रवण और दृष्टिबाधित लोगों के लिए आवश्यक एक्सेसिबिलिटी सुविधाओं के साथ अपनी फिल्में लागू एवं जमा कर सकते हैं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इन दिशा-निदेर्शों के कार्यान्वयन के लिए प्रभावी तिथि 15 सितंबर 2024 निर्धारित की थी।

## नौसेना कमांडर 17 से 20 सितंबर तक नई दिल्ली में समुद्री चुनौतियों की समीक्षा करेंगे

- यह सम्मेलन भारतीय नौसेना के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा
- सीडीएस और तीनों सेनाओं के प्रमुख नौसेना कमांडरों से अहम मुद्दों पर करेंगे मंथन

नई दिल्ली, प्रात: किरण

भारतीय नौसेना के कमांडरों का सम्मेलन 17 से 20 सितंबर तक नई दिल्ली में होगा। हर छह माह में होने वाले इस सम्मेलन में नौसेना कमांडरों के बीच महत्वपूर्ण रणनीतिक, परिचालन और प्रशासनिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। भू-राजनीतिक और भू-रणनीतिक गतिशीलता, क्षेत्रीय चुनौतियों और पश्चिम एशिया में समुद्री सुरक्षा स्थिति की जटिलता की पृष्ठभूमि में होने वाला यह सम्मेलन भारतीय नौसेना के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सम्मेलन के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय अपेक्षाओं से संबंधित मामलों पर नौसेना कमांडरों को संबोधित करेंगे। भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना के प्रमुखों के साथ चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ नौसेना कमांडरों के साथ संघर्ष के सभी क्षेत्रों में तीनों सेनाओं के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और थिएटराइजेशन की दिशा में अभिसरण के लिए बातचीत करेंगे। सम्मेलन की शुरूआत नौसेना प्रमुख के उद्घाटन भाषण से होगी और वे पिछले छह महीनों में भारतीय नौसेना की प्रमुख परिचालन, सामग्री, रसद, मानव संसाधन विकास, प्रशिक्षण और प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। भारतीय नौसेना के कमांडरों का यह सम्मेलन इस मायने में महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि हाल के महीनों में भारतीय नौसेना ने समुद्र में व्यापारिक सुरक्षा को प्रभावित करने वाले ड्रोन और मिसाइलों के उभरते खतरों के खिलाफ मजबूती और दृढ़ संकल्प के साथ जवाब देकर हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है।

## अमित मालवीय की पोस्ट के बाद, राहुल गांधी की अमेरिकी यात्रा को लेकर राजनीतिक चर्चा जोरों पर

नई दिल्ली, प्रात: किरण

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सोमवार को तीन दिवसीय अमेरिकी दौरे से स्वदेश लौट आए हैं। राहुल गांधी का यह विदेशी दौरा काफी सुर्खियों में रहा। हालांकि, राहुल गांधी केवल तीन दिन के अमेरिकी दौरे पर गए थे। जिसके बाद सियासी गलियारों के साथ ही आम लोगों के बीच भी यह चर्चा होने लगी है कि आखिर 3 दिन को छोड़कर बाकी के दिनों में उन्होंने अमेरिका में क्या-क्या किया और किन-किन लोगों से मुलाकात की?



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने राहुल गांधी के अमेरिकी दौरे को लेकर फिर से सवाल उठाए हैं? अमित मालवीय के मुताबिक, राहुल गांधी 6 सितंबर को लंदन में थे और 15 सितंबर तक उन्होंने कुल 10 दिन विदेश में बिताए। लेकिन, सार्वजनिक कार्यक्रमों में केवल पांच घंटे ही हिस्सा लिया।

अमित मालवीय ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राहुल गांधी अपनी नौवीं विदेश यात्रा के बाद स्वदेश वापस आ गए हैं। वह 6 सितंबर को लंदन के लिए रवाना हुए और 16 सितंबर तक 10 दिन विदेश में बिताए। उन्होंने 9 सितंबर को अपने कार्यक्रमों (टेक्सास विश्वविद्यालय और भारतीय प्रवासियों के साथ मुलाकात, कुल मिलाकर 1.5 घंटे) और फिर 10 सितंबर को (जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय, भारतीय प्रवासियों, एक प्रेस वार्ता और चुनिंदा अमेरिकी सांसदों के साथ बातचीत, कुल मिलाकर 3.5 घंटे) का समय बिताया था।

उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए लिखा, इन पांच घंटों को छोड़कर, कोई नहीं जानता कि भारत के विपक्ष के नेता विदेशी धरती पर क्या कर रहे थे। उदाहरण के लिए, 11 से 15 सितंबर के बीच वह कहां थे? उन्होंने किन-किन लोगों से मुलाकात की? उनका स्वागत किसने किया? अमित मालवीय ने आखिर में लिखा, ह्ये संदिग्ध, गुप्त विदेश यात्राएं कई सवाल खड़े करती हैं, खासकर तब जब खबरें आ रही हैं कि उन्होंने संभवतः भारत के हितों के प्रतिकूल विदेशी एजेंसियों और ऑपरेटरों से मुलाकात की है।

इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी के अमेरिकी दौरे को लेकर कांग्रेस पार्टी से उनके पूरे कार्यक्रम का खुलासा करने की भी मांग की।

इससे पहले अमित मालवीय ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर अमेरिकी सांसद इल्हान उमर के साथ गठबंधन करने का भी आरोप लगाया था, जिन्हें उन्होंने भारत विरोधी आवाज बताया था। उनकी आलोचना भाजपा द्वारा गांधी के अंतरराष्ट्रीय संबंधों और राजनीतिक गठबंधनों पर सवाल उठाने के चल रहे प्रयासों को और आगे बढ़ाती है, जिसका अर्थ है कि इनका भारत के हितों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

अमित मालवीय की पोस्ट पर के के मित्तल नाम के यूजर ने प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, उनको बताना चाहिए क्योंकि वो एलओपी के जिम्मेदार पद पर हैं। बाला नाम के सोशल मीडिया हैंडल से लिखा गया, राहुल गांधी 8-10 सितंबर तक 3 दिवसीय अमेरिकी यात्रा पर गए थे। वे 6 सितंबर को लंदन के लिए रवाना हुए। कैमरे पर उनकी आखिरी उपस्थिति 10 सितंबर को थी। वे आज यानी 16 सितंबर को देश वापस लौटे। राहुल गांधी इतने दिनों तक कहां थे? अपने गुरु सोरोस से मिल रहे थे? कोई नहीं जानता!

योगी बाबा नाम के सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, पता नहीं क्या-क्या साजिश करके आया होगा सीआईए वालों के साथ। विवेक राय ने लिखा, उन्होंने विदेशों में भारत के खिलाफ नफरत फैलाई है और अब इसे देश के अंदर भी फैलाएंगे।

**क्राईम रिपोर्ट** घायलों को पिंडवाड़ा सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें सिरोही जिला अस्पताल रेफर किया गया...

# टैंकर और तूफान गाड़ी की टक्कर से 8 लोगों की मौत

सिरोही, प्रात: किरण

उदयपुर-पालनपुर फोरलेन हाईवे (एनएच-27) पर पिंडवाड़ा थाना क्षेत्र में कैंटल पुलिया के पास रविवार रात रॉन्ग साइड आ रही तूफान गाड़ी टैंकर से टकरा गई। हादसे में तूफान में सवार 8 लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए। तूफान गाड़ी में सवार सभी लोग उगनासार (उदयपुर) से सिरोही होते हुए पाली के नाकोड़ा मंदिर में मजदूरी करने के लिए जा रहे थे। कैंटल पुलिया के पास तूफान गलत साइड में जाकर सामने से आ रहे टैंकर से टकरा गई। पिंडवाड़ा थाना अधिकारी, पिंडवाड़ा डीएसपी भंवरलाल चौधरी और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। बुरी तरह क्षतिग्रस्त गाड़ी से घायलों को निकालने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। घायलों को पिंडवाड़ा सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें सिरोही जिला अस्पताल रेफर किया गया। सिरोही के एडिशनल एसपी प्रभु दयाल धानिया ने बताया कि तूफान गाड़ी रॉन्ग साइड में आ रही थी जो सामने से आ रहे टैंकर से टकरा गई। गाड़ी में 29 लोग सवार थे। इनमें से आठ की मौत हो गई। 16 लोग घायल हैं। पांच लोग सुरक्षित हैं। हादसे में सूरजमल (40), झाला और 6 अन्य की मौत हो गई। सिरोही जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र महात्मा ने बताया कि घायलों में करण (30), रोशन (30), कानीबाई (35), प्रमोद (35), केशुलाल (45), लक्ष्मी (25), सुगना (10), उरीबाई (50), भंवरलाल (38), राजू (24), रमेश (25), सुगता (16), रामलाल (22), मोहन (25), सुरेश (20) और लाली शामिल हैं। सभी उदयपुर के रहने वाले हैं। सांसद लुंबाराम चौधरी और पिंडवाड़ा विधायक समाराम गरासिया ने सिरोही जिला अस्पताल पहुंच कर घायलों के हालचाल जाने। सिरोही कलेक्टर अल्पा चौधरी ने बताया कि हाईवे खुल चुका है और स्थिति नियंत्रण में है। दो गंभीर घायलों को उदयपुर रेफर कर रहे हैं। हादसे की जांच करेंगे। भविष्य में ऐसे हादसे न हों, इसकी पूरी कोशिश करेंगे।

## बारावफात के जुलूस के दौरान तार की चपेट में आने से एक की मौत

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर जिले में बारावफात के जुलूस के दौरान बिजली का तार छुलने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने घटना की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने सोमवार को ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी के हवाले से बताया कि थाना बंडा अंतर्गत मुरादपुर गांव में बारावफात का जुलूस कुंवरपुर रति गांव में पहुंचा। उन्होंने बताया कि जुलूस में शामिल ट्रैक्टर ट्रॉली पर डीजे लगा हुआ था जिस पर एक व्यक्ति झंडा लिए खड़ा था। अधिकारी के अनुसार, इसी बीच बिजली की एक हाईटेंशन लाइन से झंडा छुल गया, जिसके चलते डीजे पर बैठे व्यक्तिओं के करंट लग गया। उन्होंने बताया कि मौके पर पुलिस बल मौजूद था जिसने तत्काल ही हादसे में घायल हुए तीन लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा, जिसमें नजीर (40) की मौत हो गई जबकि छोटे लल्ला तथा कासिम को गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी पुवायां पंकज पंत तथा उप जिलाधिकारी पुवायां मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि पुलिस एवं अधिकारी मौके पर हैं और जुलूस को कुशलता से संपन्न करा दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है एवं मौके पर पुलिस बल तैनात है।

## बलिया में पूर्व ग्राम प्रधान के बेटे की चाकू मारकर हत्या

बलिया। बलिया जिले के सुखपुरा थाना क्षेत्र में एक धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होकर घर लौट रहे पूर्व ग्राम प्रधान के बेटे की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। सुखपुरा थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) योगेंद्र सिंह ने सोमवार को बताया कि अपायल गांव में रविवार रात पूर्व ग्राम प्रधान शारदानंद सिंह के पुत्र जीतू सिंह (26) पर चाकू से हमला कर दिया गया। उन्होंने बताया कि परिजनों ने घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर देखकर वाराणसी रेफर कर दिया गया। वाराणसी ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गयी। एसएचओ ने बताया कि घटना के समय जीतू सिंह अपायल गांव स्थित मंदिर पर आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम से प्रसाद लेकर घर लौट रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसएचओ ने कहा कि इस मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर चार नामजद और दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धारा में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।




# पैलेट्रो लिमिटेड का आईपीओ खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** हमारा एक वैश्विक प्रौद्योगिकी व्यवसाय है और हमने एक व्यापक ग्राहक सहभागिता मंच यानी एम वीवा विकसित किया है जो किसी उद्यम या ब्रांड और उसके अंतिम उपयोगकर्ताओं के बीच ग्राहक-केंद्रित बातचीत को सशक्त बनाता है। हमारा प्लेटफ़ॉर्म उद्यमों को अपने ग्राहकों के व्यवहार और अंतिम उपयोगकर्ताओं के साथ उनके रिश्ते और संतुष्टि को बढ़ाने की ज़रूरतों को गहराई से समझने में सक्षम बनाता है। हमारा उपभोक्ता मंच एमवीवा 30 देशों में लगभग एक अरब उपभोक्ताओं के बीच दैनिक आधार पर प्रत्येक उद्यम के लिए भारी मात्रा में डेटा एकत्र और संसाधित करता है। एमवीवा ग्राहक सहभागिता प्लेटफ़ॉर्म में विभिन्न वर्टिकल समाधान शामिल हैं जो प्लेटफ़ॉर्म में सहजता से एकीकृत हैं और ऐसे उत्पाद पेश करते हैं जिनमें अभियान प्रबंधन समाधान, लॉयल्टी प्रबंधन समाधान, लीड प्रबंधन समाधान और डेटा मुद्रीकरण समाधान शामिल हैं। पैलेट्रो लिमिटेड ने 16 सितंबर, 2024 को आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के साथ सार्वजनिक होने की अपनी योजना की घोषणा की है। इसका लक्ष्य एनएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्टिंग के साथ फंड को ?55.98 करोड़ तक बढ़ाना है। यह इश्यू ?10 के अंकित मूल्य पर 27.99 लाख इक्विटी शेयरों तक का है।इश्यू के उद्देश्य (पैल्ट्रो आईपीओ उद्देश्य)ः कंपनी इश्यू से प्राप्त आय का उपयोग निम्नलिखित उद्देश्यों को पूरा करने के लिए करना चाहती हैः हमारी कंपनी की पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए; आईटी उपकरण, कंप्यूटर हार्डवेयर, सर्वर और अन्य सहायक उपकरणों की खरीद और स्थापना; सहायक कंपनी में निवेश;कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं का वित्तपोषण और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य। क्युमुलेटिव कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड पैलेट्रो लिमिटेड आईपीओ का बुक रनिंग लीड मैनेजर है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड इश्यू का रजिस्ट्रार है। पैलेट्रो लिमिटेड के लिए बाजार निर्माता श्री बाहुबली स्टॉक ब्रोकिंग है। श्री सुभाष मेनन ने कहा, हमें एनएसई इमर्ज के लिए अपने आगामी आईपीओ की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। हमारे प्लेटफॉर्म की विभिन्न बाजारों में मजबूत उपस्थिति है और हम अपनी तकनीक और उत्पादों को नए बाजारों में ले जाने के लिए उत्साहित हैं।

# अनिल अंबानी की कंपनी के हाथ लगा बड़ा ऑर्डर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी के मालिकाना हक वाली कंपनी रिलायंस पावर के शेयरों में रॉकेट सी तेजी आई है। रिलायंस पावर के शेयर सोमवार को 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 31.32 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी को एक बड़ा ऑर्डर मिला है। रिलायंस पावर को 500 एमडब्ल्यू/1000 एमडब्लूएच बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम का कॉन्ट्रैक्ट मिला है। कंपनी को यह ऑर्डर सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से मिला है। रिलायंस पावर ने यह कॉन्ट्रैक्ट एक प्रतिस्पर्धात्मक नीलामी के जरिए हासिल किया है। अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर के शेयरों में पिछले साढ़े 4 साल में 2671 पर्सेंट का तेज उछाल आया है। रिलायंस पावर के शेयर 27 मार्च 2020 को 1.13 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 16 सितंबर 2024 को 31.32 रुपये पर पहुंच गए हैं। अगर किसी व्यक्ति ने 27 मार्च 2020 को रिलायंस पावर के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते और अपने इनवेस्टमेंट को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में 1 लाख रुपये से खरीदे गए शेयरों की वैल्यू 27.71 लाख रुपये होती। रिलायंस पावर को मिला यह कॉन्ट्रैक्ट, सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के 1000 एमडब्ल्यू/2000 एमडब्लूएच स्टैंडअलोन बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम्स डिवेलप करने से जुड़ी महत्वाकांक्षी पहल का हिस्सा है।

# अब केन्या में भी बिजली का बिजनेस करेंगे अडानी, मिला भारी-भरकम प्रोजेक्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के दिग्गज कारोबारियों में शुमार गौतम अडानी अपने बिजनेस को देश ही नहीं बल्कि दुनिया में भी तेजी से फैला रहे हैं। हाल ही में अडानी समूह ने केन्या में एयरपोर्ट बिजनेस के लिए नई कंपनी बनाई है। वहीं, अब खबरें आ रही हैं कि अडानी ग्रुप केन्या में बिजली का भी बिजनेस करेंगे। जानकारी के मुताबिक, उन्हें केन्या में बिजली का बड़ा प्रोजेक्ट मिला है।



## राष्ट्रपति के सलाहकार ने दी जानकारी

एक रिपोर्ट के अनुसार, अडानी समूह को केन्या में पावर ट्रांसमिशन लाइन बिछाने का बड़ा ठेका मिला है। रिपोर्ट में यह जानकारी केन्या के राष्ट्रपति के एक आर्थिक सलाहकार के हवाले से दी गई है। उसमें कहा गया है कि भारत के अडानी समूह और अफ्रीकन डेवलपमेंट बैंक की एक यूनिट को केन्या में पावर ट्रांसमिशन लाइन बिछाने का ठेका दिया गया है। यह ठेका पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप कंसेशन के तहत दिया गया है। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो के मुख्य आर्थिक सलाहकार डेविड नडी के अनुसार, पावर ट्रांसमिशन लाइन बिछाने का पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप कंसेशन 1.3 बिलियन डॉलर का है। उन्होंने कहा है कि सरकार ने केट्राको के जरिए अडानी और अफ्रीका50 को नई ट्रांसमिशन लाइनें तैयार करने का पीपीपी कंसेशन दिया है।

## अडानी या अफ्रीकन बैंक की नहीं आई टिप्पणी

सलाहकार के अनुसार, अडानी और अफ्रीका50 के द्वारा प्रोजेक्ट टीम की हायरिंग की जा रही है। अफ्रीका50 अफ्रीकन डेवलपमेंट बैंक की एक इकाई है, जो बुनियादी संरचना से जुड़ी परियोजनाओं में निवेश करती है। उन्होंने साथ ही लिखा है कि इन नई ट्रांसमिशन लाइन की लागत 1.3 बिलियन डॉलर होगी, जो केन्या को कर्ज नहीं लेना होगा। हालांकि अभी इस प्रोजेक्ट के बारे में अफ्रीकन डेवलपमेंट बैंक या अडानी की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

## एयरपोर्ट के लिए बनाई गई ये कंपनी

अडानी समूह पहले से ही केन्या में कारोबार के विस्तार को लेकर चर्चा में है। समूह ने केन्या में एयरपोर्ट चलाने के लिए हाल ही में एक नई कंपनी बनाई है, जिसका नाम एयरपोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। बताया जा रहा है कि अडानी की इस कंपनी को केन्या की राजधानी में स्थित नैरोबी एयरपोर्ट का ऑपरेशन संभालने का काम मिलने वाला है। हालांकि स्थानीय स्तर पर इस योजना को विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

## अडानी पावर, अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयर चढ़े

अडानी समूह को महाराष्ट्र में लंबी अवधि के लिए 6,600 मेगावाट की नवीकरणीय और ताप बिजली आपूर्ति का ठेका मिलने के बाद सोमवार को अडानी पावर के शेयर में लगभग आठ प्रतिशत की उछाल आई। इस ठेके के लिए समूह की 4.08 रुपए प्रति यूनिट की बोली ने जेएसडब्ल्यू एनर्जी और टोरेंट पावर जैसी कंपनियों को पीछे छोड़ दिया। बीएसई पर अडानी पावर का शेयर 7.53 प्रतिशत बढ़कर 681.30 रुपए पर पहुंच गया। एनएसई पर यह 7.59 प्रतिशत बढ़कर 681.55 रुपए पर कारोबार कर रहा था। अडानी ग्रीन एनर्जी का शेयर भी बीएसई पर 7.39 प्रतिशत बढ़कर 1,920 रुपए पर पहुंच गए। एनएसई पर यह 7.25 प्रतिशत बढ़कर 1,918 रुपए पर था।

# खाद्य तेलों पर आयात शुल्क में 20 प्रतिशत का इजाफा त्योहारों के दौरान जायका बिगाड़ेगा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने कच्चे और रिफाइंड खाद्य तेल पर लगने वाले आयात शुल्क को 20 प्रतिशत बढ़ा दिया है। पाम ऑयल, सोया ऑयल और सूरजमुखी तेल पर सीमा शुल्क बढ़ने से त्योहारों से पहले इनकी कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका बढ़ गई है। इसका असर त्योहारी सीजन के दौरान सीधे आम लोगों के जायके पर पड़ेगा। अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ का कहना है कि इस फैसले से किसानों को राहत मिलेगी और उनकी कमाई भी बढ़ेगी, लेकिन दूसरी ओर आम जनता पर इसका बोझ बढ़ेगा। इससे पहले भी सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए सोयाबीन की खरीदारी समर्थन मूल्य पर खरीदने का निर्देश दिया था। अब 20 प्रतिशत तक आयात शुल्क बढ़ाने की कोई आवश्यकता यहां नजर नहीं आती है। इसके असर से खाद्य तेलों के भाव 15 से 22 प्रतिशत प्रति किलो तक बढ़ जाएंगे।

महासंघ के अनुसार इस फैसले से छोटे किसान तो नहीं बल्कि स्टॉक करने वाले बड़े व्यापारियों को अधिक फायदा होगा। पिछले एक से दो हफ्ते पहले खाद्य तेलों के दामों 10 से 12 प्रतिशत की वृद्धि पहले ही देखी जा चुकी है। जिसमें रिफाइंड ऑयल के दाम 10 प्रतिशत और सरसों का तेल 12 प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं। अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर ठक्कर बताते हैं कि इस साल देश भर में अच्छे मॉनसून की वजह से चार राज्यों महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और तेलगांना में सोयाबीन की अच्छी फसल होने की उम्मीद है। वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोयाबीन के सबसे बड़े उत्पादक देश अर्जेंटीना और ब्राजील तथा अमेरिका में भी फसल अच्छी आने की संभावना है। रूस और यूक्रेन द्वारा सूरजमुखी के तेल बेचने की होड़ के चलते खाद्य तेलों के दाम नीचे आ गए थे।

# एक साल में दोगुने से ज्यादा कर दिया पैसा, रिन्यूएबल एनर्जी से जुड़ी कंपनियों के शेयरों ने किया कमाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिन्यूएबल एनर्जी से जुड़े स्टॉक्स निवेशकों को मालामाल कर रहे हैं। कई कंपनियों के शेयरों में निवेशकों को एक साल में ही दोगुने से ज्यादा रिटर्न दे दिया है। कई शेयर तो ऐसे हैं जिनका रिटर्न एक साल में तीन गुने से भी ज्यादा रहा है। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि देश में रिन्यूएबल एनर्जी (अक्षय ऊर्जा) सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है। सरकार भी इस सेक्टर के जरिए बिजली पैदा करने के लिए कई योजनाएं चला रही है। साथ ही इस क्षेत्र से जुड़े उद्योगों को भी पूरा सहयोग दे रही है। रिन्यूएबल एनर्जी में भारत दुनिया में अग्रणी है। साथ ही इसमें लगातार आगे बढ़ रहा है। इसी वजह से इस सेक्टर से जुड़ी कंपनियां भी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और इनके शेयर में तेजी आ रही है। इस कंपनी ने निवेशकों को छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। इसने एक साल में निवेशकों को करीब 397 फीसदी रिटर्न दिया है। अभी इस कंपनी के एक शेयर की कीमत 244.54 रुपये है। एक साल पहले अगर आपने इसमें एक साल रुपये निवेश किए होते तो आज इनकी वैल्यू करीब 4 लाख रुपये हो चुकी होती। यानी आपको एक साल में करीब 3 लाख रुपये का फायदा हो चुका होता।

# अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर निर्णय, वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर निर्णय से तय होगी। इसके साथ ही वैश्विक आर्थिक आंकड़े और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार की दिशा निर्धारित करेंगी, ऐसा विश्लेषकों का मानना है। भारतीय शेयर बाजार के लिए पिछले सप्ताह महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि बृहस्पतिवार को निफ्टी और सेंसेक्स दोनों अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गए। बीएसई के 30 शेयरों वाला सेंसेक्स पहली बार 83,000 अंक को पार किया।



स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, इस सप्ताह का सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक होगी, जो 18 सितंबर को होगी। इसमें ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की संभावना है, हालांकि कुछ बाजार भागीदार आधा प्रतिशत की कटौती की उम्मीद कर रहे हैं। यह कदम वैश्विक बाजारों के लिए सकारात्मक संकेतक हो सकता है, विशेषकर उभरते बाजारों जैसे भारत के लिए। इससे डॉलर कमजोर होगा और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में कमी आएगी, जिससे भारतीय शेयर बाजार में एफआईआई का प्रवाह बढ़ेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि जापान के मुद्रास्फीति आंकड़े और बैंक ऑफ जापान (बीओजे) की मौद्रिक नीति की घोषणा भी महत्वपूर्ण रहेगी। विदेशी संस्थागत निवेशकों का प्रवाह, भू-राजनीतिक घटनाक्रम और कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण होंगे।

मास्टर कैपिटल सर्विसेज लि. की निदेशक पल्का अरोड़ा चोपड़ा ने कहा, बाजार की दिशा प्रमुख घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से तय होगी, जैसे कि भारत की थोक मुद्रास्फीति, अमेरिका का औद्योगिक उत्पादन, अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर निर्णय और अमेरिका के बेरोजगारी दावों के आंकड़े।

बीते सप्ताह, बीएसई का सेंसेक्स 1,707.01 अंक (2.10 प्रतिशत) और निफ्टी 504.35 अंक (2.02 प्रतिशत) बढ़ा। रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, यह सप्ताह महत्वपूर्ण है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक का ब्याज दर निर्णय 18 सितंबर को होगा। घरेलू स्तर पर, बाजार भागीदारों की नजर थोक मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी कोषों के प्रवाह पर होगी।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने बताया, पिछले सप्ताह एफआईआई ने लगातार लिवाली की। दो प्रमुख कारण हैं कि एफआईआई ने अपनी रणनीति को बदल दिया हैः एक, अमेरिका में दरों में कटौती की संभावना और दूसरा, भारतीय बाजार की मजबूती।

# स्वास्थ्य बीमा पर टैक्स की दर की समीक्षा होगी, मंत्रियों के समूह का गठन; 30 अक्तूबर तक रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक में 13 सदस्यीय मंत्रिसमूह (जीओएम) का गठन किया गया है। रविवार को हुई जीएसटी परिषद की बैठक में स्वास्थ्य और जीवन बीमा उत्पादों के प्रीमियम पर जीएसटी दर का सुझाव देने के लिए मंत्रिसमूह को 30 अक्तूबर तक का समय दिया गया है। जीओएम के संयोजक बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी होंगे। समूह में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल, कर्नाटक, राजस्थान,




आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, पंजाब, मेघालय, गोवा, और गुजरात के सदस्यों को भी शामिल किया गया है। इससे पहले बीते 9 सितंबर को जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में जीवन और चिकित्सा बीमा पर जीएसटी के वर्तमान कर ढांचे की जांच और समीक्षा का फैसला लिया गया था।

बीमा प्रीमियम पर टैक्स कितना लगेगा या इसे कर मुक्त किया जाएगा, इस संबंध में अंतिम फैसला परिषद की नवंबर में होने वाली बैठक में होने की पूरी संभावना है। बैठक जीओएम रिपोर्ट के आधार पर आयोजित की जाएगी। मंत्रिसमूह वरिष्ठ नागरिकों, मध्यम वर्ग, मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य / चिकित्सा बीमा पर टैक्स दर को लेकर सुझाव भी देगा। टर्म इंश्योरेंस, निवेश योजनाओं के साथ जीवन बीमा (चाहे व्यक्तिगत हो या समूह) और पुनर्बीमा सहित जीवन बीमा पर लगने वाली कर की दरों की भी समीक्षा होगी।

बता दें कि पश्चिम बंगाल सहित कुछ राज्यों ने स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी से पूरी तरह छूट की मांग की थी। इसमें अधिकांश राज्यों में विपक्षी राजनीतिक दलों का शासन है। कुछ राज्यों ने टैक्स घटाकर पांच फीसदी करने का सुझाव दिया। परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भी जुलाई में इस मुद्दे पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखा था। उन्होंने कहा था कि जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी लगाना सही नहीं है। वित्त वर्ष 2023-24 में, केंद्र और राज्यों ने स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी के माध्यम से 8,262.94 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया था। स्वास्थ्य पुनर्बीमा प्रीमियम पर जीएसटी के कारण 1,484.36 करोड़ रुपये एकत्र किए गए थे।

# सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं हेतु नए राइस-बेस्ड सॉल्यूशंस के साथ प्रोडक्ट रेंज का विस्तार किया

**मुंबई, एजेंसी।** सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड (बीएसईः 543688, एनएसईः सर्वेश्वर), जम्मू स्थित कृषि-खाद्य क्षेत्र में एक उभरती हुई कंपनी, यह घोषणा करते हुए प्रसन्न है कि वह स्वास्थ्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं के लिए नए राइस-बेस्ड सॉल्यूशंस के साथ प्रोडक्ट रेंज का विस्तार करेगी, सर्वेश्वर फूड स्वस्थ, सुविधाजनक और डाइवर्स फ़ूड ऑप्शंस की बढ़ती मांग द्वारा, सर्वेश्वर फूड के एक हिस्से के रूप में नए उत्पादों की एक सीरीज पेश कर रहा है, जिसे मज़बूत नई प्रोडक्ट डेवलपमेंट स्ट्रेटजी, जिसे न्यूट्रीशनल बेनिफिट्स और ऑथेंटिक कलिनरी (पाक) एक्सपीरियंस देते हुए अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को बढ़ाने और विस्तारित करने के लिए डिज़ाइन किया है।

1. टर्मरिक राइसः हल्दी के गर्म, मिट्टी जैसे स्वाद से भरपूर, यह चावल एक विशिष्ट जायका और जीवंत रंग जोड़ते हुए एंटी-इंफ्लेमेटरी बेनिफिट्स देता है। 2. स्पाइस मिक्स राइसः हाई-क्वॉलिटी राइस के साथ सुगंधित मसालों का एक स्वादिष्ट मिश्रण, एक मज़बूत स्वाद प्रोफ़ाइल देता है यह उन लोगों के लिए आदर्श है जो आसानी से तैयार होने वाले, सुविधाजनक, टेस्टी और फ्लैवरफुल भोजन का आनंद लेते हैं। 3. खिचड़ी राइसः पारंपरिक मसालों के साथ मसालेदार चावल और दाल का एक आरामदायक मिश्रण, पौष्टिक और जल्दी बनने वाले भोजन के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। यह उत्पाद प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट के संतुलित मिश्रण के साथ सुविधा को जोड़ता है। 4. वेजिटेबल राइसः इसमें मटर, गाजर और शिमला मिर्च सहित विभिन्न प्रकार की सब्जियों के साथ मिश्रित प्रीमियम राइस शामिल है, जो आसानी से तैयार होने वाला स्वस्थ भोजन विकल्प देता है। 5. ब्लैक राइसः यह अपने समृद्ध एंटीऑक्सीडेंट गुणों और गहरे रंग के लिए जाना जाता है, जैविक रूप से उत्पादित काला चावल पोषक तत्वों से भरपूर, थोड़ा पौष्टिक स्वाद प्रदान करता है, जो इसे विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के लिए एक स्वास्थ्यवर्धक एडीशन बनाता है।

सर्वेश्वर फूड लिमिटेड के चेयरमैन श्री रोहित गुप्ता ने कहा कि, नए उत्पाद विकास के लिए हमारी एप्रोच स्ट्रेटिजिक, फ्यूचरिस्टिक और कंज्यूमर-सेंट्रिक दोनों है। उन्होंने आगे कहा कि इन नए उत्पादों के साथ, हम अपनी प्रतिबद्धता को मज़बूत कर रहे हैं, जो मूल्य-संचालित, स्वास्थ्य जागरूक और सुविधाजनक भोजन समाधान व वर्तमान वैश्विक रुझानों के अनुरूप हैं

# सोने के रेट में बड़ा बदलाव, 1 ही दिन में चांदी के 2505 उछले भाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सर्राफा बाजारों में सोने-चांदी की रेट में आज बड़ा बदलाव नजर आ रहा है। चांदी अब एक लाख रुपये किलो से केवल 11395 रुपये दूरर रह गई है। वहीं सोने के भाव में आज 650 रुपये प्रति 10 ग्राम की बंपर तेजी है। आज 24 कैरेट सोना 73694 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। दूसरी ओर चांदी भी 88605 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई है।

आज 23 कैरेट गोल्ड का रेट 647 रुपये महंगा होकर ?73399 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। जबकि, 22 कैरेट गोल्ड 67504 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। आज इसमें 598 रुपये की उछाल दर्ज की गई है। 18 कैरेट गोल्ड के रेट में आज 488 रुपये की बढ़त है और यह ?55271 प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। वहीं, 14 कैरेट गोल्ड का भाव आज 380 रुपये मजबूत होकर 43111 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला।

## संक्षिप्त समाचार

### नारायण सेवा संस्थान का विशाल नि:शुल्क नारायण लिम्ब शिविर

**इंदौर।** उदयपुर राज. की प्रतिष्ठित संस्था नारायण सेवा संस्थान द्वारा नारायण लिम्ब एवं कैलिपर्स फिटमेंट शिविर फूटी कोठी, रिंग रोड,इंदौर स्थित दस्तूर गार्डन में आयोजित हुआ। संस्थान ने इस शिविर में एमपी प्रदेश के 766 से ज्यादा दिव्यांगों को अपर-लोवर कृत्रिम अंग और केलिपर्स लगाकर उनकी रुकी जिंदगी को फिर से गति दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद शंकर लालवानी , समाजसेवी पारस कटारिया, डॉ. रामचन्द्र माहेश्वरी , डॉ. मनोरमा माहेश्वरी अनिल भण्डारी,अनिल रांका , रमेश श्रीवास्तव, कैलाश गामा, किशोर कस्तूरिया, अमित जोशी एवं दीपक कोठारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का श्रीगणेश किया। सांसद लालवानी ने कहा संस्थान सैकड़ो किलोमीटर चलकर एमपी के दिव्यांगों का जीवन सुगम बनाने की भावना से यहाँ आई है जिसका मैं अभिनंदन करता हूँ। उन्होंने मंच से संस्थापक कैलाश मानव व अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल का मानव सेवा यज्ञ के लिए आभार प्रकट किया। सच में यह शिविर खुशी का ऐसा मौका था जहाँ कई बच्चों को वापिस बचपन मिला तो कुछ भाईयों की जवानी लौटी साथ ही सैकड़ों दिव्यांगों की बची उम्र चिंतामुक्त होकर रोशन हुई। प्रारम्भ में संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने मंचासीन मुख्य अतिथि लालवानी और सम्मानित अतिथियों का मेवाड़ी परम्परा से स्वागत किया और संस्थान की एक मुठ्ठी आटे से अब तक की सेवाओं से रूबरू कराया। संस्थान का 5 वर्षीय विजन भी प्रस्तुत किया गया। शिविर में स्थानीय संगठन श्रीअन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी सोशल ग्रुप, स्वर्णिम फाउंडेशन, अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति, सर्व ब्रह्माण समाज, श्वेतांबर जैन महासंघ, अखिल भारतीय विजयवर्गीय महिला संगठन, लायंस क्लब, सराफ़ा एसोसिएशन, गुजराती समाज सहित 21 से अधिक समाजसेवी संघ ने सेवाएं दी। जिन्हें संस्थान की ओर से प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

### इंदौर में पहली बार आयोजित होगा दादा साहेब फाल्के फैशन और लाइफस्टाइल अवॉर्ड




**इंदौर।** इंदौर में 21 सितंबर 2024 को दादा साहेब फाल्के फैशन आइकॉन लाइफस्टाइल अवॉर्ड एवं द ग्लोबल नेक्स्ट सिंगिंग स्टार सीजन 1 का आयोजन केके ब्रदर फिल्म के द्वारा होने जा रहा है। यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड शो इंदौर के पांच सितारा मैरियट होटल में आयोजित होगा। दादा साहब फालके फैशन आइकॉन × लाइफस्टाइल अवार्ड मैं नाममंकित होने के लिए संपर्क करें 99819 95221 , 95225 - 54040 अंतिम शेष दिन इस इवेंट की खास बात यह है कि इसके पिछले 3 संस्करण सफलता पूर्वक मुंबई के 7 सितारा होटल सहारा में आयोजित किए जा चुके है । इस बार इंदौर में बजरंगी भाईजान फेम हर्षाली मल्होत्रा, जिन्हें फिल्म में 'मुन्नी' के किरदार से पहचान मिली, वे मुख्य अतिथि के रूप में इस अवॉर्ड शो में शिरकत करेंगी। इस आयोजन का उद्देश्य फैशन और लाइफस्टाइल क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित करना है। हर्षाली मल्होत्रा, कुलदीप खरे , राजा रेंचो एवं कवि पंकज दीक्षित की उपस्थिति न केवल इस इवेंट का आकर्षण बढ़ाएगी, बल्कि युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन भी देगी। इस अवॉर्ड शो में बॉलीवुड से लेकर फैशन इंडस्ट्री तक के बड़े नाम शामिल होंगे। इवेंट का आयोजन के के ब्रदर्स फिल्म द्वारा किया जा रहा है, जो इंडस्ट्री में अपने सफल आयोजनों के लिए जाने जाते है। दादा साहेब फाल्के फैशन और लाइफस्टाइल अवॉर्ड 2024 में विभिन्न श्रेणियों के प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। कुछ प्रमुख कैटेगरी इस प्रकार हैं- इनके अलावा, सर्वश्रेष्ठ कॉलेज और स्कूल, और बिल्डर्स और डेवलपर्स की श्रेणियों में भी अवॉर्ड दिए जाएंगे। अवॉर्ड्स का मकसद समाज के हर उस व्यक्ति को पहचान और सम्मान देना है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल की है।

# हैदराबाद में दलबदलू विधायक के घर कड़ी सुरक्षा




**हैदराबाद, एजेंसी।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेताओं के संभावित आगमन के मद्देनजर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए रविवार को सेरिलिंगमपल्ली के विधायक और लोक लेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष अरेकापुडी गांधी के आवास पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। गांधी के आवास के आसपास लगभग 200 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। जिनकी पीएसी अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति ने विपक्षी बीआरएस और सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के बीच राजनीतिक तनाव पैदा कर दिया था। बीआरएस नेताओं द्वारा गांधी के आवास पर बैठक करने की योजना बनाने की खबरों के मद्देनजर किसी भी कानून और व्यवस्था की समस्या को रोकने के लिए पुलिस सतर्क रही।

कांग्रेस और बीआरएस के बीच जारी तनाव के बीच पुलिसकर्मियों की तैनाती से विवेकानंद नगर में गांधी के घर के आसपास रहने वाले लोगों को असुविधा हो रही है। गुरुवार को गांधी के समर्थकों द्वारा बीआरएस विधायक पी. कौशिक रेड्डी के घर पर हमले के जवाब में गांधी के घर पर इकट्ठा होने की उनकी योजना को विफल करने के लिए शुक्रवार को बीआरएस नेताओं को नजरबंद कर दिया गया था। कौशिक रेड्डी और गांधी के बीच तीखे वाकयुद्ध ने उस समय भयानक रूप ले लिया, जब गांधी अपने समर्थकों के साथ कोंडापुर में बीआरएस विधायक के घर पहुंचे और उन्हें बाहर आने की चुनौती दी।

जुलाई में बीआरएस से कांग्रेस में शामिल हुए गांधी ने यह कार्रवाई तब की, जब कौशिक रेड्डी ने घोषणा की कि वह गांधी के घर जाएंगे, बीआरएस का झंडा फहराएंगे और उन्हें बीआरएस का दुपट्टा भेंट करेंगे। करीमनगर जिले के हुजूराबाद से बीआरएस विधायक कौशिक रेड्डी ने गांधी के इस दावे के बाद चुनौती दी थी कि वह अभी भी बीआरएस के साथ हैं।

दलबदलू विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष द्वारा पीएसी अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति पर बीआरएस की आलोचना का जवाब देने के लिए यह दावा किया। कौशिक रेड्डी के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन के दौरान, गांधी के कुछ समर्थकों ने परिसर में घुसकर खिड़की के शीशे और फूलों के गमलों को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने गांधी और उनके समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया था। कौशिक रेड्डी की शिकायत पर पुलिस ने गांधी और अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया। उनके बेटे और मियापुर के पार्षद उप्पलपति श्रीकांत, पार्षद वेंकटेश गौड़ और अन्य को भी आरोपी के रूप में नामित किया गया था।

कौशिक रेड्डी ने आरोप लगाया कि गांधी और उनके अनुयायियों ने उनके घर के दरवाजे तोड़ दिए और पत्थर, टमाटर, अंडे और अन्य चीजों को फेंक कर तोड़फोड़ की। बीआरएस विधायक ने दावा किया कि भीड़ का इरादा उन्हें मारना था। इससे पहले, गांधी और 14 अन्य के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया गया था। इसमें उन पर गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने और आपराधिक साजिश का आरोप लगाया गया था। गुरुवार की घटना के बाद, कौशिक रेड्डी ने घोषणा की थी कि जवाबी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शुक्रवार को गांधी के घर पर बीआरएस नेताओं और कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित करने की घोषणा की थी। हालांकि, पुलिस ने कौशिक रेड्डी और अन्य बीआरएस नेताओं को नजरबंद कर उनकी योजना को विफल कर दिया।

## कर्नाटक के बेलगाम में 8 वाहनों के बीच टक्कर, चार की मौत

**बेलगाम , एजेंसी।** कर्नाटक के बेलगाम में भीषण सड़क हादसा हुआ। जहां निप्पानी स्थवनिधि घाट के पास 8 वाहन एक के बाद एक टकराते चले गए। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 6 की हालत गंभीर बताई गई। मृतकों में दो बाइक सवार और दो कार सवार लोग शामिल थे। घटनास्थल की तस्वीरें सामने आई हैं। जिसमें टैंकर के नीचे कार बुरी तरह फंसी हुई देखी जा सकती है। कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त दिख रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे की वक्त चीख पुकार मच गई। कुछ पलों में ही सिलसिलेवार तरीके से वाहन टकराते चले गए। तुरंत पुलिस को सूचित किया गया।



मौके पर पहुंची पुलिस के मुताबिक कंटेनर वाहन के चालक की लापरवाही से तीन कार, दो लॉरी, एक कंटेनर और बाइक चपेट में आ गई। निप्पानी के अस्पताल में घायलों का इलाज जारी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। यह मामला निप्पानी शहर थाना क्षेत्र का है।

जान गंवाने वाले लोगों की पहचान संतोष गणपति माने, रेखा गादीवद्दर, जबीन मनकादरा और दिलादारा मुल्ला के रूप में हुई है। मृत गणपति और रेखा बाइकर्स थे, वहीं जबीन और दिलादारा वैगनार के यात्री थे। वहीं एक अन्य मामले में तुमकुर जिले के मधुगिरि के बाहरी इलाके जादेगोंडानहल्ली के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान गौतम (26) और बंदरहल्ली के अनिल (26) के रूप में हुई है। यह मामला जिले के मधुगिरी थाना क्षेत्र का है। मधुगिरी थाने के पीएसआई विजय कुमार ने घटनास्थल पर जाकर निरीक्षण किया।

## नितिन गडकरी को पीएम पद का ऑफर देना गलत नहीं: संजय राउत





**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के कई महीने बाद केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के एक नेता ने उन्हें पीएम पद का ऑफर दिया था। उनके इस बयान के बाद राजनीति गरमा गई है। शिवसेना नेता संजय राउत ने रविवार को इस पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, नितिन गडकरी भाजपा के सबसे सर्वमान्य नेता हैं और मुझे नहीं लगता कि किसी ने उनसे प्रधानमंत्री पद के लिए पैरवी करने को कहा होगा। जिस तरह से इस देश में तानाशाही चल रही है और जिस तरह से दस साल पहले आपातकाल की शुरुआत हुई थी। उन्हें अगर यह सलाह किसी ने दी है, विपक्ष के किसी नेता ने दी है तो मुझे इसमें कुछ भी गलत नहीं लगता। संजय राउत ने कहा, मुझे लगता है कि अगर कोई मौजूदा सरकार में रहते हुए भी इस देश के मूल्यों, लोकतंत्र, न्यायपालिका और स्वतंत्रता से नहीं जुड़ता है, तो यह राष्ट्रीय अपराध है। नितिन गडकरी ने हमेशा इन सबके खिलाफ बोला है, आवाज उठाई है और अपने विचार व्यक्त किए हैं । इसलिए अगर विपक्ष के किसी बड़े नेता ने, जिनका वह बहुत सम्मान करते हैं, उन्हें कुछ सलाह दी है, तो इसमें दुखी होने की जरूरत नहीं है । जगजीवन राम ने इन्हीं मूल्यों के कारण 1977 में कांग्रेस पार्टी छोड़ दी थी और इंदिरा गांधी की हार हुई थी। अगर देश में आजादी, लोकतंत्र और न्यायपालिका को बनाए रखना है, तो सत्ता में बैठे कुछ लोगों की बलि देकर आजादी हासिल करनी होगी । आपको बता दें कि नितिन गडकरी ने यह खुलासा लोकसभा चुनाव संपन्न होने के करीब 3 महीने बाद किया है। उन्होंने यह खुलासा शनिवार को नागपुर में पत्रकारिता पुरस्कार समारोह के दौरान किया । हालांकि, 21 अगस्त 2023 को शिवसेना (यूबीटी) नेता विनायक राउत का एक बयान सामने आया था।

### सीट बंटवारे को अगले 8 से 10 दिन में अंतिम रूप दे दिया जाएगा: शिंदे

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की तैयारियां जारी हैं। हालांकि, अब तक इसीआइ यानी भारत निर्वाचन आयोग ने अब तक तारीखों का ऐलान नहीं किया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने संकेत दे दिए हैं कि चुनाव नवंबर में हो सकते हैं। राज्य में शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की गठबंधन की सरकार है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे ने रविवार को कहा कि राज्य विधानसभा चुनाव नवंबर के दूसरे सप्ताह में होने की संभावना है और सत्तारूढ़ सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे को अगले 8 से 10 दिन में अंतिम रूप दे दिया जाएगा। शिंदे ने मुंबई में अपने आधिकारिक आवास 'वर्षा' में संवाददाताओं से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि 288 सदस्यीय राज्य विधानसभा के लिए दो चरणों में चुनाव कराना बेहतर रहेगा।

# कोई भी बाइडेन और कमला की हत्या की कोशिश नहीं कर रहा: मस्क



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर कथित हत्या के प्रयास की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए एलन मस्क ने एक विवादास्पद बयान दिया। उन्होंने सवाल किया, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस पर हत्या का कोई प्रयास क्यों नहीं किया जा रहा है?

रविवार को ट्रंप पर दूसरी बार हत्या का प्रयास किया गया, जब फ्लोरिडा में एक गोल्फ कोर्स के बाहर गोलियां चलाई गई, जहां वो गोल्फ खेल रहे थे। एफबीआई ने कहा कि फ्लोरिडा में उन पर कथित तौर पर हत्या का प्रयास किया गया था। रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के अभियान और कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने बताया कि वह सुरक्षित और स्वस्थ हैं।

एक एक्स यूजर के सवाल, वे डोनाल्ड ट्रंप को क्यों मारना चाहते हैं? का जवाब देते हुए टेस्ला के सीईओ ने लिखा, और कोई भी बाइडेन/कमला की हत्या करने की कोशिश नहीं कर रहा है। टेस्ला और स्पेसएक्स के प्रमुख ट्रंप समर्थक हैं और अक्सर उनके पक्ष में पोस्ट लिखते रहे हैं। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने पुष्टि की है कि उसके एक या अधिक एजेंटों ने ट्रंप के गोल्फ कोर्स की सीमा के पास एक बंदूकधारी पर गोलियां चलाई और एक वीडियो कैमरे के साथ एक एके-47 स्टाइल राइफल बरामद की गई। अधिकारियों के अनुसार, अभी भी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि रयान वेस्ले राउथ नामक बंदूकधारी ने पूर्व राष्ट्रपति की ओर गोली चलाई थी या नहीं, लेकिन सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने गोल्फ कोर्स में झाड़ियों में छिपे संदिग्ध पर गोली चलाई थी। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ने कहा कि अधिकारियों को झाड़ियों में एक एके-47 राइफल भी मिली, जो उस स्थान के बेहद करीब थी जहां से ट्रंप निकल रहे थे। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, फिर से दोस्तों! फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में ट्रंप गोल्फ कोर्स में गोलीबारी हुई। स्थानीय कानून प्रवर्तन के अनुसार, झाड़ियों में एक एके-47 पाया गया। ट्रंप की हत्या की कोशिश पेंसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली में गोली लगने के दो महीने बाद हुई है। तब उनके दाहिने कान में मामूली चोट आई थी। हमलावर को सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत गोली मार दी थी। व्हाइट हाउस ने एक बयान जारी कर कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, जो नवंबर चुनावों में ट्रंप की डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी थी, दोनों को इस घटना के बारे में जानकारी दे दी गई है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक बयान में कहा, हमारे देश में राजनीतिक हिंसा या किसी भी प्रकार की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है।

## कभी हार नहीं मानूंगा- जानलेवा हमले के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने तोड़ी चुप्पी, कहा- अमेरिकन होने पर गर्व



**वाशिंगटन, एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुद पर हुए जानलेवा हमले के बाद कहा है कि उन्हें अमेरिकन होने पर गर्व है। ट्रंप ने पुष्टि की है कि वे सुरक्षित हैं और ठीक हैं। इससे पहले फ्लोरिडा में अपने कोर्स पर गोल्फ खेलते समय रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप पर एके-47 रायफल से हमला हुआ। ट्रंप से महज 400-500 गज की दूरी पर ताबड़तोड़ गोलियां चलने लगी। हालांकि सीक्रेट सर्विस ने ट्रंप की जान बचाने में कामयाबी हासिल की। एफबीआई ने इसकी पुष्टि की है कि यह हमला ट्रंप की हत्या का प्रयास था। आरोपी फिलहाल अधिकारियों की गिरफ्त में है। ट्रुथ सोशल पर एक लंबी पोस्ट में ट्रम्प ने कहा, मेरे आस-पास गोलीबारी की आवाज़ें आ रही थीं लेकिन अफ़वाहों के फैलने से पहले, मैं यह बताना चाहता था कि मैं सुरक्षित और स्वस्थ हूं। कोई भी चीज़ मुझे रोक नहीं सकती। मैं कभी हार नहीं मानूंगा। ट्रंप ने आगे कहा, मुझे समर्थन देने के लिए मैं प्यार। एकता। शांति। अमेरिका को फिर से महान बनाते हैं।

**सीक्रेट सर्विस की तारीफ:** ट्रंप ने यूएस सीक्रेट सर्विस, शेरिफ़ रिक ब्रैडशॉ और सभी कानून प्रवर्तन को उन्हें सुरक्षित रखने के लिए एक बेहतरीन काम करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, जो काम किया गया वह बिल्कुल शानदार था। मुझे एक अमेरिकी होने पर बहुत गर्व है।

**यूक्रेन का कट्टर समर्थक है आरोपी:** शुरुआती रिपोर्ट से पुष्टि हुई है कि कई सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने गोल्फ कोर्स की प्रॉपर्टी लाइन के पास झाड़ियों में एक बंदूकधारी पर गोली चलाई जब उसे ट्रंप के खेलने के स्थान से कुछ सौ गज की दूरी पर देखा गया। संदिग्ध की पहचान रयान राउथ के रूप में हुई है जो यूक्रेन का कट्टर समर्थक है और डेमोक्रेट है। इस बीच ट्रम्प की गतिविधियों से जुड़े एक शख्स के मुताबिक ट्रम्प सुरक्षित हैं और पाम बीच में अपने निजी क्लब में लौट आए हैं।

# हूतियों का इस्राइल पर पहली बार बैलिस्टिक मिसाइल से हमला, आयरन डोम भी हुआ फेल



**येरूशलम, एजेंसी।** ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने सभी को चौंकाते हुए इस्राइल पर पहली बार बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है। खास बात ये है कि इस्राइल का आयरन डोम और अन्य एयर डिफेंस सिस्टम इस बैलिस्टिक मिसाइल के सामने बेअसर साबित हुए। हालांकि गनीमत ये रही कि इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ और यह मिसाइल एक खुले मैदान में गिरी। हूती विद्रोहियों के इस हमले से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने धमकी देते हुए कहा है कि इस हमले के लिए हूती विद्रोहियों को बड़ी कीमत चुकानी होगी।

**बैलिस्टिक मिसाइल के हमले में इस्राइल का आयरन डोम भी हुआ फेल:** हूती विद्रोहियों के प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा है कि हूतियों ने इस्राइल पर हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है, जिसने महज साढ़े 11 मिनट में 2040 किलोमीटर की दूरी तय की। इस्राइली सेना ने दावा किया है कि यह मिसाइल संभवतः हवा में ही तबाह हो गई और इसके टुकड़े खेतों और रेलवे स्टेशन के पास मिले थे। हमला स्थानीय समय के अनुसार, सुबह 6.35 बजे हुआ। हमले के चलते तेल अवीव और पूरे मध्य इस्राइल में सायरन बजने लगे थे, जिससे लोग सुरक्षित स्थानों पर छिप गए। हैरानी की बात ये है कि इस्राइल का एयर डिफेंस सिस्टम आयरन डोम भी इस हमले को रोकने में नाकाम रहा।

**नेतन्याहू बोले- हूतियों को इस हमले की भारी कीमत चुकानी होगी:** वहीं हूतियों के हमले पर इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों को इस हमले की भारी कीमत चुकानी होगी। नेतन्याहू ने कहा कि होदेदा बंदरगाह पर हमले की याद दिलाने की जरूरत नहीं है। उल्लेखनीय है कि जुलाई में भी हूती विद्रोहियों ने इस्राइल पर ड्रोन हमला किया था। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हुई थी। इसके बाद इस्राइल ने हूती विद्रोहियों पर यमन के होदेदा बंदरगाह के पास हवाई हमले किए थे, जिसमें हूती विद्रोहियों को काफी नुकसान हुआ था। इस्राइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद से ही हूती विद्रोही गाजा के समर्थन में लगातार इस्राइल और लाल सागर में इस्राइली जहाजों को निशाना बना रहे हैं। वहीं सीरिया ने भी एक बयान में कहा है कि भविष्य में इस्राइल पर हमले बढ़ेंगे क्योंकि इस्राइल हमास युद्ध को अक्तूबर में एक साल पूरा हो रहा है।

## तीन साल की बच्ची ने पियानो के साथ गाया टाइटैनिक का गीत, पूरी दुनिया हो गई दिवानी !

**लंदन, एजेंसी।** सोशल मीडिया पर 3 तीन साल की बच्ची के एक वीडियो ने धूम मचा रखी है। इस वीडियो में एंजेलिका नीरो नाम की यह बच्ची पियानोवादक एमिल रीनर्ट के साथ मिलकर टाइटैनिक फिल्म का मशहूर गाना 'माई हार्ट विल गो ऑन' गा रही है। इस वीडियो को अब तक 20 करोड़ से अधिक बार देखा जा चुका है। वीडियो में, एंजेलिका पियानोवादक के पास जाकर उन्हें प्यार से इस क्लासिक गाने को बजाने के लिए कहती है। जैसे ही पियानो की धुन शुरू होती है, उसकी आंखों में खुशी की चमक स्पष्ट होती है और वह गाने लगती है। इस खूबसूरत और मनमोहक क्षण ने न केवल पास के लोगों का ध्यान खींचा, बल्कि सोशल मीडिया पर भी जबरदस्त प्रतिक्रियाएं प्राप्त की हैं। एंजेलिका की आवाज, उसका गाना तरीका और उसकी मुस्कान इतनी आकर्षक है कि सुनने वाले मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। पियानोवादक रीनर्ट ने इस वायरल पोस्ट के कैप्शन में लिखा, यह एक अविश्वसनीय और प्यारा क्षण था जब इस तीन वर्षीय गायिका ने मुझसे टाइटैनिक का गाना गाने के लिए कहा। यह गाना 1997 की फिल्म टाइटैनिक का थीम सॉन्ग है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129